जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-178 ▶ मुंबई, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य




रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी, फिर सस्ते में ढेर

...पेज 11





NICE INSURANCE LANDMARK

इंश्योरेंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !

- मेडीक्लेम केशलेस
- ज्वेलर्स इंश्योरेंस
- लाईफ इंश्योरेंस
- म्युचल फंड

40 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A

चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में

11000 से अधिक क्लेम का समाधान

9869050031 / 9869230444

www.niceinsure.com


## आईफोन-एंड्रॉयड पर अलग-अलग किराया

# ओला और उबर को केन्द्र का नोटिस

**नई दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के जरिए गुरुवार को कैब एग्रीगेटर्स ओला और उबर को अलग-अलग मूल्य निर्धारण को लेकर नोटिस जारी किया। यह एक ज्वलंत मुद्दा है, जिसे कई ग्राहकों ने इन कैब एग्रीगेटर्स के खिलाफ उठाया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने अलग-अलग मोबाइलों, यानी एंड्रॉयड और/या आईफोन पर अलग-अलग कीमतों के दावों के बाद सोशल मीडिया एक्स पर यह बात साझा की। सरकार ने इस संबंध में इन कैब एग्रीगेटर्स से जवाब मांगा है।**




केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने एक्स पर लिखा, "विभिन्न मोबाइल मॉडल (आईफोन/एंड्रॉइड) के आधार पर अलग-अलग मूल्य निर्धारण के बारे में पहले की गई टिप्पणी के बाद, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से प्रमुख कैब एग्रीगेटर्स ओला और उबर को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है।" ताजा घटनाक्रम जोशी की पिछले महीने की चेतावनी के बाद आया है। जिसमें उन्होंने कहा था कि "उपभोक्ता शोषण को लेकर जीरो टॉलरेंस बरती जाएगी।" उन्होंने सीसीपीए से इन आरोपों की गहन जांच करने को भी कहा है।

### ओला-उबर पर अलग-अलग किराया

पिछले महीने एक चौंकाने वाली थ्योरी ने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया था। क्या राइड-हेलिंग एप एक ही राइड के लिए आईफोन यूजर्स से एंड्रॉयड यूजर्स की तुलना में ज्यादा पैसे ले रहे हैं? सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस बारे में अपने अनुभव साझा किए। हालांकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कई किए गए परीक्षणों से पता चला कि इस दावों के पीछे सिर्फ षड्यंत्र का सिद्धांत नहीं हो सकता है।

## दावोस में महाराष्ट्र का दबदबा

# महाराष्ट्र बनेगा डेटा सेंटर की राजधानी : फडणवीस

**मुंबई।** दावोस में वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम के भारत पवेलियन में महाराष्ट्र का ही प्रमुखता से बोलबाला रहा। इसके चलते महाराष्ट्र ने विभिन्न वैश्विक कंपनियों के साथ 15 लाख 75 हजार करोड़ रुपए के रिकॉर्ड निवेश समझौते किए। इन समझौतों से राज्य में 15 लाख 98 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दावोस में वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम में भाग लेने का अवसर प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दावोस में निवेश के 54 और नीतिगत सहयोग के 7, इस प्रकार कुल 61 समझौते हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र अब डेटा सेंटर की राजधानी बनेगा।



▪ 15 लाख 75 हजार करोड़ रुपये के समझौते, 16 लाख रोजगार सृजन

डेटा को उन्होंने नए युग का 'तेल' बताया और कहा कि इस क्षेत्र में तेज़ी से वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने आज दावोस में पत्रकारों से बातचीत की।

### दावोस में दिखा सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री ने शुरुआत में हिंदुहृदयसम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दावोस में भारत के अन्य छह राज्यों के साथ वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम में भाग लेने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दावोस में भारत के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हो पाया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 'कंट्री डायलॉग' सत्र में उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों के साथ सहभाग लिया। उन्होंने अपने-अपने राज्यों की ताकत, विकास की योजनाएं और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। एक भारत के रूप में सहमति व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया। उन्होंने जल संरक्षण और जलयुक्त शिवार अभियान के तहत राज्य में अपनाई गई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभरा है और महाराष्ट्र ने अपनी क्षमता साबित की है।

### 65% निवेश सफलतापूर्वक कार्यान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में हुए निवेश समझौतों का 65% से अधिक निवेश सफलतापूर्वक कार्यान्वित हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले साल तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में किए गए 95% समझौतों को लागू किया गया।

## मौनी अमावस्या | अमृत स्नान की तैयारियां

# 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

**प्रयागराज।** महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान होगा। मेला प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ-साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है।

### मौनी अमावस्या पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे संगम में डुबकी



### अब तक 9.73 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे

प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर आज 23.22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। अब तक 9.73 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया है। एएनआई ड्रोन कैमरे से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 का विहंगम दृश्य दिखाया गया।

### अमित शाह 27 को जाएंगे महाकुंभ

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महा कुंभ आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सदभाव और एकता का संदेश नहीं देता है। शाह ने कहा कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने महाकुंभ में आएंगे।



## पीएम गति शक्ति

# लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचा होगा मजबूत

**नई दिल्ली।** देश में लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्त मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति पहल के तहत 434 परियोजनाओं की पहचान की गई है। केंद्र सरकार इनके विकास पर 11.17 लाख करोड़ खर्च करेगी। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि तीन प्रमुख आर्थिक कॉरिडोर कार्यक्रम के तहत 434 परियोजनाओं की पहचान की गई है। बजट फॉर विकसित भारत परियोजनाएं, तीन प्रमुख आर्थिक कॉरिडोर कार्यक्रमों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी में सुधार करना और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाना है।

▪ 434 परियोजनाओं पर खर्च होंगे 11.17 लाख करोड़ रुपए

### बुलेट ट्रेन परियोजना : पहला गर्डर बना

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन ने महाराष्ट्र सेक्शन के लिए पहला फुल स्पैन 40-मीटर प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट बॉक्स गर्डर बनाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश के सबसे भारी बॉक्स गर्डर 390 क्यूबिक मीटर कंक्रीट और 42 मीट्रिक टन स्टील से बना है।

## न्यूज BRIEF

### रामू वर्मा के नाम गैर जमानती वारंट

**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता रामगोपाल वर्मा को मुंबई की एक अदालत ने लंबे समय से चल रहे चेक बाउंस मामले में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले से कई सालों से चल रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया है। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया है। अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में फैसला सुनाया है।



### संभल में एक और कुएं की खुदाई

**संभल।** जामा मस्जिद से करीब 30 मीटर की दूरी पर बंद पड़े एक और प्राचीन कुएं की प्रशासन ने खुदाई शुरू करा दी है। इस दौरान एएसपी श्रीश्चंद्र और सीओ फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। संभल में जल संरक्षण को तीर्थ और कूप को संवारने का अभियान चल रहा है। जिसके चलते बंद पड़े कूप और कुओं की खुदाई कराई जा रही है।



### ट्रेन पर पथराव के दो आरोपी धरे

**कोलकाता।** रेलवे सुरक्षा बल ने 12813 हावड़ा-टाटानगर स्टील एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना एसईआर के खड़गपुर डिवीजन के गालुडीह-राखामाइंस खंड में घाटशिला स्टेशन पर रात के 9:20 मिनट पर घटी थी।

### बीजिंग जाएंगे विदेश सचिव मिस्री

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विक्रम मिस्री विदेश सचिव स्तरीय बैठक के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। इस बैठक का महत्व राजनीतिक, आर्थिक और भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करना है। पिछले हफ्ते राष्ट्री सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था।



## जलगांव रेल हादसे पर बड़ा खुलासा

# 'चाय बेचने वाले ने फैलाई आग की अफवाह'

### अजित पवार ने दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जलगांव ट्रेन दुर्घटना एक अफवाह के कारण हुई। दरअसल, एक चायवाले ने ट्रेन के अंदर आग लगने की झूठी खबर दी थी, जिससे यात्री घबराए और ट्रेन से कूदने लगे।

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव के पास बुधवार को हुए रेल हादसे को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस एक ट्रेन में एक चाय वाले ने आग की अफवाह फैलाई, जिसके कारण लोगों में अफरातफरी सी मच गई और यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई।

### चाय वाला चिल्लाया-कोच में आग लग गई

अजित पवार ने कहा कि एक चायवाले ने पेंट्री से चिल्लाकर कहा कि ट्रेन के कोच में आग लग गई है। दो यात्री, जो उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती से थे, ने इसे सुना और दूसरों को यह अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

### ट्रेन से बाहर कूदे डरे हुए यात्री

उन्होंने कहा कि डरे हुए यात्री खुद को बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए। ट्रेन की गति तेज थी, जिससे एक यात्री ने अलार्म चेन खींच दी। जब ट्रेन रुकी, तो लोग उतरने लगे और वे कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

## दिल्ली चुनाव ▶▶ योगी आदित्यनाथ की पहली रैली

# 'आप' ने यमुना को बना दिया नाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनाव मैदान में अब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई। क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है। मैं कल ही प्रयागराज से लखनऊ आया हूं, सदी के पहले महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में भव्यता से हो रहा है।



### 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पावन स्नान

योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है। आप प्रयागराज में जाएंगे तो शानदार सड़कें मिलेंगी, कहीं गंदगी नहीं दिखेगी।

### प्रवेश को कई लोगों ने भेजा लीगल नोटिस

भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा को कई लोगों ने लीगल नोटिस भेजा है। सूत्रों के मुताबिक पंजाबियों पर दिए बयान के मामले में परवेश वर्मा को लीगल नोटिस भेजा गया है। जिसमें उन्होंने पंजाब नंबर की गाड़ी सुरक्षा के लिए खतरा बताया था।

### 'बेरोजगार मुक्त दिल्ली बनाएंगे'

आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता दिल्ली में बेरोजगारी को खत्म करना होगी। मेरी टीम रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए योजना तैयार कर रही है। मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत कई क्षेत्रों में काम किया और यह काम जारी रहेंगे।'



# 'विकसित भारत को एकजुट रहें'

### नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री का आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से 'विकसित भारत' के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित 'पराक्रम दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।



### वे कभी आराम के दायरे में नहीं फंसे

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, 'वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना होगा।'

### 'स्वराज' पर पूरी तरह केंद्रित थे नेताजी

उन्होंने कहा कि बोस देश के 'स्वराज' पर पूरी तरह केंद्रित थे और कई पृष्ठभूमि के लोग इस उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। उन्होंने कहा, 'अब हमें विकसित भारत के लिए एकजुट रहना होगा।'

### 'विरासत को बढ़ावा देने पर सरकार अग्रसर'

प्रधानमंत्री ने अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया।

# ट्रंप सरकार आत्मविश्वास से भरी : जयशंकर

### आव्रजन नीति और पाकिस्तान मुद्दे पर रखी राय

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के समूह की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 'मैंने जो देखा वह वास्तव में एक बहुत ही आत्मविश्वासी और उत्साहित आने वाला प्रशासन था। मेरा मतलब है कि यह भावना कि 'देखिए, हमें काम पूरा करना है'।' भारतीय विदेश मंत्री 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार के प्रतिनिधि थे। बता दें कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ समारोह में शामिल होने के बाद नए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ बैठकें कीं और एक बहुपक्षीय क्वाड बैठक में भाग लिया।



### ट्रंप-मोदी के बीच बहुत अच्छा रिश्ता

जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। साथ मिलकर काम करने का इतिहास रहा है।' पिछले 48 घंटों में मैंने जो उत्साह और आत्मविश्वास देखा है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि यह एक असाधारण रूप से सक्रिय प्रशासन है। और सिर्फ पिछले 48 घंटे ही नहीं, बल्कि वे पदभार संभालने से पहले भी बहुत सक्रिय थे।

### अवैध भारतीयों की वैध वापसी को

उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अवैध भारतीयों की वैध वापसी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली अभी भी अमेरिका से उन लोगों की पुष्टि करने की प्रक्रिया में है, जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। "एक सरकार के रूप में, हम स्पष्ट रूप से कानूनी गतिशीलता के बहुत समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यस्थल में विश्वास करते हैं।

# कार्बन फुटप्रिंट पर मोदी ने दिया जोर

**नई दिल्ली।** पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कार्बन फुटप्रिंट पर जोर दिया। साथ ही दिल्ली में और भी इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए कहा है। पीएम ने कहा कि दिल्ली में केंद्र सरकार की ओर से 1200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। ये कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के व्यापक प्रयासों के तहत काम है। उन्होंने छतों पर सौर पैनल लगाने के कार्यक्रम को इस दिशा में एक और पहल बताया है। पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन और बसें शुरू की गई हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चल रही हैं। इसके अलावा आने वाले समय में और भी बसें शुरू की जाएंगी। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने यह अहम टिप्पणी की। जहां इस दौरान पीएम के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य माननीय लोगों ने देश के स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा

# शांति-सहयोग को मिले बीएसएफ-बीजीबी के सेक्टर कमांडर

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शांति और सहयोग के लिए उप महानिरीक्षक बीएसएफ मालदा सेक्टर और सेक्टर कमांडर बीजीबी राजशाही सेक्टर के बीच सीमा समन्वय बैठक बीओपी सोनामस्जिद, बांग्लादेश में आयोजित की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व तरुण डीआईजी, क्षेत्रीय मुख्यालय बी.एस.एफ. मालदा कुमार गौतम ने किया, जबकि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर्नल मोहम्मद इमरान इब्ने रौफ, सेक्टर कमांडर, सेक्टर मुख्यालय बीजीबी राजशाही ने किया। प्रतिनिधिमंडल में दोनों बलों के संबंधित बटालियन कमांडर और स्टाफ अधिकारी शामिल हुए। बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एनके पांडे ने बताया कि बैठक में सीमा प्रबंधन संबंधित सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी हितों पर विचार-विमर्श किया गया। द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती, सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियो पर नियंत्रण, अंतरराष्ट्रीय सीमा समीप किसानों के अतिरिक्त अन्य के आवागमन पर रोक आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी और सहमति बनी। सीमा संबंधित समस्याओं पर आपसी बातचीत और सहमति से निदान ढूंढने पर दोनों पक्षों ने जोर दिया। सीमा संबंधित विवादों को मीडिया के कुछ वर्गों में बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने और अफ़वाहों पर दोनों पक्षों ने चिंता व्यक्त की और इस पर रोकथाम के प्रति सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में 18 जनवरी 2025 को मालदा जिले में सुकदेवपुर सीमा पर हुई घटना भी शामिल है। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बीजीबी के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# शाह ने किया डी-कैबिन में नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज का लोकार्पण

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने माननीय महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन एवं माननीय विधायक डा. हर्षदभाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में 23 जनवरी 2025 को डी-कैबिन,साबरमती में साबरमती-खोडियार रेल खंड के लेवल क्रॉसिंग नंबर 243 पर नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज (RUB) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि अहमदाबाद मंडल के साबरमती-खोडियार रेल खंड के लेवल क्रॉसिंग नंबर 243 पर डी- कैबिन,साबरमती में 11 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से 40 मीटर बैरल लंबे नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज का लोकार्पण मंत्री शाह ने किया जो डी-कैबिन को कालीगाम से जोड़ता है। इससे ट्रेनों की बेहतर पंक्चुअलिटी को मदद मिलेगी, सड़क यातायात की कनेक्टिविटी तेज होगी, रेलवे फाटकों पर वाहनों के रुकने की समस्या से सड़क यात्रियों को राहत मिलेगी। यह रोड अंडर ब्रिज शहर के दोनों हिस्सों जैसे चेनपुर से कालीगाम को निर्बाध रूप से जोड़ने वाला सुरक्षित मार्ग है। इस रोड अंडर ब्रिज के निर्माण से निर्बाध सड़क यातायात के कारण कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी एवं पर्यावरण प्रदूषण कम होगा। इस साल में अहमदाबाद मंडल का 30 ब्रिज बनाने का लक्ष्य था जिसमें 24 ब्रिज बनाए जा चुके हैं और 6 आने वाले दो महीनों बन जाएंगे। इस अवसर पर अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा सहित मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आदिवासी भाइयों के उत्थान को प्रतिबद्ध : अशोक उइके

**मुंबई।** आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत, भाषा, कला और परंपरा को संरक्षित करना आवश्यक है। इससे विविधता और सामाजिक समृद्धि बनी रहती है। आदिवासी समाज के अधिकारों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ऐसा आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने कहा। आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के लिए विधान भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान मंत्री श्री उइके ने कहा कि वन अधिकार भूमि पट्टों के कानून समय-समय पर बदलते गए हैं। वन अधिकार दावे का मुद्दा राजस्व, वन विभाग और ग्राम विकास विभाग से संबंधित है। इन तीनों विभागों के साथ जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री की सौ दिन की उपक्रम बैठक में आदिवासी समाज के कई मुद्दे हल करने के लिए योजना तैयार की गई है।

# इलेक्ट्रिक लोको शेड वटवा को सफलता

▶▶ प्रथम थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोको का TOH मेजर शैड्यूल पूर्ण



**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद रेल मंडल के इलेक्ट्रिक लोको शेड, वटवा ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है। वर्ष 2019 में इलेक्ट्रिक इंजन के मेंटेनेंस की शुरुआत करने के बाद से, वटवा शेड ने निरंतर प्रगति की है और अब अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम स्वरूप, उन्होंने प्रथम थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोको सं. 41532 WAG9HC का TOH (टोटल ओवर हॉलिंग) मेजर शैड्यूल सफलतापूर्वक पूरा किया है। 22 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने इलेक्ट्रिक लोको सं. 41532 को हरी झंडी दिखाकर भारतीय रेल सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, वटवा एस.पी. गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रिक लोको शेड, वटवा ने बहुत कम समय में पश्चिम रेलवे में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के मेंटेनेंस के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। इस कीर्तिमान को हासिल करने के लिए वटवा शेड के समस्त कर्मचारी और अधिकारी सराहना के पात्र हैं। गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में वटवा शेड में 50 कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और 88 थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का नियमित अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। हालांकि थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का TOH और IOH (इंटरमीडिएट ओवर हॉलिंग) शैड्यूल का अनुभव पहले नहीं था, इसके बावजूद शेड के कर्मचारियों ने अपनी पूरी मेहनत, लगन और क्षमता से प्रथम थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोको सं. 41532 WAG9HC का TOH मेजर शैड्यूल सफलतापूर्वक पूरा किया। इस सफलता के परिणामस्वरूप वटवा शेड ने पश्चिम रेलवे में अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में नई ऊंचाइयां छुई हैं।

# मुंबई और अहमदाबाद के बीच चार वातानुकूलित विशेष ट्रेन

**मुंबई।** मध्य रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने के प्रयास में मुंबई और अहमदाबाद के बीच 4 वातानुकूलित विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा। इन सेवाओं से प्रसिद्ध म्यूज़िकल ग्रुप "कोल्ड प्ले" के कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रशंसकों को भी लाभ मिलेगा।



01155 वातानुकूलित विशेष दिनांक 25.1.2025 को 00.55 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होगी और उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 01156 वातानुकूलित विशेष दिनांक 26.1.2025 को 02.00 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी और उसी दिन 11.45 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। ये ठाणे, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, उधना और वडोदरा स्टेशनों पर ठहरेगी।

इसमें दो प्रथम वातानुकूलित सह 2 वातानुकूलित, चार 2 वातानुकूलित, चौदह 3 वातानुकूलित और दो जेनरेटर कार की व्यवस्था रहेगी।

01157 वातानुकूलित विशेष दिनांक 26.1.2025 को दादर से 00.35 बजे रवाना होगी और उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 01158 वातानुकूलित विशेष दिनांक 27.1.2025 को अहमदाबाद से 02.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 12.55 बजे दादर पहुंचेगी। ये ठाणे, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, उधना और वडोदरा स्टेशनों पर ठहरेगी। इनमें दो प्रथम वातानुकूलित , दो प्रथम वातानुकूलित सह 2वातानुकूलित, एक 2 वातानुकूलित, दो 2 वातानुकूलित सह 3वातानुकूलित, नौ 3वातानुकूलित और 2 सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन की व्यवस्था रहेगी।

# वानगांव और दहानू रोड के बीच ब्लॉक से कुछ ट्रेनें प्रभावित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए शनिवार, 25 और रविवार 26 जनवरी, 2025 को ब्लॉक लिए जाएंगे। 25 जनवरी, 2025 को 10.30 बजे से 11.30 बजे तक और 26 जनवरी, 2025 को 09.50 बजे से 10.50 बजे तक एक-एक घंटे के ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइन पर लिए जाएंगे, जिनके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 25 और 26 जनवरी, 2025 को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण 25 जनवरी, 2025 को ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 93015 चर्चगेट-दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 12990 अजमेर-दादर एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12980 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12932 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल डबल डेकर एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 82902 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी।

26 जनवरी, 2025 को ट्रेन संख्या 93011 चर्चगेट-दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड पैसेंजर बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोईसर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल कर्णावती एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 09653 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटा रेगुलेट होगी। वहीं ट्रेन संख्या 09302 डा. अंबेडकर नगर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटा रेगुलेट होगी।

## प.रे. : साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए साबरमती और दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल (आरक्षित) ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार ट्रेन संख्या 04013 साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल 25 जनवरी 2025 को साबरमती से प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन रात्री 23.00 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04014 दिल्ली सराय रोहिल्ला–साबरमती स्पेशल 24 जनवरी 2025 को दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रातः 08.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 00.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर,किशनगढ़, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुडगांव एवं दिल्ली केंट स्टेशनों पर रुकेगी।

# कपिल शर्मा समेत चार बॉलीवुड कलाकारों को धमकी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत बॉलीवुड के तीन कलाकारों को ईमेल कर धमकी देने का एक मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार कपिल शर्मा के अलावा जिन कलाकारों को धमकी दी गई है उनमें राजपाल यादव, रेमो डिसूजा और सुगंधा मिश्रा शामिल हैं। कलाकारों को मिली धमकी को लेकर मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजपाल यादव और सुगंधा मिश्रा ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं रेमो डिसूजा ने भी शिकायत दी है। सूत्रों के मुताबिक सभी कलाकारों को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली है। ईमेल के अंत में बिश्नोई नाम लिखा हुआ है। सूत्रों ने दावा किया है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ईमेल पाकिस्तान से किया गया था। इस मामले में फिलहाल आगे जांच की जा रही है।



धमकी वाले ईमेल में लिखा है, "हम आपकी ताजा गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। हमारा मानना है कि यह जरूरी है कि हम एक संवेदनशील मामले को आपके ध्यान में लाएं। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मैसेज को गंभीरता और गोपनीयता के साथ लें। ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। हम आपसे अगले 8 घंटों के भीतर त्वरित प्रतिक्रिया की अपेक्षा करते हैं। यदि हमें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या-25/05 दिनांक- 21.01.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38241581 बी | बोगी सेंटर पिवेट बॉटम | 2311 नग | 13.02.2025 |
| 2 | 20242021A | ट्यूब फॉर मोटर सस्पेंशन यूनिट | 130 नग | 18.02.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट **https:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/ शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

142/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

सं.आर.एस./मकैनिकल/डब्लू टी जी/टी डी एल/24 दिनांकः 22.01.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, **कै वै, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे,** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| **GeM बिड संख्याः** GEM/2025/B/5849335 Dated- 22.01.2025 | | |
| **कार्य का नामः** टूण्डला स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के कोचों में पानी भरने का प्रस्ताव चार साल की अवधि के लिए। | | |
| **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) :** 6,69,93,007/- | **EMD :** 4,84,970/- | |
| **निविदा सिस्टमः** दो पैकेट सिस्टम | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य | **कार्य की अवधिः** 04 वर्ष |
| **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 22.01.2025 | | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 13.02.2025 को 15:00 बजे | | |

**नोटः (1)** उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा बंद होने की नियत तिथि तक। **(2)** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। **(3)** संलग्र किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। **(4)** सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र नि.शुल्क जारी किए जाएंगे। **(5)** किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **(6)** ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। **(7)** जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।

152/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर भव्य महोत्सव और सम्मान समारोह आज

**नालासोपारा।** उत्तर भारतीय विकास मंच द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस महोत्सव-2025 एवं सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार, 24 जनवरी को ओसवाल सर्कल, दिशावर्ती स्टेशन, नालासोपारा (पूर्व) में किया जाएगा। उत्तर भारतीय विकास मंच संस्था अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी ने बताया कि इस महोत्सव समारोह की अध्यक्षता चंद्रकांत त्रिपाठी (पूर्व मंत्री महाराष्ट्र) करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, पालघर सांसद डा. हेमंत सावरा, पालघर विधायक राजेंद्र गवित, नालासोपारा विधायक राजन नाईक और वसई विधायक स्नेहा दूबे, बोइसर विधायक विलास तरे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विद्याधर मिश्रा (उद्योगपति), पंकज मिश्रा (भाजपा नेता) और रूपेश जाधव पूर्व महापौर ( वसई-विरार मनपा ) भी उपस्थिति रहेंगे। संस्था अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उत्तर भारतीय गौरव पुरस्कार से दयाशंकर तिवारी (पूर्व महापौर, नागपुर) और संतोष आर. एन. सिंह (अध्यक्ष, उत्तर भारतीय संघ) को सम्मानित किया जाएगा। उत्तर भारतीय रत्न पुरस्कार में सुरेश शुक्ला (गायक कलाकार), डा. जयनाथ यादव (योगाचार्य), राज शर्मा (पत्रकारिता सम्मान), डा. अरविंद कुमार सिंह (हॉस्पिटल संचालक) और धर्मानंद यादव (भवन निर्माण सम्मान) को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनमें गायक सुरेश शुक्ला और ममता सिंह अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे।


**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY OLD NAME SHRAWAN KUMAR TO NEW NAME **SHRAWAN KUMAR TAGA RAM MALI** AS PER AFFIDAVIT, PASPORT & SCHOOL MARKSIT

**सूचना**

मैं, **सुनील कुमार नेल्सन,** यह सूचित करना चाहता हूं कि मेरा संपत्ति अनुबंध संख्या 126414/2019, जो फ्लैट नंबर 2004, 20वीं मंजिल, ए विंग, गौरव वुड्स, फेज II, बेवर्ली पार्क, मीरा रोड, 401107 के लिए है, मीरा रोड रेलवे स्टेशन से यूनिक गार्डन, मीरा रोड के बीच ऑटोरिक्शा में यात्रा के दौरान खो गया है। यदि किसी को यह मिले, तो कृपया मुझसे निम्न संपर्क विवरण पर संपर्क करें:

मोबाइल: 7304580008
ईमेल: sunleaap@gmail.com


## 41 अवैध इमारतों का मामला

# कोर्ट के आदेश पर तोड़क कार्रवाई शुरू

**वसई।** नालासोपारा पूर्व के अग्रवाल नगरी स्थित लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर 41 अवैध इमारतें बनाई गई थीं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने इन इमारतों को अवैध बताते हुए इन्हें गिराने का आदेश दिया है। इस आदेश का पालन करते हुए वसई-विरार महानगरपालिका ने 41 इमारतों के निवासियों को 22 जनवरी 2025 तक अपने घर खाली करने का नोटिस जारी किया था। हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ निवासी अभी भी इन इमारतों में रह रहे हैं। आदेश के बाद वसई-विरार महानगरपालिका द्वारा नालासोपा में की गई कार्रवाई ने कई लोगों की आंखों और दिलों में आंसू ला दिए हैं। नालासोपारा में इस समय अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। 41 अवैध इमारतों को गिराया जाना है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर की जा रही है। प्रशासन ने अवैध निर्माणों को हटाने के लिए 400 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इस कार्रवाई के बाद सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे।



नालासोपारा पूर्व में अग्रवाल नगरी के लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर 41 अवैध इमारतें बनाई गई थीं। कोर्ट ने इन इमारतों को अवैध घोषित करते हुए इन्हें गिराने का आदेश दिया है। इस आदेश के अनुपालन में वसई-विरार मनपा ने 34 इमारतों के निवासियों को 22 जनवरी 2025 तक अपने घर खाली करने का नोटिस जारी किया था। नालासोपार में वसई-विरार महानगरपालिका द्वारा की जा रही कार्रवाई से 10वीं की छात्रा गरिमा गुप्ता की करुण पुकार ने सभी की आंखों में आंसू ला दिए हैं। इस कार्रवाई के कारण कई परिवार बेघर हो गए हैं और लोगों में आक्रोश है। वसई के जी.जे. वर्तक विद्यालय की 10वीं की छात्रा गरिमा शिवसहाय गुप्ता इस घटना से बेहद आहत हैं। आज उसकी हिंदी की परीक्षा थी, जिसके लिए उसने खूब तैयारी की थी। लेकिन, परीक्षा के बाद जब वह घर लौटी तो उसने देखा कि उसका घर उसकी आंखों के सामने उजड़ गया है। यह देखकर वह फूट-फूट कर रोने लगी।

# आंबेडकर का इंदू मिल स्मारक बनेगा विश्व स्तरीय : शिरसाट

**मुंबई।** संपूर्ण विश्व के लिए आकर्षण और प्रेरणादायक बनने वाला, दादर स्थित इंदू मिल में निर्मित किया जा रहा भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर का स्मारक विश्व स्तरीय बनाया जाए। अप्रैल 2026 तक इस स्मारक का उद्घाटन करने का उद्देश्य है और स्मारक का कार्य उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए, ऐसी निर्देश सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने दिए। मंत्री शिरसाट ने बताया कि स्मारक के लिए आवश्यक धनराशि समय-समय पर उपलब्ध कराई जा रही है। आज मंत्री शिरसाट ने दादर स्थित इंदू मिल स्मारक के कार्यों का निरीक्षण किया और यह निर्देश दिए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के प्रधान सचिव हर्षदीप कांबले, आयुक्त ओम प्रकाश बकोरिया, अतिरिक्त महानगर आयुक्त विक्रम कुमार, सहायक आयुक्त प्रसाद खैरनार और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने स्मारक में स्थापित की जा रही सुविधाओं और इसे तीव्र तूफान से बचाने के लिए की गई उपाय योजनाओं की जानकारी ली।




## पनवेल महानगरपालिका

शहर अभियंता विभाग

फेर निविदा सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना क्र.: पमपा/बांधकाम/2624/प्र.क्र.03/ /2025 दिनांक: /10/2024

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालीत नमूद कामासाठी सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government/State Government/Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदारांकडून बी-1 शतमान पध्दतीनुसार फेर निविदा (2nd Call) मागवित आहेत.

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रु. (Without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | PMC/ CE/154/2024-25 | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती - अ, खारघर नोड मधील विविध ठिकाणंवरील रस्ते दुरुस्ती करीता वार्षिक दराने काम करणे (2 वर्षा करीता, सन 2024-25 व 2025-26 करीता) | 16,41,57,415/- |

या कामाच्या ई-निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळवर दि. 27/01/2025 रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(डॉ. प्रशांत रसाळ)
अतिरिक्त आयुक्त- I
पनवेल महानगरपालिका

## अगरतला रेलवे स्टेशन के परिसंचारी इलाकों में रेल कोच रेस्टुरेंट के लिए ई-नीलाम

लामडिंग मंडल के अधीन अगरतला रेलवे स्टेशन के परिसंचारी इलाकों में 1 संख्यक रेल कोच रेस्टुरेंट के लिए ई-नीलाम। **रेट यूनिटः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **ट्रिपस/दिनः** 1826।

**ऑक्सन कैटलॉग संख्या. आरसीआर-एलएमजी-01-25**

| एसईक्यू नं. | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-एलएमजी-एजीटीएल-आरसीआर-2-23-1 (एमआईएससी-स्टेटिक-सर्विसेस-रेल कोच रेस्टुरेंट) | अगरतला रेलवे स्टेशन के परिसंचारी इलाकों में रेल कोच रेस्टुरेंट का संचालन एवं रख-रखाव |

**नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः** 06-02-2025 तारीख के 11.00 घंटे में। **नीलाम बंद होने की तारीख एवं समयः** 06-02-2025 तारीख के 11.30 घंटे में। प्रत्याशित बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती हैं।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"

## महावितरण — ई-निविदा सूचना

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कंपनीच्या वागळे ईस्टेट विभागीय कार्यालयांतर्गत वर्ष २०२५-२६ करिताविभागाअंतर्गत उच्चदाब भूमिगत व उपरी वाहिनी दुरुस्ती देखभाल (Breakdown Maintenance), लघुदाब भूमिगत व उपरी वाहिनी दुरुस्ती देखभाल (Breakdown Maintenance), रोहित्र दुरुस्ती देखभाल (Breakdown Maintenance) व नवीन विद्युत पुरवठा देणेकरिता पायाभूत सुविधा विकास करणे या कामासाठी परवानाधारक विद्युत ठेकेदारांची नामिक प्रविष्ट (Empanelment) करणेसाठी ई- निविदा क्र.- EE/WE/Tender/T-06/2024-25, EE/WE/Tender/T-07/2024-25, EE/WE/Tender/T-08/2024-25 व EE/WE/Tender/T-09/2024-25 महावितरणच्या https://works.mahadiscom.in/eTender/etender संकेतस्थळावर दि- २०.०१.२०२५ पासून उपलब्ध आहेत.

संपर्क - अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता, दूरध्वनी क्र ८८७९०४३०९४, एम.एस.इ.डी.सी.एल., वागळे ईस्टेट विभागीय कार्यालय, नवीन प्रशासकीय इमारत, पहिला मजला, वागळे ईस्टेट ठाणे(प.) ई-मेल eewagleestategmail.com

**कार्यकारी अभियंता**
**स.व सु. वागळे ईस्टेट विभाग**

PRO No- 157


# मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़े पर भव्य ग्रंथ दिंडी एवं प्रदर्शनी



**मीरा-भायंदर।** मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़े के अवसर पर मराठी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए मीरा-भायंदर मनपा द्वारा 23 जनवरी को भव्य ग्रंथ दिंडी और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर (भा.प्र.से.) ने ग्रंथ दिंडी का उद्घाटन किया और ग्रंथ दिंडी को अपने कंधों पर उठाकर इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी मनपा कर्मचारियों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर भाग लिया तथा मराठी भाषा को बढ़ावा देने वाले नारे लिखी तख्तियां भी लीं। लेज़िम और ढोल जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि के साथ यह जुलूस मनपा मुख्यालय से डा. इसे बाबासाहेब आंबेडकर भवन (सिटी हॉल) तक ले जाया गया। मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़ा हर वर्ष 14 से 28 जनवरी तक मनाया जाता है। इस दौरान मराठी भाषा के प्रयोग को अधिकतम करने तथा उसे संरक्षित करने का प्रयास किया जाता है। इसके पीछे उद्देश्य मराठी भाषा के गौरव को बनाए रखना, मराठी भाषा को बढ़ावा देना और मराठी भाषा का अधिकतम उपयोग करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मीरा-भाईंदर मनपा ने एक भव्य पुस्तक मेला और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। मीरा-भायंदर मनपा ने मराठी भाषा को बढ़ावा देने के लिए दिंडी का आयोजन किया। इसके लिए मनपा के प्रवेश द्वार को सजाया गया और वहां रंगोली बनाई गई। सभी मनपा कर्मचारी पारंपरिक मराठा पोशाक पहने हुए थे। इस ग्रंथ दिंडी के माध्यम से मराठी भाषा को बढ़ावा देने और प्रसार करने के लिए, कर्मचारियों ने मराठी भाषा की महिमा और महत्व पर जोर देने वाले नारे लिखे हुए तख्तियां लेकर दिंडी में भाग लिया। डा. बाबासाहेब आंबेडकर भवन में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर (भा.प्र.से.) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मराठी भाषा बची रहेगी तो मराठी संस्कृति बची रहेगी। मराठी हमारी मातृभाषा और ज्ञान की भाषा है। हमारी पीढ़ी से इसका महत्व बनाए रखने का आह्वान किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से प्रदर्शनी में साहित्य और पठन का आनंद लेने की भी अपील की। पुस्तक विमोचन एवं प्रदर्शनी में अपर आयुक्त संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त मुख्यालय कल्पिता पिंपले, उपायुक्त संजय बांगर, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, शहर अभियंता दीपक खाम्बित के साथ ही बड़ी संख्या में मनपा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सैफ अली खान हमले पर प्रतिक्रिया

# हमारे लिए फिल्म स्टार और आमजन समान : फडणवीस



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2025 के दौरान सैफ अली खान पर हुए हमले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुंबई सबसे सुरक्षित शहर है। फडणवीस ने बताया कि उनकी प्राथमिकता पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे का विकास और रोजगार सृजन है। उनसे मुंबई की कानून-व्यवस्था और सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर सवाल पूछा गया। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि फडणवीस की सरकार में मुंबई में जब बॉलीवुड स्टार ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम आदमी का क्या. जवाब में देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'हमारे लिए बॉलीवुड स्टार और आम आदमी समान हैं।'

### ▶▶ मुंबई देश का सबसे सुरक्षित शहर

देश का सबसे सुरक्षित शहर मुंबई है। आज भी मुंबई में रात को 12 बजे महिलाएं बाहर निकलती हैं, कभी हादसा नहीं होता। ऐसा नहीं है कि मुंबई में घटनाएं नहीं होतीं। एक भी घटना होती है तो वह गंभीर है। लेकिन इसे इस तरह से दिखाना कि मुंबई असुक्षित हो गई है, यह गलत है।

### ये थी घटना

16 जनवरी की देर रात सैफ अली खान के घर में एक शख्स घुस आया था जो सीधा बच्चों- तैमूर-जेह के कमरे में जाकर छुपा था। उसकी हरकत की भनक जब नैनी को लगी तो उन्होंने बच्चों को बचाने की कोशिश की। तभी शोर सुनकर सैफ कमरे में आ गए और बीच बचाव करने की कोशिश की। लेकिन गुस्से में चोर ने उनपर चाकू से 6 बार वार किए। इसके बाद घायल हालत में सैफ तैमूर के साथ ऑटो में बैठकर लीलावती अस्पताल गए, जहां उनकी दो सर्जरी की गई। डाक्टर्स ने उनकी रीढ़ की हड्डी के पास से 2.5 इंच का चाकू का टुकड़ा निकाला था। बता दें, चोर की पहचान मोहम्मद शरीफुल के रूप में हुई है। वो पुलिस की गिरफ्त में है।

### विपक्ष को चाहिए बांग्लादेशियों के वोट

फडणवीस से पूछा गया कि विपक्ष का आरोप है कि बीएमसी इलेक्शन के चलते सैफ के हमलावर को बांग्लादेशी बताया जा रहा है। फडणवीस ने कहा कि 'इस तरह की बातें कहने वाला मूर्ख है। जब हमारे सामने सबूत हैं कि वो बांग्लादेशी से कैसे आया, उसने कहां कागज तैयार किए, उसका गांव ट्रेसआउट हो गया। मैं तो उल्टा कहता हूं कि बीएमसी के चुनाव हैं इसलिए विपक्ष को बांग्लादेशियों को यहां बसाना है। उनका वोट लेना है।

# दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

▶▶ ईमेल में अफजल गैंग ने किया दावा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी और ओशिवारा इलाके के एक स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल आने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम ने स्कूल परिसर में पहुंची और जांच शुरू की। ईमेल में अफजल गैंग की तरफ से बम रखने का दावा किया गया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और हर संदिग्ध गतिविधि की गहनता से जांच की। वहीं नवी मुंबई के एक प्राइवेट स्कूल में भी ऐसा ही धमकी भरा ईमेल आया। यह ईमेल स्कूल प्रशासन को मिला, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस और बम स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंच गई। टीम ने स्कूल परिसर की तलाशी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह 10 बजे के करीब स्कूल को मेल पर धमकी मिली। इन दोनों घटनाओं में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और धमकी देने वाले को ट्रैक करने की कोशिश की जा रही है।



# महाराष्ट्र : 4200 चूजों की मौत से हड़कंप

- बर्ड फ्लू संक्रमण की आशंका
- प्रशासन ने शुरू की जांच

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे के बीच एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां एक पोल्ट्री फार्म में 4,200 चूजों की अचानक मौत हो गई, जिससे हड़कंप मच गया। ये चूजे पांच से छह दिन के थे और उनकी मौत दो से तीन दिनों के भीतर हुई। पोल्ट्री फार्म मालिक ने समय रहते अधिकारियों को इस घटना की जानकारी नहीं दी। प्रशासन ने मृत चूजों के सैंपल पुणे स्थित स्टेट एनिमल डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी भेज दिए हैं। जांच जारी है। यह मामला लातूर की अहमदपुर तहसील के ढालेगांव गांव का है।



### ▶▶ 60 कौवों की मौत

इससे पहले इसी जिले के उदगीर शहर में 60 कौवों की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिसके बाद प्रशासन और पशुपालन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है।

### ▶▶ प्रशासन सतर्क

पोल्ट्री फार्म में चूजों की मौत एवं उदगीर शहर में लगभग 60 कौओं की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि के बाद प्रशासन सतर्कता बरता रहा है। सूचना मिलने के बाद टीम ने मृत चूजों के सैंपल पुणे के स्टेट एनिमल डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजे हैं।

### ▶▶ पोल्ट्री फार्म मालिकों से अपील

अहमदपुर वेटरनरी अस्पताल के डिप्टी कमिश्नर डा. शिवाजी क्षीरसागर ने पोल्ट्री फार्म मालिकों से अपील की गई है कि वे अपने फार्म को रजिस्टर कराएं और ऐसी घटनाओं की तुरंत जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दें। पशुपालन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी गई। प्रशासन ने पोल्ट्री फार्म मालिकों को सतर्क रहने और संक्रमण के संभावित खतरे को देखते हुए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# मीरा-भायंदर में रस्ता सुरक्षा अभियान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मीरा भायंदर में रस्ता सुरक्षा अभियान शुरु किया गया है जो 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर विविध सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जाता है।काशीमीरा वाहतुक विभाग परिमंडल-1 और सारथी फाउंडेशन के सहयोग से भव्य मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें वॉकहार्ड मेडिकल टीम का योगदान रहा। कैंप में वाहन चालकों ने लाभ लिया। ऑटोरिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्षों सहित बड़े पैमाने पर लोगों ने हिस्सा लिया। सरिता नाईक ने बताया कि कैंप में 156 से भी ज्यादा लोगों ने लाभ लिया। फाउंडेशन की टीम और वाहतुक विभाग की टीम ने विशेष भूमिका निभाई। कैंप की शुरुआत वाहतुक विभाग के सह पोलिस आयुक्त शंकर इंदुलकर के हाथों की गई। अपर पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे, पुलिस निरीक्षक सागर इंगोले सहित अन्य अधिकारी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी उपस्थिति रहे। डा. पिंकी पाटिल एवं वॉकहार्ड हॉस्पिटल के माधव और ममता ने सहयोग किया। सारथी फाउंडेशन के संस्थापक दीपक शर्मा, अध्यक्ष सरिता नाईक कार्यकारिणी अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र पुरोहित, रमाकांत पोद्दार दर्शना सावंत विशाल, लक्ष्य वैशाली गुजराती भारती त्रिवेदी ने विशेष भूमिका निभाई।

महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी

# उत्कृष्ट योगदान को मंजू लोढ़ा को विशेष सम्मान

### ▶▶ साहित्य और सिनेमा पर सुरुचिपूर्ण परिसंवाद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई की प्रमुख साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ज्ञान गंगोत्री काव्य मंच, जैन इंटरनेशनल विमेंस ऑर्गनाइजेशन (दक्षिण मुंबई) और महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में "साहित्य और सिनेमा" विषय पर आयोजित सुरुचिपूर्ण परिसंवाद में सिनेमा और साहित्य जगत की विभिन्न हस्तियों ने साहित्य और सिनेमा के अंतर्संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की और कहा कि समाज को सही दिशा देने में दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका है। यह परिसंवाद मुंबई के गांमदेवी स्थित शारदा मंदिर हायस्कूल के सभागार में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डा. शीतला प्रसाद दुबे और अकादमी की उपाध्यक्षा, ज्ञान गंगोत्री मंच की संस्थापिका एवं जैन इंटरनेशनल विमेंस ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्षा डा. श्रीमती मंजू लोढ़ा की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित किया गया। सिने जगत के सशक्त अभिनेता शिशिर शर्मा, फिल्म निर्माता और लेखक रवि यादव और बाल कलाकार अयान खान इस परिसंवाद में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन साहित्य और सिनेमा के बीच सहज तालमेल का प्रमाण रहा, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने कहानी कहने और सांस्कृतिक समृद्धि में उनकी साझा भूमिका पर सुरुचिपूर्ण वैचारिक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। साहित्य और सिनेमा की दुनिया को एक छत के नीचे लाने वाले इस कार्यक्रम में विचारोत्तेजक चर्चा के अलावा तीन प्रभावशाली लघु फिल्मों के प्रदर्शन भी हुआ, जिन्हें सभी दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहा। इन फिल्मों में रवि यादव द्वारा निर्मित "हप्पन सांगवाला" और "भूख" तथा डिंपी अग्रवाल द्वारा निर्मित फिल्म "चश्मा" शामिल हैं। इस अवसर पर डा. श्रीमती मंजू लोढ़ा को शिक्षा और साहित्य को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए "ACE बुक ऑफ रिकॉर्ड्स" द्वारा "राष्ट्रीय रिकॉर्ड" के अनूठे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि साढ़े चार लाख से अधिक पुस्तकों के अपने बेजोड़ संग्रह के साथ श्रीमती मंजू लोढ़ा ने ज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर भव्य पुस्तकालय, दो मोबाइल पुस्तकालय और कई छोटे पुस्तकालय स्थापित किए हैं। "ACE बुक ऑफ रिकॉर्ड्स" संस्था की ओर से नेशनल जूरी मेम्बर डा. अनीता जैन द्वारा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से श्रीमती मंजू लोढ़ा को सम्मानित किया गया, जिसके ज़रिये पढ़ने और सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में डा. लोढ़ा की अटूट प्रतिबद्धता का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कालजयी बॉलीवुड गायक स्व. मोहम्मद रफी की पुत्रवधू गायिका सुश्री फ़िरदौस, जैन इंटरनेशनल विमेंस ऑर्गनाइजेशन (दक्षिण मुंबई) की सचिव सुश्री इंदु खींवसरा, श्रीमती मीना अग्रवाल और महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के सदस्य प्रो. मार्कंडेय त्रिपाठी भी मौजूद थे। इस यादगार कार्यक्रम में डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं सहित बड़ी संख्या में सिनेमा और साहित्य प्रेमी शामिल हुए।

# श्री रामलाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** भगवान श्री रामजी के मंदिर उद्घाटन की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन द्वारा पंचकुंडी गायत्री यज्ञ एवं राम तुलसी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक महिलाओं और लगभग 200 पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन के ठाणे जिला अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में ठाणे जिला महासचिव सुखराम श्रीवास्तव और ठाणे जिला महिला अध्यक्ष सविता गायकर के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। यात्रा में विनय दुबे, अजय श्रीवास्तव, प्रवीण प्रजापति, दिवाकर पांडे, आशीष श्रीवास्तव, रामपुकार राय, साहिल श्रीवास्तव एवं कलवा क्षेत्र के स्थानीय बंधु उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। शाम को भगवान श्री राम जी की स्मृति में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम और भी भव्य एवं धार्मिक हो गया। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपने प्रभु श्री राम के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त की।

# श्री बाबा रामसा पीर भजन संध्या 31 को

दिनेश चंद्र रावल/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा पश्चिम स्थित शिव मंदिर में बाबा रामसा पीर के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बाबा रामसापीर विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित जाएगा। 31 जनवरी शुक्रवार को शाम 6 बजे से ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा। दीप प्रज्ज्वलन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के साथ भिन्न भिन्न कलाकारों द्वारा संगीतमय भजन संध्या व 108 द्वीप की महा आरती का आयोजन किया गया है कार्यक्रम रात्रि 3 बजे तक चलेगा अंत में 108 दीपों की महा आरती का आयोजन रखा गया है। समस्त बाबा रमसापीर के भक्त जन सदस्य एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। ठाणे व मुंबई के सभी राजस्थानी भाइयों को निमंत्रण भेजा जा रहा है यह जानकारी मनोज रमेश कुमार रावल ने दी।ओर ज्यादा से ज्यादा संख्या में परिवार सहित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का समस्त राजस्थानी परिवारों को आह्वान किया है। इस भक्ति संध्या में राजस्थानी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। वहीं मन लुभावन भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।



- मुंब्रा शिव मंदिर में गूंजेगी श्री रामसा पीर की धुन

# प्राकृतिक पंचतत्वों से जुड़ी नई भोजन प्रणाली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** नई भोजन प्रणाली पर प्रवासी हेल्थ वेलनेस सेंटर गोरेगांव पूर्व में चर्चासत्र आयोजित किया गया जिसमें देश में नई भोजन प्रणाली के प्रमुख सूत्रधार बी वी चौहान एवं सरोज चौहान ने लोगों को नई भोजन पद्धति के बारे में सविस्तार जानकारी दी। उनका कहना है कि यदि हम भोजन पर कंट्रोल कर लेते हैं, तो कोई भी बीमारी हमें नहीं होगी। हमारा जीवन प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बना हुआ है, किंतु हमारे द्वारा की जाने वाली भोजन की अनियमिता के कारण हमारे शरीर में कई रोगों का जन्म होता है। लाइफ स्टाइल बीमारियों की दवाएं बीमारी को ठीक करने में सक्षम नहीं होती है। विशेष रूप से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, की दवाई यह सिर्फ इनके लक्षणों को दबा देती है, उन्हें ऊपर आने से रोकती है। ताकि पेशेंट को इसकी तकलीफ दिखाई ना दे। किंतु यदि हम अपने जीवन पद्धति में थोड़ा सा बदलाव लाते हैं और नई भोजन प्रणाली को अपनाते हैं तो यह बीमारियां जड़ से खत्म हो सकती हैं। बहुत से लोगों ने इन बीमारियों को रिवर्स करने में सफलता पाई है। नई भोजन पद्धति का मतलब प्लांट बेस्ड फूड खाना है। सभी प्रकार की हरी सब्जियां, सलाद, सभी प्रकार के फ्रूटस, अंकुरित चना, मोठ,मुंग इत्यादि चीजों को भोजन में शामिल किया जाए। संभव हो सके उतना कच्चा खाना खाना चाहिए। दूध एवं दूधजन्य पदार्थ, बेकरी पदार्थ, प्रोसेस पैकेट में बंद फूड इत्यादि नहीं खाना चाहिए। कार्यक्रम के शुरुआत में कृष्णकुमार झुनझुनवाला ने बी वी चौहान का स्वागत किया। संचालन प्रदीपभाई शाह ने किया। राजूभाई सरवैय्या का विशेष योगदान था। चर्चासत्र में मीना झुनझुनवाला, दीनदयाल मुरारका, देवमणि पांडे, सुभाष काबरा, नरेंद्र मौर्य एवं अन्य उपस्थित थे।



# मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र के एनएच हाईस्कूल में कचरा वर्गीकरण प्रतियोगिता

**मीरा-भायंदर।** मीरा-भाईंदर मनपा आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) की मौजूदगी में स्वच्छतेची पाठशाळा यह उपक्रम एनएच हाईस्कूल में क्रियान्वित किया गया। स्कूल में छात्रों को कचरा वर्गीकरण का महत्व, वर्गीकरण कैसे करें, क्यूआर कोड, घनकचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट की कचरा प्रक्रिया प्रणाली के बारे में मार्गदर्शन किया गया। कचरे के चार प्रकार के वर्गीकरण के बारे में और स्वच्छता के महत्व के संबंध में छात्रों से संवाद किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डा. सचिन बांगर, सहायक आयुक्त योगेश गुणीजन, सहायक आयुक्त प्रभाग समिति क्रमांक 05 प्रियांका भोसले, स्वच्छता निरीक्षक, मुख्याध्यापक, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। छात्रों में स्वच्छता के संबंध में जनजागरुकता करना और कचरे के वर्गीकरण का महत्व उन्हें समझाना, इस उपक्रम का उद्देश है। आयुक्त ने खुद छात्रों को चार प्रकार के कचरा वर्गीकरण के बारे में जानकारी दी और उनसे संवाद किया। सेग्रीगेशन100@होम का अर्थ है घर पर 100 प्रतिशत अपशिष्ट पृथक्करण।






■ **नवी मुंबई:** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस व बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर नवी मुंबई महानगरपालिका मुख्यालया के एम्फिथिएटर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य लेखा व वित्त अधिकारीसत्यवान उबाळे, समाजविकास विभाग उपायुक्त किसनराव पलांडे, महापालिका सचिव श्रीमती चित्रा बाविस्कर, कार्यकारी अभियंता यशवंत कापसे, प्रशासकीय अधिकारीउत्तम खरात वविलास मलुष्टे के साथ ही नमुंमपा अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

सैफ अली हमले का मामला

# पुलिस को मिला चाकू का आखिरी टुकड़ा

**मुंबई।** मशहूर फिल्म एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमला हुआ था, उन्हें चोटें भी आई थी। हालांकि इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। सैफ पर हमले ने हर किसी को हिलाकर रख दिया था। बांद्रा पुलिस ने हमले में शामिल चाकू का तीसरा और आखिरी गायब टुकड़ा बरामद कर लिया है जिससे हमला करने के बाद आरोपी ने फेंक दिया था। इसके अलावा उसका लाइसेंस भी बरामद हुआ है। हमले के बाद चाकू का तीन इंच का टुकड़ा सैफ की पीठ के अंदर फंस गया था। उसे सर्जरी के बरामद किया गया था। इसके अलावा दूसरा छोटा टुकड़ा, जिस पर खून लगा हुआ था, अपराध के बाद किए गए पंचनामे के दौरान उसके घर में पाया गया। वहीं हैंडल वाला अंतिम बड़ा हिस्सा तालाब के पास पाया गया। आरोपी का बांग्लादेश से जुड़ा डाक्यूमेंट सामने आया आरोपी शरीफुल इस्लाम का बांग्लादेश का ड्राइविंग लाइसेंस सामने आया है। गवर्नमेंट ऑफ द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश और बांग्लादेश रोड ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, बरीसाल द्वारा जारी शरीफुल इस्लाम के ड्राइविंग लाइसेंस से यह जानकारी सामने आई है। बता दें कि 21 नवंबर 2019 को बरीसाल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, बांग्लादेश ने शरीफुल इस्लाम को यह ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया था, जो 21 फरवरी 2020 तक वैध था। यह एक दोपहिया वाहन का लर्निंग लाइसेंस था। लाइसेंस नंबर 144 है। शरीफुल इस्लाम के पिता का नाम मोहम्मद रूल हमीद है।

- शरीफुल के बांग्लादेशी होने के मिले सबूत

# टोपीवाला मनपा मंडी में भूस्वामियों के पुनर्वास को मिले प्राथमिकता : मनपा आयुक्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** गोरेगांव पश्चिम में प्रस्तावित टोपीवाला मनपा मंडई का उद्घाटन मनपा आयुक्त एवं प्रशासक द्वारा किया गया। आयुक्त भूषण गगरानी ने 23 जनवरी को यहां दौरा किया और साथ ही निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने भूस्वामियों को उपयोग हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्य तेजी से पूरे करने और भूस्वामियों के पुनर्वास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक विद्या ठाकुर, उपायुक्त (इंफ्रास्ट्रक्चर) उल्हास महाले, निदेशक (इंजीनियरिंग) गोविंद गारुले, नगर अभियंता महेंद्र उबाले, सहायक आयुक्त (बाजार) मनीष वलंजू, सहायक आयुक्त (पी उत्तर) संजय जाधव, उप प्रमुख अभियंता यतीश रांदेरिया, कार्यकारी अभियंता प्रीतम सातर्डेकर सहित संबंधित अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित थे। मनपा ने टोपीवाला म्यूनिसिपल मार्केट के पुनर्विकास का कार्य शुरू किया है। गोरेगांव पश्चिम के मौजे पहाड़ी गोरेगांव में बनने वाली यह 16 मंजिला इमारत एक आवासीय क्षेत्र है। इस भवन में 800 सीटों की क्षमता वाला एक सुसज्जित थिएटर भी है। बाजार में कुल 206 स्टॉल होंगे। इसमें भूतल पर 112 कमरे और प्रथम तल पर 94 कमरे हैं। इसके साथ ही भवन में कुल 53 आवासीय अपार्टमेंट भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार, 192 वाहनों के लिए पार्किंग उपलब्ध होगी। छत मनोरंजन सुविधाओं और खेल क्षेत्रों के लिए आरक्षित है। इस भवन का पुनर्विकास 30 महीने की अवधि के भीतर पूरा करने की योजना है। इस आकर्षक भवन का निर्माण लगभग 3,438 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। स्थल का निरीक्षण करने के बाद मनपा आयुक्त एवं प्रशासक गगरानी ने कहा कि भूमि मालिकों को स्थान उपलब्ध कराने के लिए भवन निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए। परियोजना से संबंधित मामलों को क्रियान्वित किया जाना चाहिए ताकि अगले वर्ष के भीतर इस स्थान का उपयोग किया जा सके। भूस्वामियों को राहत देते हुए पुनर्वास के प्रारंभिक चरण में दो मंजिलों का निर्माण पूरा किया जाना चाहिए, ताकि भूस्वामी इस स्थान का उपयोग व्यवसाय के लिए कर सकें।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य शिविरों से नागरिकों को लाभ

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के क्षेत्राधिकार में डेंगू बुखार/डेंगू रोग के प्रसार को रोकने के लिए आयुक्त डा. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और इन शिविरों को नागरिकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। शिविरों में आए नागरिकों के बीच डेंगू बुखार/डेंगू रोगों के बारे में प्रभावी ढंग से जागरुकता पैदा की गई। इस प्रकार, नमुंमनपा के कार्य के दायरे में अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचने के लिए, 23 जनवरी को 26 नागरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत विविध स्थानों पर सार्वजनिक शिविरों का आयोजन किया गया था। इन शिविरों के लिए 10139 लोगों ने सहभागिता की। शिविरों में 697 रक्त के नमूने संग्रहित किए गए। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र में डेंगू बुखार/डेंगू रोड के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए 3 अगस्त से 23 जनवरी तक कुल 394 सार्वजनिक शिविरों का आयोजन किया गया है और इन शिविरों में 169114 लोगों ने लाभ लिया है। शिविरों में कुल 15307 रक्त के नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा, गणेशोत्सव, नवरात्रौत्सव जैसे त्यौहारों और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान डेंगू बुखार/डेंगू रोग के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के साथ-साथ, यदि नवी मुंबई के नागरिक अपने घरों के अंदर और आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने, अपने घरों और आसपास को साफ रखने और आसपास के क्षेत्र/छत से मलबा हटाने पर ध्यान दें, तो यह संभव हो सकेगा। नवी मुंबई में डेंगू बुखार/डेंगू रोग पर अंकुश लगाना संभव है। आयुक्त डा. कैलास शिंदे की ओर से इस बाबत अपील की है।



# गांवदेवी बस स्टॉप के पास पेड़ गिरा

▶▶ कुत्ते के काटने से फायरमैन घायल

**ठाणे।** ठाणे (पश्चिम) के गांवदेवी मैदान के बगल में, ठाणे में संतोषी माता मंदिर के पास, गांवदेवी बस स्टॉप के परिसर में एक पेड़ गिर गया था। घटना की सूचना मिलने पर आपदा प्रबंधन कर्मचारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और पेड़ को हटाया। घटनास्थल पर जब पेड़ काटने का काम चल रहा था, तभी फायरमैन रवींद्र शेलके (37) को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया और उनके दाहिने पैर में चोट लग गई। सूर्यवंशी विस्पुते (26) को कुत्ते द्वारा दाहिने पैर पर काटने से दोनों कर्मचारी घायल हो गए। दमकल कर्मियों को कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर गिरे पेड़ के खतरनाक हिस्से को आपदा प्रबंधन केंद्र के कर्मचारियों और अग्निशमन कर्मियों की मदद से काट दिया गया है।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## सिर्फ कुछ चेहरों की चर्चा : पोकरण विधायक प्रतापपूरी

# सोशल मीडिया पर महाकुंभ गौण, पता नहीं कौनसी साजिश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** पोकरण से विधायक और तारातरा मठाधीश प्रतापपुरी महाराज ने महाकुंभ को लेकर सोशल मीडिया के रुख पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा- महाकंभु को लेकर संतों और अध्यात्म की चर्चा होनी चाहिए थी। लेकिन सोशल मीडिया न जाने किन-किन चेहरों की चर्चा कर रहा है। कुंभ को बिल्कुल गौण कर दिया गया है। पता नहीं यह कौन सी साजिश है। पोकरण विधायक का इशारा सोशल मीडिया पर फेमस हो रही मोनालिसा भोसले (माला बेचने वाली लड़की), आईआईटियन बाबा और मॉडल हर्षा की ओर था। विधायक प्रतापपुरी बुधवार रात नौ बजे बाड़मेर में स्टेशन रोड पर एडवोकेट किरण मंगल के ऑफिस में हुई गौशाला मीटिंग में हिस्सा लेने पहुंचे थे। बैठक में इलाके की गौशालाओं से जुड़े मुद्दों पर पदाधिकारियों से चर्चा हुई। मीटिंग के बाद रात 11 बजे विधायक ने महाकुंभ को लेकर अपनी बात रखी।

### पूर्वजों ने ओरण-गोचर बनाएं, लेकिन रिकॉर्ड में दर्ज नहीं

विधायक प्रतापपुरी ने बाड़मेर में ओरण के मुद्दे पर कहा- ओरण गोचर को लेकर पहले भी मैंने विधानसभा मुद्दा उठाया, आगे भी उठाऊंगा। पश्चिमी राजस्थान में गाय हमारे जीवन का आधार है। हमारा क्षेत्र गो-बाहुल्य है। हमारे पूर्वजों ने गाय के लिए ओरण, गोचर, तालाब व्यवस्थित ढंग से बनाए। अपने रहने से भी ज्यादा गायों के लिए व्यवस्था की। वह जमीनें रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाईं। इसलिए आज तक विसंगति है। मैंने पिछली बार भी विधानसभा में यह विषय उठाया था। पूर्वजों की ओर से छोड़ी गई ओरण, गोचर और तालाब की जमीनें रिकॉर्ड में ली जाएं। मुझे विश्वास है कि सरकार इसको गंभीरता से लेकर रिकॉर्ड में दर्ज करेगी।

### राजनीतिक स्वार्थ के लिए क्रिटिसाइज कर रहे

विधायक प्रतापपुरी ने कहा- करीब डेढ़ सौ साल बाद महाकुंभ का योग बना है। पता नहीं कितनी पीढ़ियां यह नहीं देख पाई होंगी। प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। कुंभ की अनुभूति ही अलग है। वहां कितना सुंदर मैनेजमेंट किया गया है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम यह देख पा रहे हैं। अच्छी व्यवस्थाओं के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार। राजस्थान सरकार ने भी वहां अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। महाकुंभ में शामिल होने के लिए पूरा विश्व आ रहा है। अंग्रेज देशों के अलावा मुस्लिम देशों से भी लोग आ रहा है। वे यहां खोज कर रहे हैं, महाकुंभ पर रिसर्च कर रहे हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक स्वार्थ के चलते महाकुंभ को क्रिटिसाइज किया जा रहा है। लोग इसके खिलाफ बोल रहे हैं। यह उचित नहीं है। कुंभ तो संतों की आध्यात्मिक चर्चा के लिए था। लेकिन सोशल मीडिया पर किन-किन चेहरों की चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया ने कुंभ को गौण कर दिया है। जो चर्चा होनी थी उसे छोड़ अलग मुद्दों को सोशल मीडिया पर प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। हमें कुंभ का उद्देश्य नहीं भूलना चाहिए। बाड़मेर की जनता को भी कुंभ में जाने का सौभाग्य मिला है। महाकुंभ में जरूर जाना चाहिए। यह विश्व का सबसे बड़ा मेला है। समय निकालकर इसमें शामिल होना चाहिए।

### राम मंदिर के लिए पुरखों ने संघर्ष किया

विधायक प्रतापपुरी ने राम मंदिर को लेकर भी विचार रखे। कहा- हमारे पुरखों में 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। आहुतियां दीं। हमारा सौभाग्य है कि हमने इसे बनते देखा। जिन पुरखों ने इसके लिए बलिदान दिया वे इसे बनता नहीं देख पाए लेकिन हमने यह सपना साकार होते देखा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर टीना डाबी होंगी सम्मानित

**जेंडर रेशियो 877 से बढ़कर 897**

▶▶ **राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को करेंगे सम्मानित**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को निर्वाचन संबंधित उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रोग्राम के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को सम्मानित करेंगे। बाड़मेर जिला कलक्टर के अलावा चार अन्य जिला निर्वाचन अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बाड़मेर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रोग्राम के तहत बेहतरीन कार्य हुआ। इसमें बाड़मेर जिले का जेंडर रेशियों 877 से बढ़कर 897 हो गया है।

### महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर फोकस

- जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी के मुताबिक बाड़मेर जिले में जेंडर रेशियो में सुधार के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया। इसके तहत मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने और संशोधन करने के लिए प्राप्त आवेदनों तथा प्रारूप सूचियों पर प्राप्त दावे- आपत्तियों का प्राथमिकता से निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को विशेषकर बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता-जनसंख्या अनुपात, ईपी रेश्यो और पुरुष-महिला मतदाता लिंगानुपात जेंडर रेश्यो के आंकड़ों में सुधार के लिए अधिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। बालिकाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़वाने की परिपाटी को देखते हुए उनके परिजनों को समझाइश के जरिए प्रेरित किया गया। इसके उत्साहजनक परिणाम सामने आए। नवविवाहित महिलाओं के नाम भी प्राथमिकता से जुड़वाए गए। मरु उड़ान अभियान के अलावा मतदान केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन करने के साथ आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं समेत अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया गया।

# खेत में ग्रामीणों पर गुर्राने वाला लेपर्ड पिंजरे में!

▶▶ **तेंदुए को देखने जुटी भीड़, विधायक से लगाई थी गुहार**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** सलूंबर के सराड़ी इलाके में वन-विभाग ने लेपर्ड को पिंजरे में कैद किया है। यहां पिछले 40 दिन से लेपर्ड के मूवमेंट के चलते लोगों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया था। कभी रात को अचानक राह चलते सामने आ धमकता तो कभी खेत में बैठा नजर आ जाता था। इसके बाद स्थानीय विधायक से गुहार लगाई तो इलाके में पिंजरों की संख्या बढ़ाई गई थी। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि स्पष्ट नहीं है कि यह वहीं लेपर्ड है, जिससे कई बार उनका सामना हो चुका है। बुधवार शाम खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने लेपर्ड की गुर्राहट सुनी। पास जाकर देखा तो पिंजरे में लेपर्ड कैद था। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग के लोकेंद्र सिंह चौहान और गौतम सालवी ने बताया कि दो दिन से ढोल काकर और पानी कोटड़ा क्षेत्र के आसपास लेपर्ड के मूवमेंट होने का संदेह था। यहां माना बावजी मंदिर के पास पिंजरा लगाया गया था। बुधवार शाम ग्रामीण अपने खेतों की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पिंजरे की ओर से लेपर्ड के गुर्राने की आवाजें आ रही थी। पास गए तो पिंजरे में लेपर्ड कैद था। सूचना मिली तो पहुंचे और लेपर्ड को रेस्क्यू किया। जैसे ही ग्रामीणों को लेपर्ड के पिंजरे में आने की सूचना मिली तो भीड़ इकठ्ठा हो गई। ग्रामीण अपना फोन ले आए और लेपर्ड की तस्वीर अपने कैमरे में कैद करने लगे।

### घर की छत पर चढ़ा तेंदुआ

इधर, बुधवार को पूरे दिन सलूंबर के नागदा में लेपर्ड की दहशत रही। सुबह यहां एक बच्ची ने घर के बाहर से मोहल्ले की छत पर लेपर्ड को देखा था। हल्का अंधेरा और कोहरा होने के चलते बंदर समझकर वीडियो बनाया। जैसे ही लेपर्ड खड़ा होकर मुंडेर से नीचे झांकने लगा तो समझ आया कि यह तेंदुआ है। इसके बाद पूरे दिन वन-विभाग की टीम यहां जुटी रही और लेपर्ड की तलाश करती रही। टीमों ने ड्रोन उड़ाकर पूरे इलाके को खंगाला लेकिन, लेपर्ड का पता नहीं चला। वहीं शाम को पुलिस ने नागदा बाजार बंद करवा दिया और सभी को घरों में रहने की हिदायत दी थी।

# सैलानियों को परेशान करते तीन लपके धरे

▶▶ **कमीशन के लालच में होटलों में ले जा रहे थे**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस ने ऑपरेशन वेलकम के तहत तीन लपकों को गिरफ्तार किया है। तीन लपके सैलानियों का पीछा कर उनको अपने होटलों में ले जाने के लिए परेशान कर रहे थे। शहर कोतवाली पुलिस ने इशाक खान, भाय खान और मुख्तार खान को पकड़ा। शहर कोतवाल प्रेम दान ने बताया कि पर्यटन सीजन में शहर में सैलानियों का आना जारी है। ऐसे में कमीशन पर अपने होटलों में ले जाने के लिए लपके भी सक्रिय हैं।

### कमीशन पर होटल ले जाने करते परेशान

एसएचओ प्रेमदान ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने तीन लपकों को सैलानियों का पीछा कर उनको विजिटिंग कार्ड दिखाकर अपनी होटलों में ले जाने के लिए परेशान करते देखा। पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़ा। पकड़ने के दौरान जानकारी में आया कि ईशाक पुत्र सफिये खान निवासी हसन का गांव हासुवा पुलिस थाना सदर, भाय खान पुत्र आड़त खान निवासी ईसानियों का गांव हाबूर और मुख्तार खान पुत्र यार मोहम्मद निवासी तिबनसर, लपके हैं और कमीशन के चक्कर में सैलानियों को होटलों में कमरे दिलाते हैं। ऐसे में कई बार सैलानियों के साथ ठगी भी होती है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। एसएचओ प्रेम दान ने बताया कि जिले में पर्यटन सीजन के आगाज के साथ ही एसपी जैसलमेर के निर्देशन में जिले में ऑपरेशन वेलकम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एसपी जैसलमेर सुधीर चौधरी द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर, सम एवं प्रभारी डीएसटी को विशेष दिशा-निर्देश देकर लपकों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# जैसलमेर में 11 दिन बाद पारा 25 डिग्री पार

▶▶ **दिन व रात के तापमान में 16 डिग्री का अंतर**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में कड़ाके की सर्दी से पिछले दो दिनों से राहत मिली हुई है। गुरुवार को सुबह से मौसम साफ रहा। वहीं दिन में सर्दी गायब हो गई है। हालांकि अलसुबह व शाम को सर्दी का असर तेज रहता है। मगर दोपहर में धूप में बैठने पर धूप भी तीखी लग रही है और लोगों को गर्म कपड़े भी उतारने पड़ रहे हैं। जिले में तापमान में हो रही लगातार बढ़ोतरी से लोगों को दिन व रात में कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। शहर से लेकर नहरी क्षेत्रों में भी सर्दी का असर कम हो चुका है। रात का पारा भी 10 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। वहीं 11 दिन बाद फिर से अधिकतम तापमान 25 डिग्री के पार पहुंच गया।



### मौसम साफ रहने की संभावना

मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि आगामी एक-दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था। बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म हो चुका है। आगामी दिनों में जयपुर, बीकानेर व भरतपुर संभागों में घना कोहरा छाने की संभावना है। लेकिन जैसलमेर में घना कोहरा, शीतलहर व बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## उदयपुर में कंटेनर भभका, ड्राइवर-कंडेक्टर ने कूदकर जान बचाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**उदयपुर।** उदयपुर में उदयपुर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक चलते हुए कंटेनर में अचानक आग लग गई। कंटेनर के पीछे की बॉडी से तेज आग की लपटें निकलने लगी। ड्राइवर और खलासी ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास लोगों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम और डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसा डबोक चौराहा से गुजरी रही पुलिया पर हुआ। करीब दो घंटे तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। पुलिस ने वाहनों को सर्विस रोड से डायवर्ट कराया। आग बुझने के बाद यातायात व्यवस्था बहाल कराई। प्राथमिक जांच कंटेनर में शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 846 | 850 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 258 | 260 |
| जिंक स्लैब | 275 | 277 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 181 |
| टिन स्लैब | 2663 | 2673 |
| निकल | 1380 | 1400 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 802 | 804 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 794 | 796 |
| कॉपर आर्मेचर | 782 | 784 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 734 | 735 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 535 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 571 | 574 |
| एल्युमिनियम | 198 | 197 |

**लंदन मेटल मार्केट**
**तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)**

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9084 | -1350 |
| टिन | 29700 | -100 |
| लीड | 1933 | -1925 |
| जिंक | 2814 | -1825 |
| एल्युमिनियम | 2598 | -2500 |
| निकल | 15450 | +1825 |

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा, 76520 पर बंद

### ▶▶ निफ्टी में भी 50 अंकों की तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में 23 जनवरी को बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही, ये 23,205 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट देखने को मिली।

स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेम का शेयर 33% ऊपर लिस्ट आज स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेम का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 33.3% प्रीमियम के साथ 120 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि इसके बाद इसमें और तेजी देखने को मिली, इसका शेयर एनएसई पर 36.00 (40.00%) 126 रुपए पर बंद हुआ। इसका इश्यू प्राइस 90 रुपए प्रति शेयर था।

### ▶▶ एशियाई बाजारों में रहा मिला-जुला कारोबार

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.79% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.51% की तेजी रही। कोरिया के कोस्पी में 1.24% की गिरावट देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 22 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,026 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,640 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 22 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.30% की तेजी के साथ 44,156 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61% चढ़कर 6,086 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 1.28% की तेजी रही। आज से ओपन हुआ डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 23 जनवरी को दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू में 24 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 29 जनवरी को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।



इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 220.50 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें 75 लाख नए शेयर जारी किए हैं।

कल शेयर बाजार में रही थी तेजी इससे पहले 22 जनवरी को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 566 अंक की तेजी के साथ 76,404 पर बंद हुआ था।

वहीं निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही, ये 23,155 के स्तर पर बंद हुआ था।

### सोने-चांदी में गिरावट

## सोना 155 रुपए गिरकर 80039 रुपए पर आया

### चांदी 90633 रुपए प्रति किलो बिक रही

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 23 जनवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 155 रुपए गिरकर 80,039 रुपए हो गया है। इससे पहले बुधवार को सोने ने 80,194 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज गिरावट है। ये 615 रुपए गिरकर 90,633 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 91,248 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



# 10 लाख तक कमाई हो सकती टैक्स-फ्री!

- बजट में मिल सकता नया इनकम टैक्स स्लैब!
- अभी 7.75 लाख तक की आय टैक्स-फ्री




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को 2025-26 का बजट पेश करते हुए आयकर देने वालों को बड़ी राहत दे सकती हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार, 20 लाख रुपए तक कमाने वाले आयकरदाताओं को टैक्स में छूट दे सकती है। इसके लिए फिलहाल दो विकल्पों पर विचार हो रहा है। पहला- 10 लाख रुपए तक सालाना आय को टैक्स-फ्री करना और दूसरा- 15 से 20 लाख रुपए की आय वालों के लिए 25% का नया टैक्स स्लैब बनाना। हालांकि यह छूट नए टैक्स रिजीम वालों को ही देने की तैयारी है। फिलहाल, 75,000 रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ, सैलरीड पर्सन को 7.75 लाख रुपए तक आय पर टैक्स नहीं देना पड़ता। वहीं, 15 लाख रुपए से ऊपर आय वाले 30% टैक्स स्लैब में आते हैं। सूत्रों के मुताबिक यदि ये विकल्प लागू होते हैं तो केंद्र सरकार को लगभग 50,000 करोड़ से एक लाख करोड़ रुपए तक राजस्व का नुकसान हो सकता है। एक्सपर्ट बोले 20 लाख तक आय वालों के लिए हो 25% स्लैब ऐसे समय में जब, जीडीपी ग्रोथ धीमी है, आयकर छूट में राहत शहरी खपत बढ़ाएगी। इससे पहले 2023 के बजट में आयकर में राहत दी गई थी। तब नए टैक्स रिजीम वालों के लिए धारा 87ए में कर छूट बढ़ाकर सात लाख रुपए तक की गई थी। हालांकि नए टैक्स रिजीम में ज्यादातर छूट का फायदा नहीं मिलता। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज के पूर्व सदस्य अखिलेश रंजन का कहना है कि सरकार को 15 लाख से 20 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए 25% का टैक्स स्लैब लाना चाहिए। इससे लोगों के पास ज्यादा पैसा रहेगा, जिससे खपत बढ़ेगी। ये वहीं लोग हैं जो फ्रिज, टीवी जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल खरीदते हैं। इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज इन कॉम्प्लेक्स चॉइसेस के प्रो. अनिल सूद भी कहते हैं- 15 लाख रुपए से थोड़ी अधिक आय पर 30% का टैक्स रेट सही नहीं है। पुरानी और नई टैक्स रिजीम में अंतर, 2020 में दिया था नया ऑप्शन इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने के दो ऑप्शन मिलते हैं। एक अप्रैल 2020 को नया ऑप्शन दिया गया था। नए टैक्स स्लैब में टैक्स फ्री इनकम का दायरा 2.5 लाख रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर दिया गया, लेकिन इसमें टैक्स डिडक्शन छीन लिए गए। वहीं, अगर आप पुराना टैक्स स्लैब चुनते हैं तो आप कई तरह के टैक्स डिडक्शन का फायदा ले सकते हैं।

### रिलायंस जियो क्वाईन

# रिलायंस जियो क्वाईन से छप्परड़फाड़ कमाई का मौका!

**मुंबई।** भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपनी कंपनी रिलायंस जियो के माध्यम से ब्लॉकचेन और वेब3 तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए पॉलीगॉन लैब्स के साथ साझेदारी की है। यह सहयोग जियो की डिजिटल सेवाओं को और मजबूत बनाने का उद्देश्य रखता है।

जियो क्वाईन एक ब्लॉकचेन-आधारित रिवॉर्ड टोकन है, जिसे जियो की विभिन्न सेवाओं और ऐप्स जैसे माई जियो और जियो सिनेमा के माध्यम से अर्जित किया जा सकता है। इसके अलावा, जियो स्फीयर ब्राउज़र का उपयोग करके इंटरनेट ब्राउज करने पर भी टोकन मिलते हैं। ये टोकन उपयोगकर्ताओं के पोलीगोंन वॉलेट में सुरक्षित रहते हैं। हालांकि, अभी इन्हें किसी मार्केट में खरीदा या बेचा नहीं जा सकता।

जियो क्वाईन सीधे खरीदा नहीं जा सकता। इसे कमाने के लिए जियोस्फीयर ब्राउजर का उपयोग करना होगा।

अपने एंड्रॉइड या iOS डिवाइस पर जियोस्फीयर ब्राउजर डाउनलोड करें।

अपने जियो नंबर से साइन अप करें।

प्रोफाइल आइकन पर क्लिक करें और 'Jio Coin Wallet' ऑप्शन चुनें।

लॉगिन के बाद टोकन कमाना शुरू करें।




## आपका राशिफल 24 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक 5 7 8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। शुभांक 3 5 7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का ग्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

# दो मंदिर सहित चार मकानों के ताले टूटे, थाने का किया घेराव

**तीन किलो चांदी, तीन तोला सोना, दान पात्र-छत्र ले गए चोर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में भाद्राजून थाना इलाके के भूति गांव में बुधवार रात 2 मंदिरों और 4 मकानों के ताले टूट गए। इसके बाद गुरुवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने भाद्राजून थाने का घेराव कर दिया। बुधवार को हुई चोरी में चोर 3 किलो चांदी, 3 तोला सोना, 12 हजार कैश, मंदिर से छत्र-दानपात्र ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की। भाद्राजून थानाधिकारी कमलकिशोर ने बताया- भूति गांव में बुधवार की रात में 6 जगह चोरों ने ताले तोड़े। गांव के संतोष पुत्र भराराम माली के यहां से 2 किलो चांदी के आभूषण, 2 तोला सोने के जेवरात व 12 हजार कैश ले गए। ताराराम पुत्र चैनाराम माली के घर से 1 किलो चांदी और अन्य सामान ले गए। विमल पुत्र मीठालाल मेहता और खेतमल पुत्र भीकमचंद मेहता के मकान में जेवरात नहीं मिले तो सामान बिखेर दिया। इन 4 मकानों के मालिक व्यापार को लेकर अन्य प्रदेश में रहते हैं। क्या सामान चोरी हुआ, उनके आने के बाद ही पता चलेगा।



### दो मंदिरों में हुई चोरी

थानाधिकारी कमलकिशोर ने बताया- चोरों ने गांव के महादेवजी मंदिर व ठाकुरजी मंदिर के ताले तोड़े। चांदी के छत्र व अन्य आभूषणों की चोरी हुई है। महादेवजी मंदिर से दान पात्र भी चोरी कर ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले बुधवार को भी भाद्राजून थाना क्षेत्र में 3 मकानों और महादेवजी मंदिर के ताले टूटे थे। तब चोर मंदिर से छत्र सहित अन्य आभूषण चोरी कर ले गए थे। 5 चोर सीसीटीवी में कैद हुए थे। लोगों ने जालोर-जोधपुर हाईवे जाम किया था। डीएसपी जयराम ने 7 दिन में खुलासा करने का आश्वासन दिया था। खुलासा तो हुआ नहीं लेकर 7 दिन में चोरों ने दोबारा वारदात कर दी। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# सरस्वती विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के निकटवर्ती सरस्वती विद्या मन्दिर विद्यालय मालवाड़ा में वार्षिकोत्सव परिवर्तन 2025 कार्यक्रम का गुरुवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व सरपंच रिडमलसिंह डाभी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के संचालक तरुण गहलोत ने आने वालों का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने अपने सम्बोधन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाली छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्या के साथ-साथ संस्कार की भी शिक्षा लेनी चाहिए। शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है उसके साथ ही संस्कारों की भी आवश्यकता है। साथ विद्यार्थियों से कहा कि आपकी जो पीढ़ी है वह बहुत ही सौभाग्यशाली है। पूर्व विधायक ने छात्रों को शिक्षा में अपनी नींव मजबूत करने की बात कही ताकि पढ़कर के शिक्षा के क्षेत्र में उंचा उठकर प्रतियोगी परिक्षाएं देकर जीवन में सफलता लेने को कहा। वहीं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का दौरा रद्द होने पर पूर्व विधायक ने उनकी तरफ से भी छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को पूर्व सरपंच रिडमलसिंह डाभी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान विद्यालय की होनहार छात्राओं को मेडल पहनाकर प्रस्तत पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सांचौर जिला रद्द करने का विरोध

# जालोर जाने को लोग मजबूर

**पूर्व मंत्री बिश्नोई के नेतृत्व में 25 दिन से धरना से जारी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** सरकार द्वारा सांचौर जिले को निरस्त किए जाने के विरोध में स्थानीय नागरिकों का आंदोलन जारी है। सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले पूर्व राज्य सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में चल रहा धरना आज 26वें दिन में प्रवेश कर गया है। 28 दिसंबर 2024 को सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचौर जिले को रद्द कर दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जबकि डीग, खैरथल और सलूंबर जैसे नए जिले बरकरार हैं, जो आबादी के हिसाब से सांचौर के बराबर हैं।

**विरोध का मुख्य कारण दूरी का मुद्दा**

सांचौर से जालौर जिला मुख्यालय 145 किलोमीटर दूर है और कुछ गांव जैसे आकोड़िया रणखार तो करीब 250 किलोमीटर दूर हैं। पूर्व सरकार की रामलुभाया कमेटी ने दूरी और आबादी के मानकों के आधार पर नए जिले बनाए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला मुख्यालय नजदीक होने से उनके सरकारी काम आसानी से हो रहे थे और आर्थिक बोझ भी कम था। उल्लेखनीय है कि लोगों ने पहले भी 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक अनशन और महापड़ाव किया था। संघर्ष समिति का कहना है कि जब तक सांचौर जिले को पुनः बहाल नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उनका मानना है कि किसी भी जनहित के निर्णय को आगे बढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी होती है, न कि उसे निरस्त करना। इस दौरान जिला बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट भीमाराम चौधरी, सांचौर बार एसोसिएशन अध्यक्ष लाधू सिंह राजपूत किलवा, केशाराम मेहरा धमाना, प्रवीण कुमार विश्नोई जिला परिषद सदस्य जालौर, रामावतार मांजू, खेमाराम पुरोहित, माधाराम सुथार, रमेश सारण युवा कांग्रेस प्रवक्ता, सांवला राम पुरोहित, जवाना राम देवासी, पीराराम पुरोहित, रमेश जानी, नेताराम पुरोहित, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

## महालक्ष्मी मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव पर बैठक का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** महालक्ष्मी मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन को लेकर श्रीमाली ब्राह्मण समाज की मीटिंग मंदिर परिसर में संपन्न हुई प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई श्रीमाली समाज के प्रतिनिधि भाना राम बोहरा ने बताया कि महालक्ष्मी मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह का माहौल है आज बैठक में अब तक प्रतिष्ठा को लेकर की गई तैयारी की समीक्षा की गई आगे क्या काम करना है उस बारे में रूपरेखा तैयार की गई विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया और सभी को जवाबदारी दी गई आज की बैठक में श्रीमाली समाज के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फैदाणी को नई ग्राम पंचायत घोषित करवाने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** पंचायत समिति की गुरुवार को आयोजित सामान्य बैठक में पंचायत समिति सदस्य मनोज देवासी ने ग्राम पंचायत फैदाणी गांव को नई ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग को लेकर राज्य के शिक्षा (विद्यालय/ संस्कृत) एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर के नाम उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान ग्राम पंचायत चांदूर है जिसमें आम्बातरी, फैदाणी व चांदूर तीन गांव सम्मिलित है जिनकी ग्राम पंचायत मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर दूरी थी लेकिन बाड़ी माध्यम सिंचाई परियोजन के तहत सिणधरा बांध बनने के कारण वर्तमान में राजस्व गांव आम्बातरी की दूरी ग्राम पंचायत मुख्यालय से 20 किलोमीटर की है जिससे आमजन को ग्राम पंचायत संबंधित व प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ रहा है राजस्व गांव आम्बातरी एवं फैदाणी की जनसंख्या पांच हजार के करीब है साथ ही दोनों गांवों के बीच की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है अंत ज्ञापन देकर जनहित की मूल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गांव फैदाणी व आम्बातरी को मिलाकर नई ग्राम पंचायत फैदाणी को घोषित करवाने की मांग की।



# अस्पताल में निःशुल्क भोजन सेवा के 25 वर्ष पूर्ण

**जन सेवा के पर्याय नरपतसिंह आर्य**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज एवं उनके साथ परिवार के सदस्य को विगत 25 वर्षों से निरंतर निःशुल्क भोजन वितरण किया जाता है। गीता में उल्लेखित लोक कल्याण के भाव को साकार रूप मिला है भीनमाल के सरकारी अस्पताल में राव नरपत सिंह आर्य द्वारा। राव पिछले 25 वर्षों से निरंतर भीनमाल के सरकारी अस्पताल में ईलाज कराने आए मरीजों एवं उनके परिवार जनों को निःशुल्क भोजन वितरण करके मानव सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है। नरपत सिंह आर्य ने बताया कि आज से 25 वर्ष पूर्व वे एक बार अस्पताल में ईलाज करवाने आए थे तब वहां ईलाज करवाने आए दूसरे गांवों के लोगों के प्रति उनके मन में करुणा का भाव जगा। तब भगवद कृपा एवं अपने पिता स्व. विरद सिंह जी से प्रेरणा लेकर अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती होने वाले मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण सेवा शुरू करने का निर्णय लिया। 25 जनवरी 2025 को निःशुल्क भोजन सेवा के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। राव में करुणा और सेवा के भाव बचपन से ही रहे है। जन सेवा को तत्पर राव गौ सेवा, गरीब, शोषित, वंचितों की सहायता हेतु हमेशा तैयार रहते है। भीनमाल के सरकारी बस स्टेंड पर पिछले 4 वर्षों से उनके द्वारा जल सेवा हेतु एक प्याऊ का संचालन भी किया जा रहा है। राव के पैतृक गांव पुर में उनके पिता स्व. विरद सिंह द्वारा भगवान विष्णु के 24 अवतार, 12 ज्योतिर्लिंग, 9 दुर्गा और प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव को समर्पित विशाल मंदिर का निर्माण करवाया गया है, जिसको पूर्ण करवाने में नरपत सिंह आर्य ने सक्रिय भूमिका निभाई थी। राव ने बताया कि वे सिर्फ निमित्त मात्र है अन्यथा किसी भी व्यक्ति का इतना सामर्थ्य नहीं होता कि वह किसी को कुछ दे सके। परमात्मा इस हेतु किसी न किसी को निमित्त बनाते है। जन सेवा एवं प्राणी मात्र की सेवा भगवद्कृपा एवं माता पिता की प्रेरणा के बिना संभव नहीं है।



# सचिव ने मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह का किया दौरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने गुरुवार को आहोर स्थित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह का दौरा किया। उन्होंने पुनर्वास गृह की व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में दासा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने दौरा करने के बाद कहा- बालकों के रहने के कक्षों का निरीक्षण किया। मेडिकल स्टोर रूम का भी निरीक्षण कर निर्देश दिए हैं कि दवाओं के अवधि की तिथि समय समय पर देखकर अवधि पार दवाइयों को अलग रखें। उन्होंने रसोई घर का भी निरीक्षण किया और भोजन बनाते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से कहा- यहां पर रहने वाले विमंदित बालकों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। ये सभी बालक विशेष श्रेणी के हैं इसलिए इनके स्वास्थ्य की समय समय पर योग्य चिकित्सकों से आवश्यक रूप से जांच करवाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि बालकों को दी जाने वाली दवाइयां चिकित्सकों के निर्देशानुसार समय पर दी जाए। इस दौरान उन्होंने बालकों के खानपान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए इनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए।

पश्चिम रेलवे

विभिन्न कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **क्र.सं. 1: ई-निविदा क्र.: बीसीटी/24-25/266 दि. 20.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: उकाई सोनगड-जलगांव खंड:** ठेकेदारों के पीक्यूआरएस पोर्टल द्वारा थ्रू स्लीपर रिन्युअल (पी)=15.22 किमी तथा टीआरआर (पी)-3.00 किमी तथा टीएसआर (पी)-21.640 टीकेएम। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 9,17,36,591.07, **ईएमडी:** रु. 6,08,700/-, **क्र.सं. 2: ई-निविदा क्र.: बीसीटी/24-25/267 दि. 20.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: उकाई सोनगड-जलगांव खंड:** 8.700 टीकेएम सेस के चौडीकरण के संबंध में एडीईएन-अमलनेर अंतर्गत फॉर्मेशन का चौडीकरण। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 1,59,33, 469.30, **ईएमडी:** रु. 2,29,700/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 14.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समय:** 14.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 0992

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# सिद्धराज जयसिंह सोलंकी की 933वीं जयंती



**सोलंकी राजपूत युवा संगठन ने किया माल्यार्पण**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल में सोलंकी राजपूत युवा संगठन ने पाटण के चक्रवर्ती सम्राट सिद्धराज जयसिंह सोलंकी की 933वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम भीनमाल के महावीर चौराहे के पास स्थित जुजार ठाकुर श्री मालदेव जी सोलंकी व सती माताजी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम चालुक्य कुल शिरोमणि सम्राट सिद्धराज जयसिंह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया और माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्यों में हरिसिंह सोलंकी, जबरसिंह, विजयसिंह, नरेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, डुंगर सिंह, सुजान सिंह, महेंद्र सिंह, चन्दन सिंह और जनक सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी भाग लिया, जिनमें रमेश माली, मुकेश महेश्वरी, बगदे खां मिरासी और रुपाराम मेघवाल प्रमुख रहे। इस तरह यह आयोजन सामाजिक समरसता का उदाहरण बन गया।

# रेत माफियाओं की बल्ले-बल्ले, प्रशासन कुम्भकर्णी नींद में

- रात के अंधेरे में रेत का अवैध खनन कर रहे रेत माफिया
- एक जगह से रुकवाया तो दूसरी जगह खनन शुरू
- जिम्मेदार नहीं कर रहे कोई कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुड़ामालानी।** प्रदेश में रेत माफिया खुलेआम रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। गुड़ामालानी उपखण्ड मुख्यालय पर बिजली विभाग के सामने आवासीय कॉलोनी के पास गोचर भूमि मे इन दिनों रेत के अवैध खनन व परिवहन करने वाले माफिया की चांदी है। वही प्रशासन ने वन विभाग की जमीन मे हो रहे रेत के अवैध खनन को रुकवाया तो रेत माफिया ने दूसरी जगह ढूंढ निकाली और वहां से रेत का अवैध खनन शुरू कर दिया ऐसे में रेत के इस अवैध कारोबार में संबंधित प्रशासन भी शामिल हैं जिनकी शह पर गोचर जमीन से रेत का अवैध खनन और परिवहन धडल्ले से किया जा रहा है। रेत माफियाओं के द्वारा रात के अंधेरे में अवैध खनन और भंडारण लगातार किया जा रहा है। ये माफिया खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते हुए गोचर जमीन में आधा दर्जन जेसीबी मशीने लगाकर बड़े पैमाने पर प्रशासन की आँखों में धूल झोंकते हुए बेखौफ तरीके से रेत के डम्पर भरवाए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं आम जनता का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में रेत का अवैध कारोबार फल फूल रहा है जनता का यह भी कहना है कि अगर हम प्रशासन को सूचना भी देते है तो भी प्रशासन का कोई भी कर्मचारी नहीं आता है बल्कि उन रेत माफियाओं को सूचना दे दी जाती है और माफिया डराने धमकाने आ जाते है।



**गोचर अस्तित्व खतरे में**

■ स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस प्रकार से लगातार बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन हो रहा है ऐसे में गोचर भूमि की जमीन का अस्तित्व खतरे में है क्योंकि अंधाधुंध गोचर जमीन से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

■ अवैध खनन का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है लेकिन रेत का अवैध खनन हो रहा है तो जाँच करवाकर कार्रवाई करवाता हूँ।
- गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी

# रतनपुरा स्कूल को मिला उच्च माध्यमिक का दर्जा

- भामाशाह परिवार ने दिए सवा चार करोड़ रुपए
- शिक्षा मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया शिलान्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान के रतनपुरा गांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। पीएमश्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया है। गुरुवार को आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वर्चुअल माध्यम से इस विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास किया। भामाशाह मोनी देवी हरदानजी सोलकी सेवा समिति रतनपुरा परिवार ने विद्यालय के नवीनतम भवन निर्माण के लिए सवा चार करोड़ रुपये का योगदान दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद देवजी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, शिक्षा मंत्री ओएसडी सुगनाराम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिर में दिया गया दान स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। उन्होंने भामाशाह परिवार के इस योगदान की सराहना की। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति की सफलता का पहला द्वार है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने भामाशाहों को समाज और सरकार की धरोहर बताते हुए उनके सम्मान की बात कही। कार्यक्रम में भामाशाह परिवार के प्रेमाराम, मसराराम, रायमलराम, हरिराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का विशेष सम्मान किया गया।



पश्चिम रेलवे

विभिन्न कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/24-25/269 दि. 22.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: 1) जोरावासन-सूरत खंड:** एसएसई-डब्ल्यू-बिलिमोरा खंड अंतर्गत सेवा भवनों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्टेशन भवनों का सामान्य संधारण। **2) जोरावासन-सूरत खंड:** एसएसई-डब्ल्यू-बिलिमोरा खंड अंतर्गत महत्वपूर्ण सेवा भवनों, क्वार्टर्स, स्टील संरचना अर्थात फुट ओवर ब्रिजेस, कवरशेड, ब्रिज पोर्शन्स की पेंटिंग। **3) जोरावासन-सूरत खंड:** एसएसई-डब्ल्यू-बिलिमोरा खंड अंतर्गत वर्तमान क्षतिग्रस्त स्टाफ क्वार्टर्स की सामान्य संधारण तथा छत लीकेज प्रक्रिया। **4) जोरावासन-सूरत खंड:** एसएसई-डब्ल्यू-बिलिमोरा खंड अंतर्गत कॉलोनियों में ड्रैनेज का उन्नयन कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 5,47,11, 618.54/-, **ईएमडी:** रु. 4,23,600/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 18.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समय:** 18.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **लिखित प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।** 1002

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 580 विद्यार्थियों का पथ संचलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 580 विद्यार्थियों ने किया पथ संचलन। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर रानीवाड़ा की ओर से पथ संचलन का आयोजन किया गया। प्राथमिक भाग से गुरुवार सुबह 11 बजे शुरू हुआ। पथ संचलन की शुरुआत प्रधानाचार्य विष्णु दान चारण अमृत देवासी ने भगवा ध्वज दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। इस भव्य आयोजन में स्कूल के 580 विद्यार्थियों ने घोष दलों के साथ कदमताल करते हुए संचलन किया। पथ संचलन के आगे-आगे सुभाषचंद्र बोस दल चल रहा था घोष वादक के पीछे रानी लक्ष्मीबाई दल के साथ संचलन करते हुए विद्यार्थी चल रहे थे। नगर के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय लोगों ने रंगोली बनाकर और पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया पथ संचलन आदर्श विद्या मंदिर के प्राथमिक भाग से हॉस्पिटल तिराह, राजकीय विद्यालय, गरबा चैक, मुख्य सदर बाजार, पुलिस थाना, पंचायत समिति, राजकीय खेल मैदान से होते हुए पुनः आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक भाग में सम्पन्न हुआ। मार्ग के अलग अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग पथ-संचलन देखने के लिए एकत्रित हुए।



### जसवंतपुरा : सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर पथ संचलन

**जसवंतपुरा।** कस्बे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर श्री सुंधामाता आदर्श विद्या मंदिर की ओर से पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन की शुरुआत वजाराम माली व नैन सिंह देवल ने भगवा ध्वज दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के 250 भैया-बहनों ने घोष दलों के साथ कदमताल करते हुए संचलन किया, पथ संचलन के आगे आगे सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई घोड़े पर सवार तथा विशेष झांकी भी संचलन के साथ-साथ आकर्षित थी। जसवंतपुरा के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन श्री सुंधा माता आदर्श विद्या मंदिर से रवाना होकर चामुंडा माताजी मंदिर, कलापुरा चौराहा, रेवदर मार्ग से पुनः विद्या मंदिर मे पहुंच कर संपन्न हुआ। मार्ग के अलग अलग स्थानो पर बड़ी संख्याओं में लोग पथ संचलन देखने के लिए एकत्रित हुए।

### पथ संचलन निकालकर मनाई सुभाष जयंती

**रामसीन।** कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक द्वारा गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में मनाई गई। प्रधानाचार्य भरत कुमार वैष्णव ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके समर्पण त्याग और देश भक्ति की भावना से प्रेरणा लेने की बात कही। नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती को यादगार बनाने हेतु आदर्श विद्या मंदिर रामसीन के भैया बहनों द्वारा गांव में पथ संचलन निकाला गया। संचलन को विद्या मंदिर के व्यवस्थापक पुखराज सुथार, कोषाध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, समिति के सवाराम घांचीत्र छगनलाल भाटी द्वारा हरी झंडी देकर संचलन दल रवाना किया गया। संचलन दल में सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई, रानी चेन्नम्मा के रूप लिए भैया बहनों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया।

# गांजा तस्कर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर की सायला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 565 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद करने के साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सायला थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह ने बताया कि एसपी ज्ञानचंन्द्र यादव के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सायला थाने की टीम ने नाकाबंदी के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया।



इस दौरान एक आरोपी के कब्जे से 565 ग्राम गांजा बरामद करने के साथ ही सायला थाना क्षेत्र के जीवाणा मार्ग पर स्थित तालियाना निवासी छगनलाल (53 )पुत्र रानाराम जीनगर को गिरफ्तार किया। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, एएसआई राजाराम, रणजीत सिंह, कॉंस्टेबल रमेश कुमार व धर्मपाल शामिल रहे।

पश्चिम रेलवे

संधारण कार्य

उप प्रमुख विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. ईएल-डब्ल्यूए-पीएल-2024-25-19** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** आरएमपीयू युनिटस मात्राः 648 (324 कोचेस) हेतु कार्यक्षेत्र एवं दर अनुसूची अनुसार परंपरागत आरएमपीयू टाइप एसी कोचेस के कंट्रोल पैनल सहित रूफ माउंटेड पैकेज युनिट्स (आरएमपीयू) का संपूर्ण संधारण/ ओवरहॉलिंग। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 7,72,70, 216.88, **ईएमडी:** रु. 5,36,400/-, **निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय:** 01.02. 2025 को 12.00 बजे तक। **निविदा खुलना:** 01.02.2025 को 12.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1000

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-अधिप्राप्ति निविदा सूचना क्र. एस/06/2025 दिनांक 22.01.2025

| क्र. सं. | मद का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 40 | ह्यूमेन अल्बुमिन 20 प्रतिशत | 1955 नग | 17-फेब-25 |
| 41 | सिलिकॉन रेक्टिफायर हेतु ब्लोअर | 160 सेट | 17-फेब-25 |
| 42 | मैटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स | 2235 सेट | 20-फेब-25 |
| 43 | मे. चैतन्य मेक ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन का उन्नतिकरण। | 35 नग | 21-फेब-25 |
| 44 | मोटर सहित ब्लोअर का एमवीएसएल (क्लास-एच) कंप्लीट युनिट इंसूलेटींग लाइन्स। | 213 नग | 21-फेब-25 |
| 45 | थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉन बीम | 48000मी. | 24-फेब-25 |
| 46 | ट्रैक्शन मोटर की आपूर्ति | 16 नग | 27-फेब-25 |

विस्तृत सूचना, ईएमडी, क्रय मर्यादाएं तथा विस्तृत निविदा शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा www. wr.indianrailways.gov.in देखें। 1003

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

ट्रैक्स से जल निकासी साफ-सफाई कार्य

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण), मुंबई सेंट्रल द्वारा नीचे दिए विवरणानुसार ई-निविदा आमंत्रित है।

| क्र. | निविदा सूचना क्र. तथा दिनांक | कार्य तथा स्थान | कार्य की अनु. लागत रु. में | ईएमडी रु. में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/24-25/263 दि. 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार खंड:** एसएसई (पी.वे) दादर, अंधेरी तथा बोरीवली खंड अंतर्गत वर्ष 2025 हेतु डी.जी. पंप्स द्वारा मानसून के दौरान लो लेवल एरिया में ट्रैक्स से जल निकासी। | रु. 1,34,37,760/- | रु. 2,17,200/- |
| 2 | बीसीटी/24-25/264 दि. 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार खंड:** एसएसई (पी.वे) दादर, अंधेरी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत मानसून के दौरान कल्वर्टस से संलग्न कल्वर्टस एवं ड्रैन्स की वार्षिक सफाई। | रु. 13,83,034.96 | रु. 27,700/- |
| 3 | बीसीटी/24-25/265 दि. 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार खंड:** एसएसई (पी.वे) बोरीवली के कार्यक्षेत्र अंतर्गत मानसून के दौरान कल्वर्टस से संलग्न कल्वर्टस एवं ड्रैन्स की वार्षिक सफाई। | रु. 10,65,304.86 | रु. 21,300/- |

उक्त सभी निविदाएं जमा करने की दिनांक व समय: 14.02.2025 को 15.00 बजे। खुलने की दिनांक व समय: 14.02.2025 को 15.30 बजे। नोट: आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0996

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

## सुविचार

जीवन में ये भ्रम ना रखें कि वो हमेशा आपके साथ ही रहेंगे।
अगर कदर नहीं करोगे तो वो भी चले जाएंगे।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## नए वायरस का संक्रमण

साल 2024 के आखिरी महीनों में चीन-भारत सहित दुनिया के कई देशों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण ने चिंता बढ़ा दी थी। हालांकि इस साल की शुरुआत में इस संक्रामक रोग का प्रकोप काफी कम हो गया है। एचएमपीवी और इसके नए म्यूटेशनों को वैज्ञानिक अभी ठीक से समझने की कोशिश ही कर रहे थे कि कई देशों में एच5एन1 वायरस के मामले बढ़ने की खबरों ने एक नई चिंता खड़ी कर दी। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैज्ञानिकों ने एच5एन1 वायरस के एक स्ट्रेन में 9 से अधिक म्यूटेशंस की जानकारी दी है, जो इसकी संक्रामकता और संक्रमण के कारण होने वाली जटिलताओं, दोनों को बढ़ाने वाला हो सकता है। इसी महीने संक्रमित मुर्गियों के संपर्क में आने के बाद अमेरिका में पहली मौत की खबर ने और भी डर बढ़ा दिया है। एच5एन1 जिसे बर्ड फ्लू या एवियन इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है, सामान्य तौर पर इसके मनुष्यों में संक्रमण के मामलों को काफी दुलर्भ माना जाता रहा है। ऐसा नहीं है कि एच5एन1 कोई नया वायरस है या फिर पहली बार इसको लेकर विशेषज्ञ चिंतित हैं। फिर भी जिस तरह से ये मुर्गियों के अलावा, गायों सहित अन्य जानवरों को संक्रमित कर रहा है वह निश्चित ही चिंताजनक है। इंसानों में एच5एन1 के मामले काफी दुर्लभ माने जाते रहे हैं, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में ये वायरस न सिर्फ मनुष्यों में फैल रहा है बल्कि इसकी मृत्यु दर भी काफी अधिक बताई जाती है। इजराइल में बर्ड फ्लू के मामलों में उछाल आया है। इसके अलावा जॉर्जिया के कई पोल्ट्री फॉर्म्स में इस अत्यधिक संक्रामक वायरस की पुष्टि की गई है। जॉर्जिया कृषि विभाग ने इसको लेकर जानकारी साझा करते हुए सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है। अमेरिका के कई हिस्सों में भी एच5एन1 के नए स्ट्रेन मिलने की खबर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बर्ड फ्लू के संभावित रूप से तीव्र प्रसार को लेकर चिंता व्यक्त की है, इसके कारण बड़ी संख्या में मौतों की भी आशंका जताई जा रही है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि यह कोविड-19 से 100 गुना अधिक संक्रामक और खतरनाक हो सकता है। हाल ही में बर्ड फ्लू के नए म्यूटेशनों को लेकर एक ब्रीफिंग के दौरान 'नई महामारी की आशंका' के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार वायरस एक ऐसे बिंदु के करीब पहुंच रहा है, जहां यह दुनियाभर में महामारी ला सकता है। पिट्सबर्ग में जाने-माने बर्ड फ्लू विशेषज्ञ डा. सुरेश कुचिपुड़ी ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 अब इंसानों के लिए भी खतरा बढ़ाता जा रहा है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025

# पैसे ले लो, वोट दे दो...!!



विजय कपूर

मैं परेशान हो गया हूं। इधर जाऊं या उधर जाऊं। हां, पहले मैं यह बता दूं कि मैं कौन हूं? मैं दिल्ली का मतदाता हूं- मैं 18-वर्ष का छात्र हूं, मैं युवा गृहिणी हूं, मैं अधेड़ उम्र का व्यक्ति हूं, जिसे अपनी बेटी की शादी करनी है... संक्षेप में यह कि मैं हर उस नागरिक का प्रतिनिधि हूं जिसे दिल्ली के विधानसभा चुनाव में मत प्रयोग करने का अधिकार है। अब मेरी समस्या क्या है? मैं अगर सिविल सर्विसेज की परीक्षा में बैठूंगा तो बीजेपी मुझे एकमुश्त 15 हज़ार रुपए देगी और मैंने जो इस परीक्षा को पास करने के पहले दो असफल प्रयास करने में फीस व यात्रा में पैसे खर्च किए थे, वह भी मुझे वापस (रीइंबर्स) कर देगी। मैं अगर अपनी बेटी की शादी करूंगा तो आम आदमी पार्टी (आप) मुझे एक लाख रुपया देगी। मैं महिला हूं तो आप मुझे हर माह 2100 रुपए देगी और अगर मैंने बीजेपी या कांग्रेस को वोट दिया तो उनसे मुझे 400 रुपए अधिक यानी हर माह 2500 रुपए मिलेंगे। मैं मंदिर का पुजारी या गुरूद्वारे का ग्रंथी हूं तो आप मुझे 18,000 रुपए प्रति माह देगी, यह अलग बात है कि मस्जिद के इमाम के रूप में मुझे महीनों से मेरा वेतन नहीं मिला है। वोकेशनल इंस्टिट्यूट में मैं अनुसूचित जाति का छात्र हूं, बीजेपी मुझे 1000 रुपए प्रति माह देगी। मैं 60 से 70 वर्ष के बीच का बुजुर्ग हूं, मुझे बीजेपी हर माह 2500 रुपए देगी और 70 बरस की आयु पार करने के बाद वह इसमें 500 रुपए की वृद्धि करते हुए 3000 रुपए प्रति माह देगी। अरे, मैं तो गर्भवती महिला हूं मुझे तो बीजेपी से 21,000 रुपए मिलेंगे। मैं बेरोज़गार युवा हूं, मुझे कांग्रेस एक साल तक 8500 रुपए का स्टाइपेंड देगी।

यह पूरी सूची नहीं है, लेकिन इससे ही आपको अंदाज़ा हो गया होगा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव क्या हो रहे हैं, वायदों के रूप में पैसों की बारिश हो रही है। मुफ्त कैश की राजनीति नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। मतदाता बेचारा परेशान है कि किसके वायदों को सच्चा माने और किसके वायदों को झूठा माने। उसे मालूम है कि उसकी मूलभूत समस्याओं का किसी राजनीतिक दल के पास कोई समाधान नहीं है, इसलिए उसे कैश के प्रलोभन दिए जा रहे हैं या धर्म व जाति के (आधारहीन) भावनात्मक मुद्दों में उलझाने का प्रयास किया जा रहा है और वह यह भी जानता है कि मतगणना के बाद जो भी पार्टी सत्ता में आएगी, वह हमेशा की तरह योग्य पात्र का पैमाना लेकर आ जाएगी कि मुफ्त की रेवड़ियों के लिए कौन योग्य है और कौन नहीं? विजयलक्ष्मी पंडित ने 1977 के आम चुनाव में एकदम सही कहा था कि चुनावी वायदे चुनाव में ही रह जाते हैं। उत्तर प्रदेश के मतदाता आज तक इस प्रतीक्षा में हैं कि वह होली और दीवाली कब आएंगी जब मुफ्त का कुकिंग गैस सिलिंडर घर आएगा? हर साल जो दो करोड़ रोज़गारों का सृजन हो रहा था, उसका क्या हुआ? पेट्रोल 35 रुपए प्रति लीटर होना था (100 रुपए से ऊपर हो गया), रुपया डॉलर के मुकाबले में मज़बूत होना था (86 रुपए से ऊपर पहुंच गया), किसानों की आय दोगुनी होनी थी, वह अब भी एमएसपी के लिए आंदोलन कर रहे हैं ...सब जुमले निकले। लेकिन मुद्दा यह नहीं है।

राजनीतिक पार्टियां एक ऐसे चुनावी मॉडल की तरफ जा रही हैं, जो सार्वजनिक विकास की बजाय निजी लाभ को वरीयता देता है। इसके गंभीर परिणाम होने जा रहे हैं- दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए और अर्थव्यवस्था के लिए। सबसे पहली बात तो यह है कि हम सीधे कैश ट्रांसफर टेक सफलता का दूसरा पहलू देख रहे हैं, जिसने स्थायी तौरपर राज्य का नागरिकों से संपर्क को बदल दिया है। राजनीतिक पार्टियों और नागरिकों के बीच में यह अनैतिक व्यवस्था स्थापित हो गई है कि 'अगर आपने मेरे साथ कुछ ऐसा किया तो मैं भी आपके साथ ऐसा ही कुछ करूंगा' यानी अगर आप वोट देंगे तो आपको कैश मिलेगा। हालांकि एक जनप्रतिनिधि बहुमत के वोट से चुना जाता है, लेकिन जीत के बाद वह पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधि हो जाता है। इसके बावजूद अब स्थिति यह हो गई है कि जनप्रतिनिधि सार्वजनिक तौरपर कहते हैं कि विशिष्ट समुदाय व जाति के लोग उनके पास किसी काम के लिए न आएं; क्योंकि उन्होंने उनके पक्ष में मतदान नहीं किया था। न सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हर वैध अवैध हथकंडा अपनाया जाता है बल्कि सत्ता में आने के बाद राज्य के खज़ाने में गोता लगाकर, सभी मौलिकताओं को एक किनारे लगाते हुए, मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी जाती हैं। बस चुनावी राजनीति ही अपने आपमें अंतिम लक्ष्य बनकर रह गया है। अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता।

दूसरा यह कि इन मुफ्त की रेवड़ियों के लिए फंड्स कहां से आएंगे? गौरतलब है कि महाराष्ट्र के संदर्भ में नितिन गडकरी ने कहा था कि महिलाओं को जो मुफ्त में कैश ट्रांसफर किया जा रहा है, उससे सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रम प्रभावित होंगे। दिल्ली रईस है। उसकी प्रति व्यक्ति आय 4.62 लाख रुपए है। इस फिस्कल में उसका बजट 76 हज़ार करोड़ रुपए था। इसके बावजूद मिड डे भोजन के बावर्चियों को मात्र 1000 रुपए प्रति माह दिए जाते हैं, जोकि न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम है। ऐसा क्यों है? मुख्य सर्विस डिलीवरी के लिए उचित वेतन स्थापित करने की बजाय राजनीतिक पार्टियां चाहती हैं कि महिलाएं दो या ढाई हज़ार रुपए पाने के लिए लाइन में लगें। यह भीख, यह अपमान किसलिए? कल्याण के पर्दे में सरकार आवाम के लिए चैरिटी बनना चाहती है। देश इसे वहन नहीं कर सकता। अगले विधानसभा चुनाव बिहार में होने हैं। अगर अभी पैसे की इस बारिश को रोका न गया तो कल्पना कीजिए कि बिहार में कैसी बाढ़ आएगी?

दिल्ली के लिए बीजेपी ने अपने दूसरे घोषणा पत्र में वायदा किया कि वह सरकारी शिक्षा संस्थाओं में ज़रूरतमंद छात्रों को केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त में शिक्षा प्रदान कराएगी और घरेलू नौकरों व ऑटो-टैक्सी चालकों को क्रमशः 10 लाख रुपए व 5 लाख रुपए का बीमा एक्सीडेंट कवर के रूप में देगी। हालांकि इस संदर्भ में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि बीजेपी का चुनावी घोषणा पत्र 'देश के लिए खतरा है' क्योंकि वह मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं व सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा पर विराम लगाना चाहती है, लेकिन सवाल यह है कि केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा का वायदा सिर्फ दिल्ली की जनता से ही क्यों किया जा रहा है, इसकी ज़रूरत तो पूरे देश को है? कुकिंग गैस सिलिंडर भी सभी को 500 रुपए में चाहिए, न सिर्फ उन राज्यों को, जिनमें चुनाव हो रहे हों (यह अलग बात है कि यह वायदा वहां भी पूरा नहीं किया जाता)। दरअसल, अब समय आ गया है कि मतदाता मुफ्त की रेवड़ियों के झांसे में न आएं बल्कि यह देखें कि उसकी मूलभूत समस्याओं- शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, महंगाई, सुरक्षा, आदि के समाधान का ब्लूप्रिंट किस पार्टी के पास है?

**(लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं)**

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## पंचांग

24 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | दशमी 19.25 तक |
| वार | - | शुक्रवार |
| नक्षत्र | - | अनुराधा 31.08 तक |
| योग | - | वृद्धि 29.09 तक |
| करण | - | विष्टि 19.25 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.25 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.19 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | वृश्चिक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.28 से 13.13 |
| राहु काल | - | 11.26 से 12.50 |
| व्रत, त्यौहार | - | बिच्छुड़ा, भद्रा 19.25 तक, बुध मकर में 17.40 |
| दिशा शूल | - | पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### महाकुंभ जाएं तो ये दो पवित्र चीजें साथ जरूर लाएं

इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से यहां पहुंच कर महासंगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। 13 जनवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ का संयोग लगभग 144 वर्षों बाद बना है। प्रयागराज को समस्त तीर्थों का राजा कहा जाता है, क्योंकि यहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदी का संगम भी है। इसलिए इसे संगम नगरी भी कहते हैं। इस वर्ष संगम के ही पावन तट पर ये महाकुंभ लगा है। यदि आप भी महाकुंभ जाने वाले हैं तो वहां से अपने साथ दो चीजें जरूर लेकर आइएगा। यह आपके जीवन को सकारात्मक तरीके से बदल देगा।

महाकुंभ जाएं तो दो चीजें जरूर साथ लाएं

**1. पवित्र मिट्टी-** स्पिरिचुअल लीडर शिवम साधक जी महाराज का कहना है कि यदि आप कुंभ जाकर पवित्र नदी में स्नान करें तो वहां से थोड़ी सी मिट्टी जरूर साथ लेकर आएं। त्रिवेणी संगम की मिट्टी बहुत ही शुद्ध, पवित्र और शुभ मानी जाती है। इस मिट्टी को अपने घर के मंदिर के पास थोड़ी सी रख दें और थोड़ी सी मिट्टी घर के मुख्य द्वार के पास संभाल कर रख दीजिए। इससे आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा आने लगेगी और नकारात्मकता दूर होगी। घर का वातावरण शांत बना रहेगा।

**2. शिवलिंग-** प्रयागराज महाकुंभ जाएं तो इस स्थान से शिवलिंग भी जरूर साथ लाएं। ऐसा करने से भी शुभ फल की प्राप्ति होती है। शिवलिंग लाकर आप अपने पूजा घर में स्थापित करें। इसकी पूजा करते हैं तो भगवान शंकर आपकी सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करेंगे। आपके घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है।

**महाकुंभ का महत्व-**

गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर महाकुंभ का आयोजन हुआ है। 11 पूर्ण कुंभ होने के बाद इस बार लगने वाला 12वां पूर्ण कुंभ महाकुंभ है, क्योंकि यह 144 साल में एक बार लगता है। प्रत्येक कुंभ मेला हर 12 साल में एक बार अलग-अलग स्थानों पर लगता है और महाकुंभ 144 साल में एक बार आयोजित होता है। मान्यताओं के अनुसार, देवताओं के 12 दिन इंसानों के लिए 12 वर्ष के समान होते हैं। महाकुंभ धार्मिक आस्था के साथ ही शांति, एकता और भक्ति का संदेश भी देता है। पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कुंभ में स्नान करने से व्यक्ति द्वारा किए गए सभी पाप धुल जाते हैं।

## तारीख विशेष

### होमी जहांगीर भाभा

होमी जहांगीर भाभा भारत के एक प्रमुख वैज्ञानिक और स्वप्नदृष्टा थे जिन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की कल्पना की थी। उन्होंने मुट्ठी भर वैज्ञानिकों की सहायता से मार्च 1944 में नाभिकीय ऊर्जा पर अनुसंधान आरंभ किया। उन्होंने नाभिकीय विज्ञान में तब कार्य आरंभ किया जब अविछिन्न श्रृंखला अभिक्रिया का ज्ञान नहीं के बराबर था और नाभिकीय उर्जा से विद्युत उत्पादन की कल्पना को कोई मानने को तैयार नहीं था। उन्हें 'आर्किटेक्ट ऑफ इंडियन एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम' भी कहा जाता है। भाभा का जन्म मुंबई के एक सभ्रांत पारसी परिवार में हुआ था। उनकी कीर्ति सारे संसार में फैली। भारत वापस आने पर उन्होंने अपने अनुसंधान को आगे बढ़ाया। भारत को परमाणु शक्ति बनाने के मिशन में प्रथम पग के तौर पर उन्होंने 1945 में मूलभूत विज्ञान में उत्कृष्टता के केंद्र टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआइएफआर) की स्थापना की। डा. भाभा एक कुशल वैज्ञानिक और प्रतिबद्ध इंजीनियर होने के साथ-साथ एक समर्पित वास्तुशिल्पी, सतर्क नियोजक, एवं निपुण कार्यकारी थे। वे ललित कला व संगीत के उत्कृष्ट प्रेमी तथा लोकोपकारी थे। 1947 में भारत सरकार द्वारा गठित परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रथम अध्यक्ष नियुक्त हुए। 1953 में जेनेवा में अनुष्ठित विश्व परमाणुविक वैज्ञानिकों के महासम्मेलन में वे सभापति थे। भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के जनक का 24 जनवरी सन 1966 को एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। वे परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के प्रबल पक्षधर थे। वे परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर 1958 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जेनेवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उप-सचिव रहे। वे संयुक्त राष्ट्र की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य थे और 1966 से 1981 तक अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के भी सदस्य रहे।



## हमें स्पेस का 'डॉन' बनाने

# डॉकिंग का तोहफा देने वाले इसरो को सलाम

संजय श्रीवास्तव

**डॉकिंग में मिली सफलता ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि अब भारत मानव सहित चांद पर पहुंचने, वहां से नमूने लाने, अंतरग्रही अभियानों और अंतरिक्ष में अपना स्टेशन निर्मित करने की योजना को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक पूरा कर लेगा। एक सफलता कई मनोरथ पूरा कराने वाली सिद्ध होगी। हमें यह महान अंतरिक्ष तकनीक देने वाले इसरो को सलाम।, इसरो ने देश को गर्व का एक और अवसर प्रदान किया है।**

- इमेज

पृथ्वी से 470 किलोमीटर की ऊंचाई पर सबने उसका यह कीर्तिमानी कमाल देखा जब उसने अपने स्पेडेक्स अर्थात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और आखिरकार अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट या उपग्रहों को एक साथ जोड़ने में कामयाबी पा ली। हालांकि जुड़ने के बाद इन दोनों के बीच विद्युत आपूर्ति तथा फिर सफलता पूर्वक अलग करने का काम अभी बाकी है, पूरी उम्मीद है वह भी शीघ्र ही सफलतापूर्वक संपन्न होगा। पृथ्वी की निचली कक्षा में एक अंतरिक्ष यान के दूसरे से जुड़ने की प्रक्रिया को डाकिंग और अलग होने की स्थिति को अनडॉकिंग कहते हैं। भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों के यह लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण तकनीक अब रूस, अमेरिका, चीन के बाद संसार में सिर्फ अपने पास है। ठीक है कि विश्व की तीन महाशक्तियां अमेरिका ने यह कारनामा 58 साल, रूस ने 57 और चीन ने 13 बरस पहले कर लिया था पर भारत की यह सफलता इसलिए प्रशंसनीय है कि जब अंतरिक्षीय सहयोग से संबद्ध तमाम अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों और समझौतों के बावजूद किसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी या देश ने भारत से इस जटिल प्रणाली और तकनीक प्रक्रिया को साझा नहीं किया तो हमने अपना स्वदेशी डॉकिंग मैकेनिज्म को विकसित किया और इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' दे कर इसपर अपना पेटेंट लिया। हमने रूस, अमेरिका, चीन से अधिक उन्नत और किंचित अलग अंतरिक्षीय तकनीक के साथ इस परीक्षण को अंजाम दिया है। बस कुछ कदमों बाद जब इसके बाकी जटिल मन्युवरिंग के पूरे होने की खबर आएगी तब अंतरिक्ष के क्षेत्र में हमने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उनकी ज़मीन और ज्यादा पुख्ता हो जाएगी। इसमें कोई शक नहीं कि इस अभियान की सफलता के बिना अंतरिक्ष में चंद्रयान-4, मंगलयान, गगनयान के द्वारा अंतरिक्ष में मानव यात्री भेजना, अपने बूते भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनाने उसे कार्यरत होने अथवा चांद या अन्य ग्रहों से नमूने लाने की अथवा अंतरिक्ष में एक से ज्यादा रॉकेट प्रक्षिप्त करने की कवायद जो विशेषकर बड़े अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, इस जैसी हमारी तमाम अंतरिक्षीय महत्वाकांक्षाओं का पूरा होना कठिन था। अब इस परीक्षण की सफलता ने कई मनोरथ एक साथ सिद्ध करने का रास्ता आसान कर दिया है। इस तकनीक के मिल जाने के बाद कक्षा में ही किसी उपग्रह की गड़बड़ी सुधारने और वहीं किसी भी स्पेसशिप की रीफ्यूलिंग का तरीका भी मिलेगा। यह सफलता इसरो का आत्मविश्वास और बढ़ाएगा तथा अंतरग्रही अभियानों,उन्नत अंतरिक्ष खोजों, भविष्य के चांद मिशनों, ग्रहों के बीच प्रवास के लिए भी पथ प्रशस्त करेगा। बीते साल इसरो ने अपने अगले डेढ़ दशक का ही रोड़मैप जारी नहीं किया था बल्कि 2040 से 2047 तक की योजनाएं सार्वजनिक कीं थीं। इसमें अगले साल 2026-27 में गगनयान की दूसरी ह्यूमन फ्लाइट और 2028-29 में तीसरी ह्यूमन फ्लाइट के भेजने की बात है। उसक इरादा है कि 2029 तक तीन मानवयुक्त यान भेजे तथा इनकी सफलता के आंकलन तथा आपेक्षित सुधार के बाद 2030 में आखिरी गगनयान मिशन-5 यानी ल्यूपेक्स के जरिए अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में पहुंचाया और वापस ले आया जाए। 2035 तक पांच मॉड्यूल वाला अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना है, पहला मॉड्यूल साल 2028 में लॉन्च होगा, इसके बाद बाकी। इन्हें अंतरिक्ष में एक साथ जोड़ना इसी तकनीक से संभव होगा। स्पेस स्टेशन बनाने और उसके बाद वहां जाने-आने तथा धरती से आपूर्ति पहुंचाने के लिए भी इस तकनीक की आवश्यकता रहेगी। 2037-38 में चंद्रमा की सतह पर भारतीय रोबोटिक ह्यूमनॉइड उतारने की योजना इसरो ने तैयार कर ली है। वह 2040 में चंद्रमा पर मानव सहित यान भेजने, उसकी सतह पर पहला भारतीय कदम रखने और इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराने की अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना में लगा हुआ है। अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर पहुंचाने या उससे पहले चंद्रयान-4 मिशन के तहत चांद से नमूने लाने के लिए भी अंतरिक्ष में एक यान से दूसरे यान से अलग होना और उसके बाद वापस लौटने वाले यान से जुड़ना ज़रूरी है सो यह तकनीक उसके लिए भी अनिवार्य थी। अंतरिक्ष में जाम की वजह से 30 दिसंबर की रात स्पेडेक्स की लांचिंग में दो मिनट का विलंब हुआ था, समान कक्षा में उसी पथ पर कुछ दूसरे उपग्रह भी मौजूद थे। अंतरिक्ष में कार्यक्षम के अलावा निष्क्रिय उपग्रहों की भी भारी भीड़ है। निजी कंपनी स्टरलिंक के 7 हजार संचार उपग्रह जल्द बढ़कर 12 हजार पहुंचने वाले हैं तो हजारों दूसरे निष्क्रिय हो मलबे तौरपर हैं। इस अंतरिक्षीय कचरे की समस्या से निबटने में स्पेडेक्स परीक्षण एक समाधान बन सकता है। इसके सैटेलाइट रोबोटिक आर्म के जरिए किसी उपग्रह या क्यूबसेट को पकड़कर अपनी ओर खींचा और न सिर्फ कक्षा में भटके उपग्रहों को सही जगह लाया जा सकता है बल्कि निष्क्रिय उपग्रहों के मलबे को दूर किया जा सकता है।



## गीता सार

**स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः।**
**भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं**
**ह्येतदुत्तमम्॥4-3॥**
**-: हिंदी भावार्थ :-**

यह पुरातन योग आज मैंने तुमसे कहा है क्योंकि तुम मेरे भक्त और प्रिय सखा हो। यह बड़ा ही उत्तम रहस्य है।

## बोले तो...



जलगांव ट्रेन दुर्घटना एक अफवाह के कारण हुई। एक चायवाले ने आग लगने की झूठी खबर दी थी, जिससे यात्री घबराए और ट्रेन से कूदने लगे। डरे हुए यात्री खुद को बचाने ट्रेन से कूद गए। जब ट्रेन रुकी, तो लोग उतरने लगे और वे कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

- अजित पवार



अगले पांच वर्षों में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता दिल्ली में बेरोजगारी को खत्म करना होगी। मेरी टीम रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए योजना तैयार कर रही है। मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत कई क्षेत्रों में काम किया और यह काम जारी रहेंगे।

- अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली विधानसभा से अरविंद केजरीवाल की जमानत जब्त होने वाली है। पंजाब से इतनी गाड़ियां यहां आई हैं, वे लोगों को शराब और पैसे दे रहे हैं। यहां के मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। कल दिल्ली पुलिस ने इस पर जवाब मांगा है। उनके (आप) पास कोई मुद्दा नहीं है।

- प्रवेश वर्मा

# 10 वर्ष से लगातार कार्यरत होमगार्ड को देना होगा निर्वहन भत्ता : पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट

महिंदर राम पंजाब पुलिस में होम गार्ड के पद पर पिछले 27 वर्षों से लगातार कार्यरत थे। वर्ष 2019 में उन पर एक FIR दर्ज हुई तो उन्हें सेवा से सस्पेंड कर दिया। सस्पेंशन के बाद उन्हें वर्ष 2024 में आख़िरकार सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। महिंदर राम को उनके उच्च अधिकारियों ने सस्पेंशन की अवधि का निर्वहन भत्ता देने से मन कर दिया था। महिंदर राम ने पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में रिट याचिका यह कहते हुए पेश की कि 2019 से 2024 तक के समय के लिए उन्हें बाकी सभी सरकारी अधिकारियों की तरह निर्वहन भत्ता दिया जाना चाहिए था मगर ऐसा नहीं किया गया। जब हाई कोर्ट ने सरकार से जवाब मंगवाया तो सरकार ने बताया कि पंजाब होम गार्ड रूल्स के अंदर सस्पेंशन अवधि के दौरान निर्वहन भत्ता देने का कोई प्रावधान है ही नहीं और होम गार्ड्स को वैसे भी सुप्रीम कोर्ट ने स्वैछिक सेवा का दर्जा दिया है, न कि किसी सरकारी सेवा का। पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने सरकारी अधिकारियों पर लागू काफी कानूनों की समीक्षा की व इस निष्कर्ष पर आए की भले ही सुप्रीम कोर्ट ने माना है की होम गाड्र्स एक स्वैछिक सेवा है मगर सुप्रीम कोर्ट ने जिस केस में ऐसी परिभाषा दी थी उस केस में उक्त होम गार्ड निरंतर सेवाएं नहीं दे रहा था. इस केस में महिंदर राम ने 27 वर्ष तक निरंतर सेवाएं दी है। 35-40 की उम्र के बाद किसी इंसान के लिए दूसरी नौकरी ढूंढना काफी मुश्किल हो जाता है। एक आम फैक्ट्री का मज़दूर, चाहे वह कुशल श्रमिक हो या अकुशल श्रमिक, को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत जो लाभ मिलते है, उसमें भी अगर फैक्ट्री मालिक/नियोक्ता को किसी कारण-वश किसी मज़दूर को बाहर निकालना पड़ता है तब भी, कानून के तहत, कुछ न्यूनतम दर पर उस मज़दूर की तनख्वाह का कुछ हिस्सा जमा करवाना पड़ता है। ऐसा न करने पर कोर्ट उस मामले में प्रसंज्ञान ले सकती है। हाई कोर्ट ने कहा कि महिंदर राम लगातार 27 वर्षो से सेवाएं दे रहे थे तो उस वजह से उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से बाध्य नहीं रखा जा सकता। साथ ही, अगर किसी फैक्ट्री के आम मज़दूर के पास भी औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत अगर नौकरी से निकाले जाने पर कुछ परिलाभ सरकार ने दिए हैं तो फिर होम गार्ड तो पंजाब पुलिस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जिसका चयन एक परीक्षा व् ट्रेनिंग के पश्चात ही किया जाता है, ऐसी अथिति में होम गाड्र्स पर लागू अधिनियम अगर किसी होम गार्ड के सस्पेंशन पर उसे निर्वहन भत्ता देने का प्रावधान नहीं भी रखते है तो वह उसके साथ बड़ा अन्याय होगा क्यूंकि किसी भी परिस्थिति में एक होम गार्ड की दशा एक फैक्ट्री के मज़दूर से ख़राब नहीं है. ऐसा कहते हुए, पंजाब व् हरयाणा हाई कोर्ट ने यहाँ निर्देश दिया की महिंदर राम को उसकी तन्खाव्ह को देखते हुए 10000 प्रतिमाह का निर्वहन भत्ता देय होगा व् क़ानूनी प्रावधान न होते हुए भी एक संवैधानिक कोर्ट होने के नाते राज्य सरकार को निर्देश दिए की जिस होम गार्ड ने लगातार 10 वर्षो की सेवाएं दे राखी है उन्हें सस्पेंड करने पर निर्वहन भत्ता दिया जाए।

**लेखक**
**एड. विवेक फिड़ौदा**
**राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत करते हैं।**

## पाठक पाती

### राजनीतिक घोषणाएं बढ़ा रहीं जनता की चिंता

दिल्ली चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा की गई घोषणाएं वास्तव में चिंताजनक हैं। महिलाओं को प्रतिमाह 2100 से 2500 रुपए देने, सिलेंडर पर 500 रुपए की छूट देने, और बेरोजगारों को मुफ्त सुविधाएं देने की घोषणाएं निश्चित रूप से मतदाताओं को आकर्षित कर सकती हैं, लेकिन ये योजनाएं राज्य के विकास को गड्ढे में ढकेलने वाली सिद्ध हो सकती हैं। आजकल लगभग सभी राज्य भारी कर्ज में डूबे हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो कर्ज लिमिट पूरी होने पर केंद्र से लिमिट बढ़ाने के लिए गुहार लगाई जा रही है। सभी दल लगभग एक जैसी मुफ्त की घोषणा कर रहे हैं ऐसे में मुफ्त की रेवड़ियों के आधार पर मतदान नहीं होगा, बल्कि मतदान होगा विकास और ईमानदारी के आधार पर। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि मुफ्त की योजनाएं निश्चित रूप से लोकप्रिय हो सकती हैं, लेकिन ये योजनाएं राज्य के विकास को बढ़ावा देने में मदद नहीं करेंगी। इसके बजाय, राजनीतिक दलों को विकास और ईमानदारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

### वैश्विक पहचान को वंदे भारत तैयार

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में वैष्णव ने पेश किया नए भारत का विजन




**दावोस।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में वंदे भारत ट्रेन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि "कई देशों ने वंदे भारत ट्रेन में रुचि दिखाई है। यह ट्रेनें हाई क्वालिटी वाली सेवाएं प्रदान कर रही हैं।" स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रही विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर रेल मंत्री ने कहा, "चार नए प्रकार की ट्रेनों - वंदे भारत चेयर कार, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत ट्रेन और अमृत भारत ट्रेन - के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है। सीआरएस प्रमाणपत्र मिलने के बाद आईसीएफ में अंतिम संशोधन किए जाएंगे और फिर इन ट्रेनों को तैनात किया जाएगा।"

## भारत में निवेश और विनिर्माण पर जोर

मंत्री वैष्णव ने कहा, "भारत में विनिर्माण और सेवाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी रुचि है। मोबाइल फोन अब भारत के शीर्ष-3 निर्यात वस्तुओं में शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और फूड प्रोसेसिंग विनिर्माण में भी निवेश बढ़ रहा है। भारत ने अब वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बनाई है और लागत के बजाय डिजाइन और प्रतिभा के आधार पर नेतृत्व कर रहा है।"

## निवेश के प्रति बढ़ती रुचि

उन्होंने बताया, "दावोस में भारत में निवेश के लिए बड़ी रुचि दिखाई गई है। सेमीकंडक्टर, फूड प्रोसेसिंग, क्लीन एनर्जी और कैपिटल गुड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षण बढ़ा है। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के तहत कुल 20 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश का अनुमान है।"

एआई और 5जी तकनीक में भारत की प्रगति

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर तेजी से हो रहे बदलावों को लेकर कहा, "एआई के उपयोग के मामलों में भारत को नेतृत्व करना होगा। जिस तरह भारत ने आईटी क्षेत्र में नेतृत्व किया, उसी तरह एआई में भी करना होगा। 200 विश्वविद्यालयों में एआई के कोर्स शुरू किए जाएंगे, और 10 लाख लोगों को एआई में प्रशिक्षित करने की योजना है। साथ ही, 10,000 जीपीयू क्षमता वाली एआई की एक सामान्य सुविधा भी स्थापित की गई है।"

## भारत पवेलियन को मिली वैश्विक सराहना

अश्विनी वैष्णव ने कहा, "इस बार भारत पवेलियन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच झलक रही है। पीएम ने सभी राज्यों के पवेलियन को भारत पवेलियन के भीतर समाहित करने का सुझाव दिया था, जिसे प्रभावी रूप से लागू किया गया। यह पवेलियन भारत की तकनीकी क्षमताओं, आर्थिक प्रगति और वैश्विक संपर्क को उजागर करता है, जिसे दावोस में व्यापक सराहना मिल रही है।" रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में वापस आने का मुख्य कारण समावेशी वृद्धि रही है, क्योंकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि आर्थिक वृद्धि का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत में उपलब्ध प्रतिभा सभी क्षेत्रों में बेजोड़ है और आज दुनिया भारत की नीतियों के कारण उस पर भरोसा करती है। मंत्री ने कहा कि कंपनियां अपने कारखाने और मूल्य श्रृंखलाएं भारत में स्थानांतरित कर रही हैं। सत्र में उद्योगपति संजीव बजाज ने कहा कि भारत में ऐसी सरकार है जो उद्योग से किए गए वादों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भारत ड्रोन जैसे नए युग के क्षेत्रों सहित कई क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी बन गया है। लेकिन, उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देश के लिए छह से 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर पर्याप्त नहीं है और इसे कम से कम सात-7.5 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता है। वैष्णव ने कहा कि साथ ही, भूमि खरीद जैसे कुछ क्षेत्र और विभाग हैं जहां और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन हमें तेजी से वृद्धि करने और निजी पूंजी आने को सुनिश्चित करने की जरूरत है।

# समारोह में 75 जनों को किया सम्मानित



**चूरू।** बीएमएस सिस्टम में प्रमुख टेक्नोलॉजी प्लेयर टैली सोल्युशन्स एंड टैली पार्टनर अर्श इन्फोटेक ने चूरू की टैक्स एवं अकाउन्टिंग कम्युनिटी को सम्मानित किया। जिन्होंने देश भर में छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यमों की अकाउन्टिंग और कम्प्लायन्स संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जीएसटीपी, अकाउन्टेन्ट्स, टैक्स एडवोकेट्स और अन्य प्रोफेशनल्स के योगदान को सम्मानित करने के लिए टैली ने एक विशेष कार्यक्रम 'टैक्स एण्ड अकाउन्टिंग टाइटन्स' का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र से 8 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में टैक्स एवं अकाउन्टिंग कम्युनिटी से 75 से अधिक प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर एसजीएसटी कमिश्नर रामकुमार, एसजीएसटी कमीशनर ओम अस्सिस्टेंट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम पर जयपुर के रीजनल सेल्स मैनेजर विशाल गुप्ता ने कहा कि जीएसटीपी, अकाउन्टेन्ट्स और टैक्स एडवोकेट्स कम्युनिटी तथा सीए- इन सभी ने सही मायनों में इस क्षेत्र के एमएसएमई के लिए टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन को बढ़ाने में योगदान दिया है। टैली में हम एमएसएमई की अकाउन्टिंग एवं ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करते हैं, साथ ही उन्हें कम्प्लायन्ट बने रहने में भी मदद करते हैं। हमारी इनीशिएटिव 'टैक्स एण्ड अकाउन्टिंग टाइटन्स' उनके इन्हीं प्रयासों को सम्मानित करती है, जो सिस्टम में एक समान बदलाव लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अर्श इन्फोटेक के डायरेक्टर इमरान खान ने कहा की चुरू के टैक्स एण्ड अकाउन्टिंग सिस्टम ने एमएसएमई मालिकों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है टैली की इनीशिएटिव 'टैक्स एण्ड अकाउन्टिंग टाइटन्स उनके इसी योगदान को सम्मानित करने के लिए लाई गई है, जिसके तहत ब्राण्ड ने चुरू में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 75 से अधिक लोगों को सम्मानित किया।

# सड़क सुरक्षा माह को लेकर सेमिनार का आयोजन




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक हेमंत शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में अक्सर हम बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हैं जो कि गलत है बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलान चाहिए। वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए। अपने परिजनों को यातायात नियमों के प्रति सचेत रखें। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय सदैव पैदल चलने वाले यात्री का हमें सम्मान करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करके हम अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं इसलिए छात्र जीवन से ही हमें यातायात नियमों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का सुयोग्य नागरिक बन कर समाज में स्थापित होता है। न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में आयोजित सेमिनार में छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को यातायात नियमों को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें पिंकी प्रथम भावना द्वितीय व वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं।

# चन्द्रज्योति अभियान पर विचार-विमर्श बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला परिषद धौलपुर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में चंद्रज्योति अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सीईओ जिला परिषद द्वारा जिले के केआरपी मास्टर ट्रेनर और प्रधानाचार्यों के साथ संविधान और नई शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से स्वयं और बच्चों को जागरूक और ज़िम्मेदार नागरिक बनाने के तौर तरीको के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टीम का गठन करना, विषय-सामग्री तैयार करना और नवाचार विचारों पर चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए गए। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान और नई शिक्षा नीति के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाने के दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों और केआरपी ने इस पहल को सफल बनाने के लिए समर्पित प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर एडीपीसी महेश मंगल, मंजरी फाउंडेशन से संजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ग्राम पंचायत लाम्बा की ढाणी-ढिंगी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढिंगी में स्वेटर व जूते वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा हर्ष लाम्बा द्वारा अपने दादाजी ईशरराम लाम्बा की प्रेरणा से ग्राम पंचायत के सभी विद्यालयो के छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम में ईशरराम लाम्बा, एड.बीरबल सिंह लाम्बा, सरपंच संदीप सिंह राठौड़, जुगलाल बरबड़, प्रभुसिंह नूनिया थे। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पूनिया ने बताया की हर्ष लाम्बा का विद्यालय को समय-समय पर हमेशा सहयोग मिलता रहता है। हर्ष लाम्बा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुये लक्ष्य निर्धारण कर पढाई करने को कहा। हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संचालन रणसिंह झोथड़ा ने किया। कार्यक्रम में अकलेश लाम्बा,राजप्रकाश गोदारा, अमरसिंह, मालाराम पटीर, विक्रम लाम्बा, प्रकाश पूनिया, प्रवीण लाम्बा, महेश लाम्बा, मनीराम जांगिड़, धीरसिंह राठौड़,राजेन्द्र पूनिया, नरेंद्र सिंह पूनिया रणसिंह अरविंद कुमार रमेश कुमार रक्षपाल जांगिड़ अमर सिंह मेहडा गोपी राम संजय कुमार जयवीर सिंह विकास कुमार उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ डा. मीणा ने किया सीएचसी मनियां का औचक निरीक्षण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनियां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीना भी उनके साथ रहे। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने अस्पताल के प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर साफ सफाई रखते हुए गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएनसी वार्ड में प्रसूताओं और नवजात शिशुओं के लिए हीटर लगाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें सर्दी से राहत मिल सके। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध किये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बात कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में सभी प्रकार की सेवाओं को पूर्ण दुरुस्त करें जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सहभागिता से कार्य करें। मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने दवा वितरण केंद्र, जांच केंद्र, जनरल वार्ड, चिकित्सक कक्ष, ओपीडी सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया। गौरतलब है कि नवनियुक्त सीएमएचओ कार्यग्रहण करने के तुरंत बाद से चिकित्सा केंद्रों का लगातार सघन निरीक्षण कर रहे है।

# गूंजा नूपुर का आगाज : छात्राओं ने दिखाया उत्साह



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में नूपुर 2024-25 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सचिव भागीरथ शर्मा एवं प्राचार्य आशा कोठारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर हुआ। मुख्य अतिथि ने छात्राओं के उज्ज्वल भविषय की कामना करते हुए उन्हें कला एवं संस्कृति से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य ने छात्राओं को हार्दिक शुभकामंनाएं देते कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ प्रतिभा के अन्य आयामों को भी अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनायें। कार्यक्रम के अगले चरण में समसामयिक एवं रोचक विषयों के साथ आषुवार्ता प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई जिसमें निकिता हारित ने प्रथम, नित्या शर्मा ने द्वितीय तथा नेहा तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में चूड़ियों की खनक, नूपुर की झनकार के साथ एकल नृत्य प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई। बन-ठण चली....., घनिखम्मा-घनिखम्मा........, म्हारो चांद सरीखो मुखडो आदि प्रस्तुतियों पर मुग्ध श्रोताओं की करतल ध्वनि से सभागार गूंज उठा। प्रतियोगिता में छात्रा वंषिका शर्मा, भूमिजा सैनी, श्रुति क्याल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक एवं आधुनिक संस्कृतियों के विविध रूपों को छात्राओं ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में लवली सोनी एण्ड ग्रुप ने प्रथम, वर्षा तंवर एण्ड ग्रुप ने द्वितीय तथा माधवी शर्मा एण्ड ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में एकाभिनय प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई जिसमें नेहा तंवर ने प्रथम, लवली सोनी ने द्वितीय एवं नित्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निणार्यक की भूमिका सहायक आचार्य अखिलेष बाटू, विनिता मंगल, ग्यारसी स्वामी, पूनम बंषीवाल, रूचिका अग्रवाल, हुसैन खान आदि ने निभाई। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. निर्मला सैनी ने नूपुर- के दूसरे दिन आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। रा.से.यो. प्रभारी कविता पंसारी एवं रवीन्द्र लाटा ने निर्देशन में मतदान जागरूकता अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य ज्योत्स्ना सोनी ने किया।

# पराक्रम दिवस पर क्विज स्पर्धा का आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस के उपलक्ष में कक्षा नौ से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि इसमें चूरू जिले के विभिन्न विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें नेताजी सुभाष चंद्र के जीवन तथा आजादी के आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 60 बालिकाओं ने विद्यालय का भ्रमण किया। क्विज प्रतियोगिता में डिम्पल शर्मा,हर्षिता शर्मा,लक्ष्मी कंवर ने प्रथम, वनिशा सैनी, गौरवी, लक्ष्या ने द्वितीय, लक्षिता ,कनक,जितेंद्र, महिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान तथा प्राचार्य सुशीला बलौदा (राउमा) राजगढ़ ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय बालिका दिवस आज, आयोजित होंगे कार्यक्रम

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 24 जनवरी को नगर परिषद ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिला व ब्लॉक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम की शपथ, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन, जैसे आयोजन होंगे। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के प्रावधानों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### श्रीराम मंदिर का वार्षिकोत्सव 24 को



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्रीराम मंदिर में श्रीरूकमानन्द कन्हैयालाल मण्डावेवाला चेरिटेबल ट्रस्ट शिलांग की ओर से श्रीराम मन्दिर के वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की ओर से अखण्ड कीर्तन किया गया। । विनोद कुमार व प्रमोद कुमार मण्डावेवाला ने बताया कि मंदिर के 41 वे वार्षिकोत्सव पर मंदिर के मुख्य ट्रस्टी शिलोंग निवासी जगदीश प्रसाद मण्डावेवाला ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर देश व राज्य में खुशहाली के लिए मंगल कामना की। आज दोपहर 12.15 बजे पाटोत्सव पर श्रद्धालुओं की ओर से मंगल आरती की जायेगी।

### पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया का जन्मदिवस मनाया




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सब्जी मण्डी स्थित गणगोर मार्केट में पुर्व सभापति गोविन्द महनसरिया का जन्म दिवश पर केक काट कर सर्व समाज व व्यापार जगत ने बडे हर्ष के साथ मनाया। सर्व समाज के पदाधिकारीयों ने अपने अपने संगठनों की तरफ से साफा पहनाकर शाल व माला से अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पूर्व एडिशनल एसपी अयूब खान, सुरेंद्र बाकोलिया, घडसीराम स्वामी, विमल सारस्वत, सुशील बजाज, विश्वनाथ राजगुरु, अमर सिंह दनेवा, असलम खोकर, किसना राम बाबल, सोहनलाल फगेडिया, रमेश किला ,महेंद्र चौबे, सीताराम सोनी, इंद्र सिंह शेखावत, शीशपाल गुर्जर, शिवकुमार शर्मा, जंग शेर खान, शेरखान मलकान,महेंद्र राजगडिया, हजारी बाकोलिया, मुंशीखा, कमल किला, महेंद्र चौबे, हर फूल भाबू ,घनश्याम राजगढ़िया, पवन महनसरिया ,मनोज महनसरिया, मुकेश महनसरिया, योगेश ढाका, विनोद टाइवाला, नियाज खान, पार्षद विनोद खटीक असलम खा मोइल समीउल्लाह गोरी अली मोहम्मद भाटी विजय जालान सहीत बडी संख्या में शहर एवं गांव के गणमान्य जिन्होंने मांसारिया का साल साफा माला मोमेंट देकर अभिनंदन किया। संचालन राजेश बांटिया ने किया। इसके अलावा भी चौधरी धर्म कांटा के पास पंखा रोड, नई सड़क, सुभाष चौक के पास, अभिनंदन किया गया। इस से पूर्व महनसरिया का अनेक गावों सहित पंखा रोड स्थित चोधरि धर्म कांटे के पास तिन केक काट कर जन्म दिवस मनाया।

### दिव्य ज्योति शोभायात्रा का रोलसाहबसर पहुंचने पर किया स्वागत



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्री ढ़ांढ़ंण शक्ति भक्त मंडल चूरू की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई दिव्य ज्योति रथ यात्रा के अन्तिम पड़ाव के दौरान गुरूवार को रोलसाहबसर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने रथ यात्रा को रोलसाहबसर तिराहे से हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। रोलसाहबसर पहुंचते ही यह रथ यात्रा शोभायात्रा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुये ढ़ांढ़ंण शक्ति धाम पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर व पुष्प वर्षा कर गर्मजोषी से स्वागत किया गया। इस दौरान नासिक के बैंड वादन, ऊंट-घोड़ी नृत्य व निकाली गई हाथी की सवारी ने षोभायात्रा को चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर सजाया गया दादी का भव्य चांदी का दरबार सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का आलम यह था कि हाथों में ध्वज पताका लिए नाचते-गाते महिला-पुरुषों ने आमजन को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने हाथों में दादी का मुखटा लेकर मंगल गीत गाते हुये ताल से ताल मिलाकर वातावरण को धार्मिकमय बना दिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### 150 क्विंटल चारा भेंट किया

**सादुलपुर।** तहसील के निकटवर्ती गांव राघा छोटी में आपसी ग्रामीण जन सहयोग से संचालित श्री शंकर नाथ गौशाला राधा छोटी में मकर संक्रांति के पावन पर्व से ही दान पुण्य का दौर जारी है। गौ सेवा को मानव जीवन में महत्वपूर्ण समझते हुए निकटवर्ती गांव ढाणी खुडानी के समस्त ग्राम वासियों ने 150 किवंटल चारा श्री शंकर नाथ गौशाला सेवा समिति राधा छोटी को भेंट किया।

# शिक्षा के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियां जरूरी : जिला प्रमुख

## जिलेभर के सरकारी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहब्बतनगर में गुरुवार को पीईईओ विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय एवं राप्राविद्यालय फलावावास के संयुक्त तत्ववावधान में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उमंग धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित रहे। जिला प्रमुख पुरोहित ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधान हंसमुख मेघवाल ने पढ़ाई करके अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच अर्जुनसिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष हरेंद्रपालसिंह, पंचायत समिति सदस्य माधुसिंह, उप सरपंच महावीरसिंह, वार्ड पंच मोहनलाल सुथार, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मेघवाल, महात्मा गांधी विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मदन नागर, फलावावास प्रधानाध्यापिका मीना प्रजापत, खेताराम मेघवाल, अर्जुन कुमार सागर, घेवाराम, नगाराम मेघवाल, मनोज सैनी, कुलदीपसिंह, मनोज पंवार, शारीरिक शिक्षक दुर्गाशंकर,ममता आर्य, माया कुमारी, फुली कुमावत, बालूसिंह, भेराराम, गणपत मेघवाल, गर्वित मेघवाल, व्यावसायिक शिक्षक शुभम पारिक, पंचायत शिक्षक अमृत कुमार, महेश कुमार, सोनू माली आदि मौजूद थे।



इसी क्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाबोर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य तेजपाल कुमावत एवं अध्यक्ष सरपंच मधुबेन गरासिया एवं प्रधानाध्यापक कालूराम गरासिया ने मां शांरदे की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। माँ सरस्वती के छाया चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्य' म का विधिवत शुभारंभ किया। स्थानीय विद्यालय के सभी कार्मिकों द्वारा बाहर से पधारे एस एम सी सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों का फुल माला पहनाकर आथित्य सत्कार किया। विद्यालय परिवार द्वारा माननीय विधायक महोदय श्री समाराम जी गरासिया को विद्यालय मे शिक्षण व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कक्षा कक्ष की घोषणा की।



**निम्बज।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वडवज में गुरुवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक राजूनाथ सिद्ध ने बताया कि मुख्य अतिथि लोकेंद्रसिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता सहीराम, विशिष्ट अतिथि हुकमसिंह उपस्थित रहे। सहीराम ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथि एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। मोमताराम, देवीसिंह, ईश्वरसिंह, रामलाल सालवी, भरत कुमार, सुरेश कुमार, हेमाराम, कपिल व्यास, परबतसिंह भाटी, सुश्री पांचू, विनोद जोशी, जगरा, हरिकिशन, जोईताराम, नरिंगाराम, दिनेश गुर्जर, महेश सेन, श्याम विश्नोई एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।



**आबूरोड।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढुंढाई फली में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। पूर्व प्रधान अणदाराम, सरपंच श्रीमती वसना देवी, उपसरपंच रताराम, पूर्व सरपंच गणेशराम, हरजीराम देवासी, किशन प्रजापत पीईईओ चुन्नीलाल, संस्था प्रधान श्रीमती स्मिता भूरिया आदि मौजूद थे।







**रेवदर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेलवाड़ा रोड रेवदर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरपंच अजबाराम के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सरपंच चौधरी ने बताया कि वे बच्चों और विद्यालय के लिए हमेशा सहयोग करेंगे। संस्था प्रधान प्रवीण कुमार गर्ग द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के बारें में बताया। भगवानसिंह भाटी, बालिका विद्यालय रेवदर संस्थाप्रधान रामलाल चौधरी, रानाडी विद्यालय संस्थाप्रधान राजेश कुमार नागर, हरीश लौहार भाजपा मण्डल अध्यक्ष रेवदर, जीवन सारथी संस्थान के अध्यक्ष बलवंत मेघवाल, वार्ड पंच हरसन पुरी, राजीव कुमार शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष मुकेश कुमार, पत्रकार वि' म कुमार डाबी, विकास कुमार एवं अभिभावकगण उपस्थित रहें। वही कार्य' म में मंच संचालन शिक्षक मुकेश कुमार मेघवाल ने किया। उधर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोड़ी में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह उमंग 2025 का आयोजन भाजपा नेता दीपेंद्रसिंह देवड़ा के मुख्य अतिथि एवं महात्मा गांधी स्कूल सिरोड़ी के प्रधानाचार्य अशोकसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। देवड़ा ने कहा कि बालिका शिक्षा से दो घर रोशन होते हैं। इसलिए हम सब ग्रामवासियों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। भामाशाहों के रूप में रुपाराम घांची, देवाराम माली, धनाराम माली, किशन लाल प्रजापत, डायालाल माली, गोविंद चौधरी ने सराहनीय उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्य देवेंद्र चौधरी और एसडीएमसी अध्यक्ष कंचन शेखावत के द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। अध्यापक शिवराज डारा, संतोष गुर्जर, श्रवण कुमार, एसएमसी अध्यक्ष गोविंद चौधरी, एसडीएमसी उपाध्यक्ष सरदारसिंह देवड़ा एवं समस्त सदस्य की उपस्थिति रही। मंच संचालन श्रवण घांची ने किया।



**झाड़ोली पी।** राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल सिवेरा में गुरुवार को सरपंच कन्हैयालाल मीणा की अध्यक्षता, वोलकेम के जगदीश तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ सोहनलाल की अध्यक्षता, समाजसेवी जसवंतसिंह चौहान, पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र मेहता की उपस्थिति में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। पूर्व शिक्षक जसवंतसिंह ने बोर्ड क्लास में प्रथम आने वालों को चांदी के सिक्के देकर उत्साह बढ़ाया। वही मनोहर मीणा में दसवीं व बारवीं में प्रथम आने वालों को चांदी के मेडल देकर उत्साहित किया। फ्रेंड्स क्लब द्वारा क्लास 1 से 12 तक प्रथम आने वालों को ईनाम दिए स्कूल में साल भर की गतिविधियों में अपना कौशल दिखाने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स्कूल में 100 स्टूल टेबल देने वाले वोलकेम इंडिया के जगदीश तिवारी, 100 पेड़ डालने वाले पर्यावरण प्रेमी नरेंद मेहता,भारत विकास परिषद समेत अतिथियों का सम्मान किया। टेंट की व्यवस्था जीवादानी मिष्ठान व इनाम की व्यवस्था माधोराम सिंदल ने की। मंच संचालन उत्तम कुमार व शम्भूसिंह ने की। प्रधानाचार्य बाबूलाल मीणा ने सभी का आभार जताया ।

## अर्पित की श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वरिष्ठ पत्रकार कमलेश पुरोहित की पत्नी वर्षा पुरोहित के निधन पर गुरुवार को घांची समाज भवन में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शहर के पत्रकार, शिक्षाविद, समाजसेवियों व राजनीतिक क्षेत्र की हस्तियों ने पुष्पाजंलि अर्पित की।

## स्थानांतरित कार्मिकों का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** पंचायत समिति से स्थानांतरित होकर अपने गृह जिले में गए ग्राम विकास अधिकारी मंजीतसिंह, सुनिल खिलेरी व दिग्वेन्दरसिंह का ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से पंचायत समिति के सभागार में स्वागत किया गया। ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पुरणसिह देवड़ा ने सभी के साथ बिताए पल को याद किया। विशनसिंह देवड़ा ने भी अपने विचार रखकर स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह राठौड़ ने स्थानांतरित कर्मचारियों के कार्यकाल की प्रशंसा कर आगे भी इसी प्रकार कार्य करने की सीख दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेंद्रसिंह, सहायक विकास अधिकारी तिलक मीणा, भबुताराम, मोहनलाल, सहायक अभियंता ओपी बोहरा, लेखा अधिकारी कमलेश विश्नोई, जेटीए विजेंद्रसिंह मीणा, खुश्बू परिहार, ग्राम विकास अधिकारी ललित मीणा, चुन्नीलाल, फाऊलाल, हनवंतसिंह, सुभाष, श्वेता, आरपीसिंह, प्रवीण घांची, अरूणा, महेन्द्र सुथार, रणजीत मीणा, अनिता मेन्सन,श्रीपालसिंह, मंगलेश, दिलीप टांक, रणसिंह, निकिता चौहान, जीवनसिंह, लक्ष्मण कंवर, मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मीणा, एमआईएस मैनेजर मुकेश राठौड़, संस्थापन शाखा प्रभारी विक्रमसिंह राव, एसबीएम प्रभारी पुराराम, लोक सुनवाई प्रभारी परभुनाथ, कनिष्ठ सहायक राजेन्द्र पालसिंह, केशियर हेमंत खंडेलवाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर महिपालसिंह, मधुसूदन चौहान, कनिष्ठ सहायक छगनलाल, शबाना बेलिम आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने 2 क्विंटल 48 किलो मादक पदार्थ का किया निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पुलिस की ओर से विशेष कार्रवाई के तहत जब्त करीब 2 क्विंटल 48 किलो 815 ग्राम मादक पदार्थ का निस्तारण शिवगंज रिको में किया गया। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस जयपुर के निर्देशों की पालना एवं महानिरीक्षक जोधपुर रेंज के एनडीपीएस निस्तारण के विशेष अभियान टी-2 के तहत गुरुवार को जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। जिसमें पुलिस थाना रोहिड़ा, रेवदर व अनादरा के पांच प्रकरणों में जब्तशुदा 2 क्विंटल 48 किलो 815 ग्राम मादक पदार्थ। जिसमें 167 किलो 592 ग्राम डोडा पोस्त, 81 किलो 223 ग्राम गांजा को विपुल इंडस्ट्रीज ऑयल मिल्स, रिको इंडस्ट्रियल एरिया शिवगंज में जलाकर निस्तारण किया गया। एएसपी देवाराम चौधरी,सभी थानाधिकारी, उपराध शाखा के उप निरीक्षक रीडर हेमाराम, हैड कांस्टेबल लक्ष्मणराम एवं प्रदीप शर्मा मौजूद थे।

## सीनियर पुरुष हॉकी का चयन ट्रायल 26 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** हॉकी राजस्थान व हॉकी श्री गंगानगर के तत्वावधान में 15वीं सीनियर राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन श्री गंगानगर में आयोजित होगी। हॉकी सिरोही के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि हॉकी सिरोही के तत्वावधान में अरविंद मैदान में चयन ट्रायल का आयोजन 26 जनवरी को 4 बजे आयोजित होगी। जिसमें खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। पूर्व में भी इस संबंध में हॉकी सिरोही द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से एवं व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों को अवगत करवा दिया गया था। खिलाड़ी इस बात पर ध्यान देवे संपूर्ण जिम्मेदारी खिलाड़ियों की ही रहेगी। जिन सीनियर पुरुष खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता श्री गंगानगर में भाग लेना है। वह खिलाड़ी निर्धारित समय पर खेल उपकरण के साथ आधार कार्ड और एक फोटो लेकर चयन ट्रायल में उपस्थित होना है। चयन ट्रायल हॉकी सिरोही के महासचिव रणजी स्मिथ, कोषाध्यक्ष अयूब खान पठान, उपाध्यक्ष योगेश जैन, शैलेंद्रसिंह राठौड़, रमेश पटेल के मार्गदर्शन में लिया जाएगा। खिलाड़ियों के दस्तावेज की जांच सुरेंद्रसिंह राठौड़, विक्रमसिंह, सुरेश कुमार सगरवंशी, भारत कुमार की देखरेख में होगी।

## सर्द हवाओं से ठिठुरे सैलानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंट आबू।** विश्व विख्यात हिल स्टेशन माउंट आबू में शीत लहर का दौर जारी है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पर दिन भर ठंडी हवाएं चलने से लोगो की दिनचर्या में असर पड़ा है। लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। सवेरे लोग सूरज निकलने के बाद ही अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लिया और साथ ही अलाव भी तापे। विदेशों से तथा देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक माउंट आबू के दर्शनीयस्थलों का अवलोकन कर यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं।



## विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज के विद्यार्थियों ने गुरुवार को नवोदय विद्यालय का विजिट किया। प्राचार्य पी सेल्वम ने सभी का स्वागत किया। प्राचार्य ने नवोदय विद्यालय की कार्य प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तार बताया गया। जगदीश प्रसाद, श्रीमती ममता शर्मा और राकेश पालीवाल मौजूद थे।

## बालिकाओं को वितरित की साइकिल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाण में प्रधानाचार्य रमेश कुमार गर्ग, सरपंच सुरेश कुमार हीरागर एवं समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा ने बालिकाओं को साइकिल वितरित की। उप सरपंच नरेंद्रसिंह, अध्यापक नरसीराम, भरतसिंह, उदयसिंह, कालुसिंह आदि मौजूद थे।

## फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** चंद्रावती में नदी के पास पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर युवक ने अत्महत्या कर ली। सूचना पर रीको पुलिस मौके पर पहुंची। शव को आबूरोड मार्चरी में रखवाया। चंद्रावती नदी के पास पेड़ पर युवक का शव लटका होने से सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने रीको पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान रेडवाकला निवासी वालाराम पुत्र राजाराम गरासिया के रुप में हुई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। परिजनों के पहुंचने पर शव को आबूरोड मोर्चरी में रखवाया।

## अंजनी माता मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर बोले चढ़ावे

### मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर भजन संध्या हुई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** रामचंद्रजी मंदिर स्थित अंजनी माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न बोलियों के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्मित मंदिर के जीर्णोद्वार को लेकर विभिन्न बोलियों बोली गई। जिसमें उपस्थित समाज बंधुओं के द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया गया एवं बोलियां लगाई गई। गायक जोग भारती एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। नृत्य कलाकार ने भी एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिस पर उपस्थित समूह ने उनका हौसला अफजाई किया।

### मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम

# कलेक्टर ने हिनौता में मंगला पशु बीमा योजना का लिया जायजा, पशुपालकों को मिलेंगे बड़े फायदे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से जिले के पशुपालकों को वंचित न रहने देने की मंशा से जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने ग्राम पंचायत हिनौता का दौरा किया। यहां उन्होंने बीमा योजना की प्रगति की जानकारी ली और ग्रामीणों से योजना के पंजीकरण के बारे में चर्चा की। उन्होंने अब तक गैर-पंजीकृत पशुपालकों से योजना के तहत पंजीकरण करवाने की अपील की और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 जनवरी से पहले योजना के तहत शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का उद्देश्य प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के तहत गाय, भैंस, ऊंट, भेड़ और बकरी का नि:शुल्क बीमा किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत गाय और भैंस के लिए 40,000 रुपये, जबकि भेड़ और बकरी के लिए 4,000 रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाएगा, यदि किसी पशु की मृत्यु आकस्मिक या प्राकृतिक आपदा के कारण होती है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में प्रदेश के 2 दुधारू पशुओं गाय और भैंस, 10 भेड़-बकरी, या 1 ऊंट का नि:शुल्क बीमा किया जा रहा है। कुल मिलाकर, इस योजना से 21 लाख पशुओं का बीमा किया जाएगा, जिसमें गाय, भैंस, बकरी, भेड़ और ऊंट शामिल हैं। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों को संबल प्रदान करना और उनके अमूल्य पशुधन की सुरक्षा करना है। जिला कलक्टर ने यह भी बताया कि योजना के तहत पशु के कान में 12 अंकों का टैग होना आवश्यक है। इसके अलावा, पशुपालकों को पशु का बीमा कराने के लिए पशु के साथ फोटो, टैग नंबर, जनाधार कार्ड और जनाधार कार्ड से जुड़ा फोन नंबर लेकर संबंधित विभाग में संपर्क करना होगा। पशु का मूल्यांकन पशु के स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन क्षमता, आयु और नस्ल के आधार पर किया जाएगा, और बीमा के लिए अधिकतम मूल्य 40,000 रुपये निर्धारित किया गया है। योजना के तहत भेड़ और बकरी के लिए एक कैटल यूनिट में 10 पशु और दुधारू गाय, भैंस तथा ऊंट के लिए एक कैटल यूनिट में 1 पशु माना जाएगा। यदि किसी पशुपालक के पास 10 से कम भेड़-बकरी हैं, तो उन्हें एक कैटल यूनिट में शामिल कर उनका बीमा किया जा सकेगा। जिला कलक्टर ने फील्ड में जाकर इस योजना की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसी भी पशुपालक को इस योजना से वंचित न रखें। यह कदम जिले के पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण राहत साबित हो सकता है, क्योंकि इससे उन्हें उनके पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मौका मिलेगा।

# खो-खो विश्वकप में भारत की जीत पर खेलप्रेमियों में खुशी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही भारतीय खो खो महासंघ की ओर से आयोजित प्रथम विश्व कप खो खो प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में महिला पुरुष की खो-खो टीम के जीतने पर स्थानीय खो-खो खेल प्रेमियों में खुशी की लहर छा गई। राजसमंद जिला खो खो संघ के अध्यक्ष नानालाल कुमावत ने बताया कि इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित विश्व कप खो खो में महिला पुरुष दोनों वर्ग में भारत की टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत हासिल की। जिससे खो-खो के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर छा गई उन्होंने अपने क्षेत्र में मिठाई बांटकर पटाखे छोड़कर खुशी जाहिर की। भारतीय खो खो महासंघ के उपाध्यक्ष भंवर सिंह पलाड़ा के अथक प्रयास से विश्व कप खो खो की मेजबानी करने पर भारत देश का गौरव बढ़ाया। राजसमंद जिला खो खो संरक्षक दिग्विजयसिंह भाटी, उपाध्यक्ष शंकरलाल माली, महेंद्र रेगर, सचिव सोहनलाल पुरबिया, कैलाशचंद्र, बाबूलाल, नरेश प्रजापत, किशनलाल, रामेश्वर लाल, जगदीश चंद्र, देवीलाल, नरेश रेगर आदि ने खुशी जाहिर की।

## न्यूज ब्रीफ

### झाड़सर छोटा में मतदान जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़सर छोटा में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रभारी विनोद कुमारी, सहप्रभारी दिनेश चंद्र के निर्देशन में आयोजित की गई। विजेता प्रियंका कुमारी एवं उपविजेता दिव्या धुँआ रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार चौधरी ने समस्त विद्यार्थियों को मतदान की आवश्यकता एवं महत्व पर ज्ञानवर्धक जानकारी देते हुए मतदान अवश्य करने की प्रेरणा दी। सरिता कुमारी, सत्येंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समस्त विद्यालय परिवार, एसडीएमसी परिवार ने विजेता छात्राओं को बधाई दी व अन्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



### भामाशाहों एवं छात्राओं का सम्मान किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय इंद्रमणि बालिका विद्यालय तारानगर में 2024 25 का वार्षिक उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया और भामा शाहों का सम्मान किया गया जिसमें बेटियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतिया दी और जो विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त किए उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि और भामाशाह हंसराज बोथरा उनकी धर्मपत्नि सुशीला देवी प्रिंसिपल कमलेश वशिष्ठ अतिथि मंजू गोठवाल हरि इंदौरिया मानक चंद सैनी, करणी सिंह सैनी जुगलाल सैनी यासीन हिसारिया और कार्यक्रम प्रभारी रक्षा सारस्वत और शिक्षक ओकार सुमेर सिहाग पूनम आर्या उर्मिला पचार विनोद कसवा विमला भाकर ऊषा पचार बलवीर नवीन केसर इस मौके पर भामाशाह हंसराज बोथरा ने विद्यालय में 100 टेबल 20 कुर्सी और 10 स्टील कुर्सी और साउंड सिस्टम देने की घोषणा की और मानक चंद सैनी करणी सिंह सैनी ने प्रोत्साहन राशि देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम का संचालन रामकुमार पीटीआई ने किया।

### सामूहिक सुभाष जयंती पथ संचलन निकाला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सुभाष जयंती पथ संचलन विद्या भारती संस्थान जयपुर द्वारा संचालित राजगढ़ नगर में चलने वाले चारों आदर्श विद्या मंदिरों का सामूहिक सुभाष जयंती पथ संचलन द्रौपदी देवी भक्कड़ बालिका आदर्श विद्या मंदिर से निकाला गया संचलन को विंग कमांडर दिनेश कुमार शर्मा ,व्यवस्थापक कैलाश बिंदल, विनोद चांवरिया, संरक्षक प्रहलाद राय शर्मा, संकुल प्रमुख नारायण गुर्जर प्रधानाचार्य किशन लाल ,कांटा टेलर, रूक्मानंद ने रवाना किया। संचलन का मुख्य आकर्षण सुभाष, लक्ष्मी बाई, भारत माता, भगत सिंह आदि की झांकियां रही। चारों विद्यालयों के भैया बहन पंक्तिबद्ध होकर घोष के साथ लय ताल से चल रहे थे नगर के मुख्य मार्गो से होकर संचलन निकला जहां लोगो लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्य बाजार में व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता ने स्वागत किया व छात्रों के लिए पानी की व्यवस्था की विद्यालयों के सभी आचार्य आचार्याओं का पूर्ण सहयोग रहा।

### नव नियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** गुरुवार को स्थानीय मटोरिया भवन में पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दी ।इस अवसर पर पूर्व विधायक ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने और हमेशा पार्टी के हित में कार्य करने की नसीहत दी ।पूर्व विधायक ने विश्वास जताया कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी इमानदारी और कर्तवायनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए पार्टी की रीति नीति को आगे बढ़ायेंगे ।इसके बाद पुर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने जन संवाद करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर नव नियुक्त भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष राकेश पूनिया,खुईया मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पारीक, पार्षद छोटूलाल सेवग, मंडल प्रतिनिधि ओम प्रकाश लालवानी, खुंइया मंडल प्रतिनिधि अंजनी कुमार शर्मा,फेफाणा मंडल प्रतिनिधि कृष्ण छिपां, मोहनलाल डाबी, विनोद गोल्याण, सोनू सारसूत,हरीसिंह जाट, संजय बागड़ी, मोहनलाल सुथार, राहुल नागल, गजेन्द्र जोशी,राकेश हिसारीया, संजय बागड़ी,अमीत सांखी,हरीश शर्मा,सुर्य गुरु आदि उपस्थित रहे ।

### सांसद ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तोड़ के सांसद पीपी चौधरी राजसमंद के दौरें पर रहे। उन्होंने भाजपा नेता गणेश पालीवाल के माता निधन एवं युवा नेता हितेश जोशी के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाया। भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, जिला मीडिया सयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट कोठारिया, मण्डल अध्यक्ष हरदयालसिंह चौहान, सुनील पालिवाल, भवानी जोशी, गिरीश पालिवाल, पसुन्द सरपंच अयन जोशी आदि मौजूद रहे।

# पराक्रम दिवस एवं कर्तव्य बोध दिवस का कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य जगबीर सिंह की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस एवं कर्तव्य बोध दिवस का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर नरेश कुमार सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान रहे। मुख्य वक्ता डॉक्टर नरेश कुमार ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों के जीवन में कर्तव्य बोध की आवश्यकता और उसके महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज अपने सृजन और ज्ञान के द्वारा आज की युवा पीढ़ी में कर्तव्य बोध की दृष्टि विकसित करने में अहम योगदान दे सकते हैं। किसी भी राष्ट्र का विकास उसकी युवा पीढ़ी के द्वारा कर्तव्य निर्वहन की प्रगाढ़ भावना पर निर्भर करता है । साथ ही डॉक्टर नरेश कुमार ने सुभाष चंद्र बोस जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र को याद करते हुए उनके अपने देश के प्रति प्रगाढ़ कर्तव्य बोध भावना से अवगत कराते हुए बताया कि सुभाष चंद्र बोस भारत के ऐसे महान देशभक्त हुए हैं जिन्होंने अपने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान कर दिया उसके पीछे उनका राष्ट्र सेवा का सर्वोपरि कर्तव्य बोध भाव काम कर रहा था। आज की युवा पीढ़ी को नेताजी के महान विचारों से सीखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य जगबीर सिंह ने भी युवाओं को अपने कर्तव्य पालन को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया क्योंकि अधिकारों का सर्वोत्तम उपभोग करने के लिए पहले कर्तव्य पालन करना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता गोस्वामी के द्वारा किया गया इस अवसर पर अन्य संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुसंस्कृति और नशा मुक्त ग्रामीण परिवेश सबसे बड़ी आवश्यकता : साध्वी शुभ प्रभा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ग्रामीण परिवेश भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे सुसंस्कृत तथा नशा मुक्त बनाए जाना बनाए जाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए। उक्त विचार राजगढ़ की बेटी एवं तेरापंथी साध्वी डॉ. शुभ प्रभा ने गुरुवार को हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान के गांव गोठयां बड़ी में व्यक्त किए। गुरुवार को ही प्रातः पदविहार आरंभ कर साध्वी वृन्द 25 किलोमीटर चलकर पहुंची। वहां पर 2 घंटे का विश्राम कर हरियाणा के गांव झुंपा में प्रवेश कर गई। राजगढ़ के श्रावक अभिषेक एवं प्रमोद सरावगी तथा दुलीचन्द श्यामसुखा भी पद यात्रा में साथ रहे। साध्वी शुभ प्रभा ने कहा कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता संस्कार निर्माण और नशा मुक्ति की है, जिसके लिए तेरापंथी आचार्यों के प्रयास निरंतर जारी हैं। उनके साधु-साध्वियां पदयात्रा करते हुए ऐसे संदेश तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्प हैं। इस अवसर पर गोठयां बड़ी के सुदेश कुमार ज्याना देवी जोशी ने साध्वियों की अगवानी की। जोशी निवास पर ही साध्वियों का अल्प प्रवास रहा। साध्वी कांति यशा ने जन्मभूमि तथा सन्त महत्ता से संबंधित गीतेका की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर तेरा पंथ महिला मंडल की कोषाध्यक्ष संजू सुराणा के साथ सुमन मुसरफ व श्याम जैन भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व बुधवार रात्रि को जसकरण सुराणा हवेली में साध्वियों को अध्यात्म वंदना के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर साध्वी डॉ. शुभ प्रभा एवं साध्वी अन्यन प्रभा ने तत्वज्ञान नव तत्व तथा जीवन विज्ञान का संदेश दिया। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को अध्यात्म धर्म से संबंधित संकल्प भी करवाए। जन्मभूमि राजगढ़ में साध्वी डॉ. शुभ प्रभाऔर साध्वी कांति यशा का करीब 15 दिवसीय अध्यात्म प्रवास रहा।।

# अखिल भारतीय किसान सभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**सादुलपुर।** तारानगर के किसान मज़दूर भवन में अखिल भारतीय किसान सभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कामरेड निर्मल कुमार ने बताया कि बकाया फसल बीमा व नहर के लिए आंदोलन लडने् की जरूरत है। पूरे जिले में बकाया फसल बीमा क्लेम लेकर रहेंगे, गांव गांव में किसान सभा की कमेटियां गठन करके मजबूती से आंदोलन लड़ेंगे, आने वाली 13 फरवरी को जिला कलेक्ट्री का घेराव करेंगे एवं किसान की बात मजबूती से रखेंगे। आनंदगिरी महाराज, चिमनाराम पांडर, पूर्णाराम सरावग, काशीराम पुनिया, उमराव सिंह, राजेंद्र खुड्डी, विक्रम सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर सहदेव पांडिया, हनुमान सहारण, मनोहरलाल शर्मा, सुनील पारीक, श्रवण सहु, शीशपाल धिधवाल, रामस्वरूप सहारण, श्योकरण भांभू, गणपतराम आदि मौजूद रहे।

# लवर में गुरुग्राम के बिल्डर के ठिकानों पर इनकम टैक्स रेड

### 4 दिन पहले फ्लैट में लगी थी आग, 4 शहरों में एक साथ पहुंची 23 टीम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर में चार दिन पहले त्रेहान होम डवलपर्स की जिस आलीशान सोसायटी में आग लगी थी, उस बिल्डर पर बुधवार को इनकम टैक्स की टीम ने गुरुवार को रेड डाली है। सुबह करीब 7 बजे अलवर, भिवाड़ी, फरीदाबाद सहित कई जगहों पर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे से इनकम टैक्स की 23 टीमें अलग-अलग जगह पर पहुंची। आयकर विभाग की ये टीमें राजस्थान के जयपुर, गंगानगर, जोधपुर सहित अलग-अलग जगहों से हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इन ठिकानों से बड़ी मात्रा में जमीन, प्लॉट और फ्लैट से जुड़े डॉक्युमेंट मिले है। अलवर शहर में त्रेहान होम डवलपर के साथ काम करने वाले अलवर निवासी अशोक सैनी, कुलदीप कालरा और सीए सुमित के घर टीमों ने दबिश दी। अलवर शहर में टेल्को चौराहे से आगे तिजारा रोड पर त्रेहान ग्रुप की सबसे बड़ी अपना घर शालीमार आवासीय सोसायटी है। इसी इलाके में बड़ी संख्या में प्लाट भी काटे गए है। वहीं त्रेहान ग्रुप के अलवर ऑफिस पर भी बड़ी टीम है। सब जगहों से त्रेहान ग्रुप के कामकाज की फाइलों को ढूंढ़ा गया है। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रुप के अलग-अलग ठिकानों पर जांच करने वाली करीब 23 से अधिक टीम हैं। एक टीम में 4 से 5 अधिकारी हैं। पुलिस अलग है। इस तरह चार से पांच जगहों पर इनकम टैक्स के करीब 100 अधिकारी व कर्मचारी एक साथ रेड डालने पहुंचे थे। जयपुर आयुक्तालय से भी अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मंगवाया गया था। इसके अलावा जोधपुर और श्रीगंगानगर से भी अलग-अलग टीमें आई हैं। चार दिन पहले बिल्डर के फ्लैट में आग लग गई थी। फ्लैट मालिक आनंद का कहना था कि उसने अपना घर शालीमार आवासीय सोसाइटी के अमृत कलश में 70 लाख की कीमत से फ्लैट खरीदा था। आगजनी की वजह से 20 लाख रुपए कैश और बाकी सामान जलकर खाक हो गए थे। इसके बाद फ्लैट मालिक ने सोमवार रात को फ्लैट बनाने वाली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था- फ्लैट में घटिया क्वालिटी की वायर लगी थी। इसमें शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी है। वहीं बिल्डर के सहयोगी का कहना है कि फ्लैट मालिक अंदर हीटर चलाकर चला गया।

# 'स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी थे बोस, युवा उनके जीवन से ले प्रेरणा'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद/देवगढ़।** नेहरु युवा केंद्र के कॅरियर महिला मंडल द्वारा गुरुवार को विवेकानंद पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया। मुख्य अतिथि राजस्थान की यूथ आइकॉन पैडवूमन भावना पालीवाल और अध्यक्षता संस्था प्रधानाचार्य संतोष पुरी गोस्वामी ने की। गोस्वामी ने बताया की भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय है। वह साहस और धैर्य के प्रतीक हैं। उनका दृष्टिकोण हमें प्रेरित करता है। मुख्य अतिथि पालीवाल ने नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि साहस और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जयंती पर 101 बच्चों ने सैल्यूट दिया और प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। दिलखुश सेन, विद्यालय परिवार से मुकेशसिंह चौहान, वैभव पुरी गोस्वामी, कविता पंवार, शीतल नंदवाना, सिमरन तंवर, डोली राठौड़, किरण सुथार, किरण सोनी, टीना कंवर, आफरीन बानू आयुष जोशी, अल्फिन बानु, आरव महर्षि, चिराग साहू, दीक्षा गोस्वामी, दिव्यांशी वेद, दिव्यांशुसिंह, गुंजन बारोलिया, हर्षितसिंह, हिमनिश जोशी, जिनेश सालवी, लक्षित मेवाड़ा, मनीष कुमार, मयूरराजसिंह, मेहुलसिंह, मोहम्मद फुरखान, मोनिका कलाल, प्रतिज्ञा पंवार, रुचि पोरवाड़, शौर्य उपाध्याय, युवराजसिंह, अनीता कंवर, ध्रूव कुमार, डिम्पल सरगरा, दिशा मालावात, गुंजन ओझा, गरिमा देवड़ा, हर्षित चौहान, माहींन बानू, मोनिका सेन, नाजिश शेख, प्रहर्ष जोशी, प्रियांश गर्ग, रिधिमा पांडिया, सौम्या सेन, त्रिभुवनसिंह आदि की उपस्थिति रही । उधर, आलोक स्कूल के महाराणा प्रताप सभागार में सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत ने बोस के जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने कहा कि सुभाष जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाकर देश की आजादी में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद करके उनको नमन किया।

# गोचर को अतिक्रमण मुक्त करने एवं इस भूमि को बेचने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**राजसमंद/चारभुजा।** तहसील की ग्राम पंचायत उमरवास का राजस्व गांव काकरिया में गोचर भूमि को भी अतिक्रमणकारियों ने नहीं बख्शा तथा करोड़ों की जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग एवं मकान बनाकर बेच डालें। ग्रामीण सुरेंद्रसिंह, देवीसिंह, अर्जुनलाल ने बताया कि प्रशासन को बार-बार मौखिक एवं लिखित रूप में अवगत कराने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमयों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं । जिससे करोड़ों की जमीन बेच डाली। बुधवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर इस प्रकरण में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।इस प्रकरण में ग्रामीणों ने प्रशासन की भी मिली भगत बताई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में ग्राम पंचायत के सरपंच को रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की। गांव की गोचर भूमि को धड़ले से भू माफिया बेचकर लाखों रुपए में कमा रहे हैं जबकि इस गोचर भूमि पर चुंडावतो का खेड़ा, टाडावाड़ा सोलंकियां, कितेला, काकरिया सहित गांव के पशुधन चरने को आते है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया था। जिस समय जिलाधीश ने जल्द समाधान के निर्देश दिए। लेकिन, आज दिन तक समाधान नहीं किया गया। 20 तारीख पहले भू प्रबंधक मंडल डिपार्टमेंट से अधिकारी मौके पर आकर समस्या का समाधान करेंगे। लेकिन, आज दिन तक समाधान नहीं किया गया।

# रोडवेज बस से सात किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ते के देसूरी हरिओम आश्रम स्थित सड़क मार्ग पर सघन नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच के दौरान उदयपुर से जोधपुर जा रही रोडवेज बस की जांच की गई। जांच के दौरान जोधपुर के सूरसागर निवासी मुकेशदास पुत्र राणीदान उम्र 30 वर्ष की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सात किलो अवैध डोडापोस्त पाया गया, जिस पर पुलिस द्वारा अवैध डोडापोस्त के साथ मुकेशदास को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल सोहनलाल आसेरी, मेघाराम चौधरी, कांस्टेबल प्रकाशचंद्र, जगदीश, आसूचना अधिकारी राकेश कुमार, कांस्टेबल रुघाराम चालक श्रवण कुमार की भूमिका रही।



# खिवांदी में दो दिवसीय कार्यशाला, करवाया योगाभ्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** करो योग रहो निरोग, घर-घर योग की तर्ज पर योग प्रशिक्षक व आयुष नर्सेज महासंघ के बैनर तले निःशुल्क व निस्वार्थ भाव से दो दिवसीय योग शिविर कार्यशाला का गुरूवार को समापन किया गया। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल ने बताया कि खिवांदी में विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने एवं योग से होने वाले शारीरिक लाभों के बारे में जानकारी दी। संस्था का मुख्य उद्देश्य करो योग रहो निरोग, घर-घर योग, आयुर्वेद अपनाओ स्वस्थ लाभ पाओ की तर्ज पर कार्यशाला का आयोजन खिवांदी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सवेरे आठ से नौ बजे तक किया गया। जिसमें विद्यालय के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को योग प्रशिक्षक कल्पेश आर्य एवं महिला योग प्रशिक्षक संगीता कुमारी ने योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ग्रीवा चालान, स्कंद संचालन, कटी चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन और ध्यान में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का योगाभ्यास करवाया। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष योग शिक्षक ललित मेघवाल सुमेरपुर ने योगाभ्यास विद्यार्थियों को रितु चर्या अपनाने एवं शीत ऋतु में किस प्रकार का आहार विहार करना चाहिए, जिससे स्वाथ्य लाभ हो सके संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में आयुष नर्सेज महासंघ के सदस्यों प्रदीप कुमार, प्रवीन कुमार, हर्षवर्धन सिंह राठौड़ एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक व संचालक भूराराम गहलोत, हीरालाल नेतरा, मानाराम देवासी, धन्नाराम सिंघल, संतोष कंवर, पूजा परमार, खुशबू गोस्वामी, सुंदर देवासी आदि का सहयोग रहा।



# धर्म वैल रथ का आज भव्य बंधावा-स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली के रडावा बढेर मंदिर धर्म वैल रथ शुक्रवार को ठीक 3:30 बजे बाली रंजन सराया पर सीरवी समाज द्वारा भव्य बंधावा स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा। संत खेताराम महाराज ने बताया कि बाली गौडवाड श्री आईमाताजी का धर्म वैल रथ आज से करीब 600 वर्षों से स्वयं आईमाताजी द्वारा बनाया गया। धर्म वैल रथ आज भी बिलाड़ा धाम से मारवाड़, गौडवाड, राजस्थान गुजरात, दक्षिणी भारत सहित पुरे भारत वर्ष में धर्म प्रचार प्रसार करते हुए, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव-गांव, शहरों, नगरों में प्रचार प्रसार भ्रमण करते हुए बाली पहुंचा है। यह आज 24 जनवरी शुक्रवार को ठीक 3:30 बजे राडावा बढेर मंदिर से रवाना होकर बाली बढेर मंदिर पहुंचने से पहले रंजन सराया पर सीरवी समाज द्वारा भव्य बंधावा स्वागत कार्यक्रम आयोजित होंगे। उक्त कार्यक्रम में सभी को समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया।



बालासाहेब ठाकरे जन्म जयंती समारोह

# शिव सैनिकों ने निकाली विशाल भगवा रैली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** बालासाहेब शिवसेना शिंदे पार्टी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालासाहेब ठाकरे जन्म जयंती के पावन अवसर पर जिला अध्यक्ष तखत सिंह सोलंकी के नेतृत्व में विशाल भगवा रैली हृदय स्थल शिवाजी सर्कल से बैंड नवकार दरबार व किंग डायमन बैंड डिजे की मधुर धुनों से रवाना होकर जय भवानी जय शिवाजी के नारे लगाते हुए हाथ में केसरिया ध्वज उठाकर शहर के मुख्य मार्गों व बाजार में पिंटू भाई आहूजा द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए गीता भवन में समापन हुआ। विशाल आम सभा को संबोधित करने महाराष्ट्र से पधारे मुख्य अतिथि शिवसेना राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल सभा को संबोधित करते हुए बालासाहेब के मार्ग पर चलने व सनातन धर्म व शिवसेना शिंदे पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रत्येक हिंदू को शिवसेना से जुड़ने का आगाज किया।



■ जय-जय श्री राम के नारों से गूंजा पाली शहर

इस मौके पर संत श्री जगदीशानंद, चाणक्य आश्रम, बाबुनाथ जैतपुरा, केवलदास जाणुदा, अशोक नाथ, साध्वी कमल गिरी, सोजत देवली मोहन नाथ, मोकलसर शीतल नाथ, बाली सहित अन्य महात्माओं का सानिध्य व उद्बोधन प्राप्त हुआ। इस मौके पर विक्रम तेजी, मगराज पादरली, महेंद्र माडा, रमेश बंजारा, उदय शेट्टी, मनोज गर्ग, सुरेंद्र सिंह, कांनदरा राजसा, मानपुरा रवसा, देवड़ा बालू भाई अकेली, प्रवीण सिंह, इंदा अर्जुन, टाइगर राजेश वैष्णव, मातृशक्ति के रूप में ललिता गाडोलिया लाहोर, अनिता सिंह, सिंगर ललिता पवार, मंजू जैन, कविता पंवार, अनिता गाडोलिया, लता वैष्णव, रूचिका शर्मा, चंद्रिका शर्मा, शांति शर्मा, सरोज राठौड़, हर्षिता चारोटिया, खुशूब किरण सोलंकी, अरूणा दिबसीका शर्मा , निशा डाबी, टीना डाबी, शिवसेना जिला पदाधिकारी मातृशक्ति व कार्यकर्ता गण हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# मोती महाराज को बनाया शिष्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** श्री पादरा खेड़ा हनुमान मंदिर भादरास सादड़ी के महंत श्री दशरथ दास महाराज के शिष्य का गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र के संगम घाट पर विभिन्न संतों के सानिध्य में नामकरण कार्यक्रम आयोजित कर मोती महाराज को शिष्य बनाया। सुजाराम जणवा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वैष्णव संप्रदाय अध्यक्ष महंत श्री दामोदरदास महाराज मंडलेश्वर श्री करुणाकरण दास महाराज केसुली, महंत श्री राघव दास महाराज डुठारिया, श्री चंदन दास महाराज सादडा,श्री पुरण दास महाराज टेवाली, आचार्य श्री कृपा शंकर महाराज वृन्दावन के सानिध्य में मोती महाराज का मंत्र उच्चारण के साथ नामकरण किया गया। सभी संत महात्माओं ने मिलकर उनका वैष्णव विरक्त संप्रदाय संत समाज में प्रवेश करने पर उसे पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित। शिष्य बनने के बाद मोती महाराज ने संकल्प लिया कि आज से वैष्णव विरक्त संप्रदाय दिगंबर लसकरी सभी नियम पद्धतियों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी संतों का आशीर्वाद लेकर उन्हें दंडवत प्रणाम किया। इस दौरान सभी संतों ने मंत्र उच्चारण कर विधिवत संत समाज में प्रवेश करवाया। इस दोरान तेजाराम चौधरी सहीत विभिन्न भक्त मौजूद रहे।



# विजन लाइब्रेरी व आरएससीआईटी सेंटर का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** रानी के निकटवर्ती खौड़ गांव के राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के नीचे स्थित हॉल में मंगलवार को विजन लाइब्रेरी व आरएससीआईटी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विजन लाइब्रेरी के संचालक जसाराम आगलेशा व दिलीप आदरा ने बताया कि गांव व आसपास के छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए लाइब्रेरी का सहारा लेते हैं। जिसके चलते उन्हें पाली, जयपुर व अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इस व्यवस्था के चलते उन्हें समय के नुकसान के साथ-साथ आर्थिक भार भी अब उठाना नही पड़ेगा। गरीब परिवार के कई छात्र तो इसी परेशानी के चलते परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की इसी समस्या को समझते हुए वे ग्राम खौड़ में अपने राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के नीचे हॉल में 54 सीटों वाली विजन लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया । विजन लाइब्रेरी के संचालक जसाराम आगलेशा और दिलीप आदरा उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि लाइब्रेरी में असहाय एवं गरीब छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे छात्र-छात्राएं सीधे जसाराम आगलेशा और दिलीप आदरा से व्यक्तिगत या परिजनों के साथ संपर्क कर सकते हैं। लाइब्रेरी में वाईफाई सुविधा, चौबीस घंटे लाईट, एसी सुविधा, पर्सनल चार्जर बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा, शांत वातावरण मय सारी सुविधाएं भी उपलब्ध है।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर उप सरपंच मालमसिंह मेडतिया, जवाहरलाल परिहार, प्रधानाचार्य मनाराम मीणा, प्रधानाचार्य सौरभसिंह सेदरिया, चोकी प्रभारी प्रहलादसिंह, डा. नाहरसिंह गुर्जर, डा. रवि गढवी, श्यामसिंह भाटी, लादाराम चौधरी, नारायणलाल पुच्छल, रमेश मेहता, ताराराम मीणा, जगदीश परिहार, सुरेश मीणा, सोनाराम आगलेशा, आदाराम आदरा, कालू राम मीणा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पीएम श्री विद्यालय के छात्रों ने की फील्ड विजिट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** निकटवर्ती पीएम श्री विद्यालय रानी गांव के कक्षा छह से 12 तक के 140 विद्यार्थियों का दल प्रातः विद्यालय समय में प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह राजपुरोहित के द्वारा दो बसों द्वारा फील्ड विजिट हेतु रवाना किया गया। कृषि अनुसंधान केंद्र सुमेरपुर व कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर के फार्म हाउस पर विद्यार्थियों ने फील्ड विजिट की जिसमें कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर डाक्टर एमके पूनिया व वर्मा के निर्देशन में किचन गार्डन जैविक सब्जियां ड्रिप सिस्टम का अवलोकन किया तथा कंपोस्ट पिट जैविक खाद्य केंचुआ खाद किस प्रकार तैयार की जाती है, उसकी जानकारी बच्चों को मिली। बच्चों ने मुर्गी पालन, डेयरी पालन और बकरी पालन जानकारी प्राप्त की। वर्मा के साथ पूरे कैंपस में बच्चों ने कॉलेज की सेंट्रल लैब का भी अवलोकन किया और बच्चों ने जानकारी प्राप्त की। फील्ड विजिट प्रभारी प्रभु राम चौधरी उपप्राचार्य, नवाराम रागी, पिस्ता कुमारी, सरोज कुमारी, कुलदीप शर्मा, राहुल सिंह, बाबू देवासी सभी विद्यार्थियों ने फील्ड विजिट का भरपूर आनंद लिया।

## माही बीज 31 जनवरी को

**खिंवाड़ा।** डायलाना कला स्थित जीजीवड़ आईमाता मंदिर प्रांगण में माही बीज की पूर्व संध्या पर 30 जनवरी को एक शाम आईमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पूर्व उपजिला प्रमुख तेजाराम चौधरी ने बताया कि माही बीज की पूर्व संध्या के मौके पर 30 जनवरी को डायलाना कला स्थित जीजीवड़ आईमाता मंदिर प्रांगण में एक शाम आईमाता के नाम। भजन संध्या में एक दर्जन भजन कलाकार आईमाता मण्डित भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं कस्बें सहित आस-पास के गांवों में माही बीज 31 जनवरी को आईमाता की वडेर प्रांगण में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## श्रीयादे जन्मोत्सव 31 को

**खिंवाड़ा।** श्रीयादे मां का जन्मोत्सव आगामी 31 जनवरी शुक्रवार को कस्बें सहित समूचे क्षेत्र भर में प्रजापत समाज के तत्वावधान में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समाज के कस्तूरचंद प्रजापत खिंवाड़ा ने बताया कि श्रीयादे मां के जन्मोत्सव के मौके पर समूचे अरावल क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित

## छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राउमावि नेतरा में गुरूवार को वार्षिकोत्सव समारोह सीबीईओ धन्नाराम सोलंकी की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि पूर्व उपप्रधान करणसिंह राजपुरोहित एवं विशिष्ठ अतिथि संरपच छगनलाल सोलंकी के सानिध्य में आयोजित हुआ। समारोह में भामाशाह रामसिंह राजपुरोहित, गुलाब सिंह राजपरोहित एवं उप सरपंच जगदीश सिंह राजपुरोहित मौजूद रहे। प्रधानाचार्य कपूरचंद परिहार एवं उपप्रधानाचार्य जयंतिलाल गर्ग ने अतिथियों का बहुमान किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। विद्यालय में कक्षा प्रथम से बारवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट खिलाड़ियों व अनुशासन, वृक्षारोपण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन कर भामाशाहों का बहुमान किया गया। कार्यक्रम में मांगीलाल गर्ग, प्रभुसिंह राजपुरोहित, हिम्मतसिंह राजपुरोहित, गुलाबसिंह मेडतिया, डिंपल कुमारी, विमला बघेला, लीला बावल, ममता मीणा, नारायणलाल गहलोत, गणाराम मीणा, वरजू मीणा, शिवकरण, जयपाल सिंह, गजेंद्र अशोकसिंह राजपुरोहित, विनोदसिह, महेंद्रसिंह सहित गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन अशोक चौरड़िया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवत सिंह, विक्रम कुमार वैष्णव, रामनारायण सिंह, कुमार एवं मिश्रीलाल ने विशेष सहयोग प्रदान किया। प्रधानाचार्य कपूरचंद परिहार ने भामाशाहों का आभार जताते हुए विद्यालय में सहयोग प्रदान करने के लिए ग्राम वासियों से अनुरोध किया।



# युवा संघर्ष समिति का गठन, मेवाड़ा अध्यक्ष व सिसोदिया सचिव

**सुमेरपुर।** युवा संघर्ष समिति का गठन गुरुवार को मां सरस्वती छात्रावास में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर अनित मेवाड़ा, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह देवली व जय किशन सिंह, सचिव देवेंद्र सिंह सिसोदिया, महा सचिव योगेंद्र सिंह राणावत, संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष विशाल वैष्णव व अर्जुन सिंह रेवत, मीडिया प्रमुख निशांत रावल एवं व्यवस्था प्रमुख वर्मन सामरिया सहित सदस्य के रूप में मदन माधव, मदन मेघवाल, चंद्र प्रकाश परिहार, महावीर सिंह, प्रमोद रमेशा, देवराज सिंह, कांतिलाल सुथार, गोविंद, अशोक को नियुक्त किया गया। समिति सचिव देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि उक्त कार्यकारिणी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रियता बढ़ाएंगे, राष्ट्रीय त्यौहारों व महापुरुष की जयंतियों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# युवा एकता मंच ने सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई

**सुमेरपुर।** सामाजिक संगठन युवा एकता मंच ने अपना पहला स्थापना दिवस गुरूवार 23 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के साथ मनाया। मंच अध्यक्ष हिमांशु परिहार ने बताया कि युवा एकता मंच की स्थापना 23 जनवरी 2024 को स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस की जयंती, उनको आदर्श मान कर की गई थी। एक वर्ष में मंच ने पर्यावरण, शिक्षा एवं नगर के विकास को लेकर लगातार कार्य किए हैं। सुमेरपुर नगर में जालोर चौराह से गांधी मूर्ति तक व राजगुरु सर्कल से कृषि मंडी तक डिवाइडर में बड़े 700 पेड़ लगाकर देखभाल कर रहे हैं। इसी के साथ नवरात्रि के समय में सुमेरपुर शिवगंज में सारंग गरबा महोत्सव 8000 लोगों की संख्या के साथ किया। इस तरह युवा एकता मंच लगातार नगर में सामाजिक, शैक्षिक, पर्यावरण, समरसता को लेकर कार्य कर रहा हैं। मंच सचिव विशाल बोराणा ने बताया कि सुमेरपुर नगर में सुभाषचंद्र बॉस का कई पर सर्कल नहीं है। आज से आठ वर्ष पूर्व नगरपालिका रोड़ पर सुभाषचंद्र बोस का सर्कल था जो कृषि मंडी गौरव पथ बनाने पर हटा दिया, जो आज तक नया नहीं बना।

**बोस के नाम सर्कल बनाने ईओ को ज्ञापन दिया**

अधिवक्ता महिपाल सिंह राजपुरोहित ने कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के बारे बताया और कहा कि आज हम सब जिस आजाद भारत में रह रहे है। यह आजाद भारत का सपना पूरा करने में हमारे नेताजी का अहम योगदान रहा हैं। हम सभी को इनके मार्गदर्शन पर चलना चाहिए। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने जय घोष का नारा लगाकर बोस को याद किया। उसके बाद मंच के कार्यकर्ता ने अधिवक्ता राजपुरोहित के नेतृत्व में नगर पालिका चौराह पर सुभाष चंद्र बोस का सर्कल बनाने को लेकर ईओ के नाम ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अरुण देवड़ा, प्रकाश देवड़ा, कृष्णपाल सिंह राठौड़, नरेश कुमावत, मोहनलाल, गणपत, नितिन सुथार, अजय रावल, पुनाराम बिश्नोई, धर्मेंद्र रजत, दिनेश सुथार, प्रदीप प्रजापत, अनीश माली, अजय रावल, संजय सुथार, जयेश राठौड़, वैभव शर्मा, नीलेश माली, राकेश बंजारा, किशन भारद्वाज, रवि कुमार, लक्ष्मण, लक्ष्य माली, कुलदीप माली, रक्षा गहलोत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया

**रानी।** महावीर शिक्षण संस्थान रानी में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पिरामिड एवं करतब दिखाकर मंत्र मुग्ध किया। प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस पर आधारित कहानी सुना कर प्रेरित किया। जावेद मोहम्मद ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना के साहसिक कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मदनलाल भाट ने किया। इसकी जानकारी अध्यापक मदनलाल भाट द्वारा दी गई।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज | 2025-एमसीजीएम-1140016-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | वर्ष अवधि 2024-25 के दौरान जी/एस वॉर्ड अंतर्गत आयुर्वेदिक डिस्पेंसरीज हेतु आयुर्वेदिक दवाईयों का क्रय। |
| निविदा शुल्क | रु. 3300 + 18% = 3894/- |
| ई-निविदा की लागत | रु. 19,00,000/- |
| बोली प्रतिभूति/धरोहर राशि | रु. 38,000/- |
| आरपीएफ दस्तावेज विक्रय की प्रारंभ दिनांक | दिनांक 23.01.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे |
| आरपीएफ दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | दिनांक 31.01.2025 को समय शाम 18.00 बजे |
| ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 31.01.2025 को समय शाम 18.00 बजे |
| पूर्व अर्हता बोलियां खुलने की दिनांक व समय (लिफाफा ए) | दिनांक 03.02.2025 को समय दोप. 12.00 बजे |
| पूर्व अर्हता बोलियां खुलने की दिनांक व समय (लिफाफा बी) | दिनांक 03.02.2025 को समय दोप. 13.00 बजे |
| पूर्व अर्हता बोलियां खुलने की दिनांक व समय (लिफाफा सी) | दिनांक 05.02.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे |
| बोली खुलने का स्थान | झंडु आयुर्वेदिक महापालिका डिस्पेंसरी, सेनापती बापट मार्ग, वन इंडिया बुल सेंटर, प्रभादेवी, मुंबई 13 संपर्क नं. 8850696687/9967438159 |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2322/ADV/2024-25

एमओएच जी/दक्षिण वॉर्ड
डॉ. विरेंद्र वी. मोहिते
चिकित्सा अधिकारी जी/दक्षिण वॉर्ड

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. डीवाय. सीएच. इंजी./एम एंड ई/4417/डब्ल्यू.एस. दि. 23.01.2025

निविदा सूचना

महापालिका आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा पात्र बोलीदारों से प्रतिशत दर आधार पर निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित है। बोली प्रारंभ की दिनांक व समय एवं बोली समापन की दिनांक व समय निविदा सेक्शन अंतर्गत एमसीजीएम की वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में अंकित है।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सीएच. इंजी. (एम एंड ई) |
| सेक्शन | डीवाय. सीएच. इंजी. (एम एंड ई) डब्ल्यू.एस. |
| ई-निविदा क्र. | 1. 2025-एमसीजीएम-1139856-1<br>2. 25025-एमसीजीएम-1139657-1 |
| विषय | 1. आर-दक्षिण वॉर्ड में कांदीवली (पू) में वडारपाडा स्मशान भुमि फेस-। के वायू प्रदुषण नियंत्रण उपकरणों का तीन वर्षीय संचालन एवं रखरखाव।<br>2. आर-मध्य वॉर्ड में बोरीवली (प) में बाभई स्मशान भुमि फेस-। के वायू प्रदुषण नियंत्रण उपकरणों का तीन वर्षीय संचालन एवं रखरखाव। |
| बोली प्रारंभ | दिनांक 24.01.2025 समयः प्रातः 11.00 बजे |
| बोली समापन | दिनांक 30.01.2025 समयः शामः 16.00 बजे |
| पोर्टल | http://portal.mcgm.gov.in<br>http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | ई.ई. (एम एंड ई) डब्ल्यू.एस. । |
| ए) नाम | श्री जे.डी. शिरसाठ |
| बी) संपर्क नं. (कार्यालय) | 022-29677586 |
| सी) फोन नं. | 022-29677905 |
| डी) ई-मेल पता | eews01.me@mcgm.gov.in |

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु महापालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in/ http://portal.mcgm.gov.in देखें।
निविदा दस्तावेज डाक/कुरियर द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

PRO/2330/ADV/2024-25

कार्य. अभि. मैक. (एम एंड ई) डब्ल्यू.एस. ।

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

रणजी ट्रॉफी 2024-25

# रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी, फिर सस्ते में ढेर



**मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ले से खराब फॉर्म जारी है और गुरुवार को मुंबई में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन वह सिर्फ तीन रन पर आउट हो गए। रोहित ने 19 गेंदों का सामना किया और फिर तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर का शिकार बने। इस तरह से उनके निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। रोहित ने मुंबई के लिए आखिरी बार रणजी ट्रॉफी नवंबर 2015 में खेली थी, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 140 गेंदों पर 113 रनों की पारी खेली थी। यह मैच ड्रॉ रहा था।

टेस्ट क्रिकेट में रोहित के हालिया प्रदर्शन ने उनकी फॉर्म को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए थे। खास तौर पर 2024-25 का टेस्ट सीजन रोहित के लिए निराशाजनक रहा। उन्होंने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 52 रन रहा जो बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र अर्धशतक था। कप्तान के रूप में रोहित को कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत को 12 वर्षों में अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज हार का सामना करना पड़ा जिसमें न्यूजीलैंड से 0-3 से हार मिली। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत का पहला वाइटवॉश भी था। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने 20 जनवरी को रोहित को शामिल करने के संबंध में वरिष्ठ चयन समिति के फैसले की घोषणा की। युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, जो भारत के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में रोहित के बल्लेबाजी साथी हैं, जल्दी आउट हो गए, उन्होंने औकीब नबी द्वारा एलबीडब्लू आउट होने से पहले केवल चार रन बनाए। इन दोनों के आउट होने से मुंबई की पहली पारी लड़खड़ा गई।

## शुभमन गिल फिर फ्लॉप साबित



**बेंगलुरु।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दौरान चौंकाने वाले घटनाक्रम में पंजाब को गुरुवार 23 जनवरी को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक ने पहली पारी में मात्र 55 रन पर ढेर कर दिया गया। यह निराशाजनक स्कोर पिछले 46 वर्षों में पंजाब का सबसे कम स्कोर है, जिसने कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के लिए एक अनचाहा रिकॉर्ड बनाया। पंजाब की बल्लेबाजी लाइनअप दबाव में ढह गई, जिसमें केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचने में सफल रहे। फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे गिल आठ गेंदों पर सिर्फ चार रन बनाकर अभिलाष शेट्टी की गेंद पर कैच आउट हो गए। उनका आउट होना एक विनाशकारी शुरुआत का हिस्सा था, जिसमें पंजाब ने अपनी पारी की शुरुआत में 14/4 के स्कोर पर संघर्ष किया।

पंजाब का 46 वर्षों में सबसे कम स्कोर

### सबसे कम स्कोर

- पंजाब : बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ 55 रन पर ऑल-आउट
- सर्विसेज : कश्मीर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ 71 रन पर ऑल-आउट
- उत्तराखंड : देहरादून में विदर्भ के खिलाफ 71 रन पर ऑल-आउट

### इतिहास में पंजाब का सबसे कम स्कोर

- 1978 में हरियाणा के विरुद्ध 42 रन पर ऑल-आउट
- 2025 में कर्नाटक के विरुद्ध 55 रन पर ऑल-आउट
- 2012 में मुंबई के विरुद्ध 59 रन पर ऑल-आउट

महिला क्रिकेट : अंडर-19 टी20

# भारत ने श्रीलंका को चटाई धूल



- 60 रनों से जीता मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत की वीमेंस अंडर-19 टीम ने कमाल कर दिया है। टीम इंडिया ने अंडर-19 वीमेंस टी20 विश्व कप 2025 के मुकाबले में श्रीलंका को बुरी तरह हरा दिया। भारत ने यह मुकाबला 60 रनों से जीत लिया। टीम इंडिया के लिए गोंगाडी तृशा ने कमाल की बैटिंग की। उन्होंने 49 रन बनाए। भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 119 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 58 रन ही बना सकी। भारत के लिए आयुषी शुक्ला ने एक विकेट लिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान के साथ 118 रन बनाए। इस दौरान तृशा और कमलिनी ओपनिंग करने पहुंची। लेकिन कमलिनी कुछ खास नहीं कर सकीं। वे पांच रन बनाकर आउट हुईं। जबकि तृशा ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाए। सनिका चाल्के खाता तक नहीं खोल पायीं। कप्तान निकी प्रसाद 11 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने दो चौके लगाए। मिथिला विनोद ने 16 रनों का योगदान दिया। जबकि जोशिथा ने 14 रन बनाए।

### इंडिया की लगातार तीसरी जीत

भारत ने वीमेंस अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। टीम इंडिया ने पहले मैच में वेस्टइंडीज को बुरी तरह हराया था। भारत ने यह मैच नौ विकेट से जीता था। इसके बाद उसने मलेशिया को 10 विकेट से रौंदा। अब टीम इंडिया ने श्रीलंका पर 60 रनों से जीत दर्ज की है।

### श्रीलंका का बुरा हाल

श्रीलंका की वीमेंस अंडर-19 टीम भारत के दिए लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन ही बना सकी। ओपनर संजना पांच रन बनाकर आउट हुईं। निसंसला खाता तक नहीं खोल पाईं। कप्तान मनुडी ननयकारा दो रन बनाकर आउट हुईं। हिरुनी हंसिका भी दो रन बनाकर आउट हुईं। इस दौरान भारत के लिए शबनम ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवरों में नौ रन देकर दो विकेट लिए। परुनिका और जोशिथा ने भी दो-दो विकेट लिए। आयुषी शुक्ला को एक विकेट मिला।

## एमसीए ने 14,505 गेंदों संग बनाया सबसे बड़ा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड'




**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने बृहस्पतिवार को वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया। भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के लिए एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई।

स्टेडियम भारतीय क्रिकेट के कुछ सुपरस्टार तैयार करने का स्थल भी रहा है, यहीं भारत ने 2011 में महान क्रिकेटर एमएस धोनी के नेतृत्व में अपना दूसरा 50 ओवर का विश्व कप खिताब जीता था।

एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया है।

## डी गुकेश भारत के नंबर-1 चेस प्लेयर



अर्जुन एरिगैसी को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। इस टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत से यह भारतीय खिलाड़ी लाइव रेटिंग में वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया। उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने लियोन ल्यूक मेंडोंका के साथ ड्रॉ खेला था। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञानंदा और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अब्दुसात्तोरोव ने एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया। पांचवें दौर के बाद प्रज्ञाननंदा और अब्दुसत्तोरोव दोनों चार-चार अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ उनसे केवल आधा अंक पीछे हैं। फेडोसीव ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना को हराया। एरीगैसी ने जहां हमवतन मेंडोंका से ड्रॉ खेला वहीं पी हरिकृष्णा भी गत चैंपियन चीन के वेई यी के खिलाफ अपने काले मोहरों से कुछ खास नहीं कर सके। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने जर्मनी की फ्रेडरिक स्वेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख नीदरलैंड की इरविन एल'एमी से हार गईं। वैशाली के 2.5 और दिव्या के 1.5 अंक हैं।

भारत-इंग्लैंड टी20

## पहले मुकाबले में अर्शदीप नें बनाया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज हो चुका है। प्रतिष्ठित सीरीज के पहले ही मुकाबले में दोनों टीमों की तरफ से कई खिलाड़ी प्रचंड लय में नजर आए। इस दौरान उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड भी बनाए। बात करें मैच के दौरान किन पांच खिलाड़ियों हस उपलब्धि हासिल की, तो वो कुछ इस प्रकार हैं।

### अर्शदीप सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

- अर्शदीप सिंह टीम इंडिया के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह खास उपलब्धि भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के नाम दर्ज थी। जिन्होंने टी20 में 96 विकेट चटकाए हैं। मगर पिछले मुकाबले में दो विकेट प्राप्त करते हुए टी20 में अर्शदीप के विकेटों की संख्या 97 हो गई है। देश के लिए उन्होंने अबतक कुल 61 मैच खेले हैं। इस बीच उनको 61 पारियों में 17 ।91 की औसत से 97 सफलता हासिल हुई है। यहां उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन नौ रन खर्च कर चार विकेट है।
- 97 विकेट - अर्शदीप सिंह
- 96 विकेट - युजवेंद्र चहल
- 90 विकेट - भुवनेश्वर कुमार
- 89 विकेट - जसप्रीत बुमराह
- 89 विकेट - हार्दिक पंड्या

## गुजरात के सिद्धार्थ देसाई ने चटकाए नौ विकेट

रणजी मैच में हैरान करने वाला कमाल



**गुजरात।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 में गुजरात के लिए खेल रहे स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने उत्तराखंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में नौ विकेट लेकर कमाल कर दिया। रणजी के दूसरे चरण की शुरुआत आज (23 जनवरी) से हुई, जिसमें चारों तरफ सिद्धार्थ देसाई का नाम गूंज रहा है। सिद्धार्थ ने गुजरात के लिए एक पारी में बेस्ट बॉलिंग फिगर अपने नाम कर लिए। सिद्धार्थ ने पहली पारी के दौरान 15 ओवर फेंके, जिसमें पांच मेडन रहे। इस दौरान उन्होंने 2 ।40 की इकॉनमी से 36 रन खर्च कर नौ विकेट चटकाए। इससे पहले गुजरात के लिए फर्स्ट क्लास मैच की एक पारी में किसी भी गेंदबाज ने नौ विकेट नहीं चटकाए। इससे पहले गुजरात के लिए फर्स्ट क्लास की एक पारी में बेस्ट बॉलिंग फिगर का रिकॉर्ड राकेश वीनुभाई के नाम पर दर्ज था, जिन्होंने 2012 में 8/31 का बॉलिंग फिगर हासिल किया था। इसके अलावा यह एक पारी में रणजी ट्रॉफी के इतिहास का तीसरा बेस्ट बॉलिंग फिगर है।

# मनोरंजन

## लाल साड़ी में मलाइका ने लूट ली महफिल



मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर हमेशा से सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद बॉलीवुड डीवा अपनी लाइफ में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में उनकी एक बार फिर एक्स बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से मुलाकात हुई है। मलाइका दोस्त सीमा सिंह की बेटी मेघना सिंह की सगाई में पहुंची थीं। इंगेजमेंट सेरेमनी में मलाइका रेड कलर की साड़ी पहनकर पहुंची थीं। इस साड़ी नें वो बला की खूबसूरत लग रही थीं। मलाइका के लुक से किसी की नजर ही नहीं हट रही है। जहां मलाइका अपने लुक के कहर ढा रही थीं वहीं अर्जुन कपूर ने भी ब्लैक सूट पहना था। वो भी काफी हैंडसम लग रहे थे। मलाइका के लुक की खूब तारीफ हो रही है। फैंस उनकी फोटोज और वीडियो पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। मलाइका के लुक की बात करें तो उन्होंने रेड प्लेन साड़ी के साथ प्लंगिंग ब्लाउज और स्टेटमेंट ज्वैलरी कैरी की थी। ओपन हेयर और हाथों में बैंगिल्स में मलाइका बहुत ज्यादा प्यारी लग रही थीं। उनकी वीडियो पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-उन्हें अक्सर साड़ी पहननी चाहिए। वहीं दूसरे ने लिखा- रेड हॉट वुमेन। एक ने लिखा- इतने टाइम में आज सुंदर लग रही है। वहीं कुछ फैंस फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। मलाइका और अर्जुन को हाल ही में लीलावती अस्पताल में साथ देखा गया था। दोनों सैफ अली खान से मिलने के लिए गए थे। मलाइका और अर्जुन दोनों ही कपूर सिस्टर्स के साथ खास बॉन्ड शेयर करते हैं। बता दें मलाइक और अर्जुन ने साल 2018 से डेट करना शुरू किया था। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ रोमांटिक फोटोज भी शेयर करते रहते थे। मलाइका और अर्जुन की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती थीं। इस कपल का रिश्ता साल 2024 में खत्म हो गया है। ब्रेकअप के बाद भी अर्जुन हमेशा मुश्किल समय में मलाइका के साथ खड़े रहे हैं।

### ब्रेकअप के बाद फिर एक्स अर्जुन से मुलाकात

## लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सिंगर मोनाली ठाकुर की बिगड़ी तबीयत



मशहूर प्लेबैक सिंगर मोनाली ठाकुर की लाइव परफॉर्मेंस के दौरान अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके बाद मोनाली ने शो छोड़ा और तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वो दिनहाटा फेस्टिवल में परफॉर्म कर रही थीं। पहले मोनाली को दिनहाटा के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया था। फिर उन्हें कूचबिहार शहर के निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। कुछ समय बाद जब मोनाली को ठीक महसूस हुआ तब वो अस्पताल से डिस्चार्ज हुईं। जानकारी के मुताबिक, दिनहाटा फेस्टिवल पश्चिम बंगाल के इसी शहर में हो रहा है। मंगलवार की रात फेस्टिवल की सबसे बड़ी हाईलाइट मोनाली थीं। उनके इंतजार में कूचबिहार और दिनहाटा के फैंस शाम से खड़े थे।

फेसबुक पर मोनाली का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वो गाते-गाते बेहोशी की हालत में दिख रही हैं। गाना गाते हुए वो अचानक से रुक जाती हैं। वो अपने फैंस से माफी मांगते हुए कहती हैं वो बीमार हैं। इसलिए आगे परफॉर्म नहीं कर पाएंगी। शो रद्द होने की कगार पर है। उनकी बहन मेहुल ठाकुर ने मीडिया को बताया कि मोनाली बीमारी के बावजूद परफॉर्म करने आई थीं। महीनों से वो अलग-अलग राज्यों में शोज कर रही हैं। इस वजह से वो बीमार पड़ गई थीं। मंगलवार को वो छोटे प्लेन से कूचबिहार गई थीं। तभी उन्होंने अनकंफर्टेबल फील करना शुरू कर दिया था। क्योंकि प्लेन के अंदर एयर प्रेशर को कंट्रोल करने वाले उपकरण नहीं थे। उनका माइग्रेन शुरू हो गया था। जैसे तैसे वो डेस्टिनेशन पर पहुंचीं, लेकिन परफॉर्म करने से पहले बीमार पड़ गई थीं। इसलिए वो स्टेज से उतरीं। मेहुल ने बताया कि मोनाली मुंबई लौट रही हैं। वो कुछ दिनों के लिए रेस्ट करेंगी। मोनाली पिछले साल 11 दिसंबर में च चा म ... आ ई थीं। तब उन्होंने वाराणसी कॉन्सर्ट मिस मैनेजमेंट की वजह से बीच में छोड़ दिया था। मोनाली ने कॉन्सर्ट पूरा न करने के लिए ऑडियंस से माफी मांगी थी। वायरल वीडियो में सिंगर ने स्टेज से मैनेजमेंट कंपनी को सही इंतजाम ना करने के लिए लताड़ लगाई थी।

## प्रयागराज पहुंचे अनुपम खेर, त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी



फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। गंगा स्नान करते वक्त अनुपम इमोशनल हो गए। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। उन्होंने वीडिया शेयर कर बताया कि उन्होंने जिंदगी में पहली बार त्रिवेणी संगम में स्नान किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी बताया कि पिछले साल इसी दिन इसी तरह उनकी आंखों से आंसू निकले थे। क्यों? आइए बताते हैं। अनुपम खेर ने स्नान का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, "महाकुंभ में गंगा स्नान करके जीवन सफल हुआ !! पहली बार उस स्थान पर पहुंच के मंत्र उच्चारण किए जहां मां गंगा, जमुना जी और सरस्वती जी का संगम होता है! प्रार्थना करते करते आंसू स्वयं ही आंखों से बहने लगे। संयोग देखिए! ऐसा ही ठीक एक साल पहले आज ही के दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठान के दिन हुआ था! सनातन धर्म की जय।" याद दिला दें, 22 जनवरी 2024 को जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तब अनुपम खेर भी उसमें शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि वह प्रयागराज आकर बहुत खुश हैं। उन्होंने प्रयागराज की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण की भी तारीफ की। उन्होंने इसका श्रेय प्रशासन के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया।

## बोल्ड छवि फायदा या नुकसान! खुलकर बोलीं तृप्ति डिमरी



तृप्ति डिमरी का नाम उन एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार है, जिनके रोल ने उन्हें नेशनल क्रश बना दिया था। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' में उनकी भूमिका को पसंद किया गया। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सफल भी साबित हुई। इसके बाद एक्ट्रेस के करियर ने नया मोड़ लिया और उन्हें एक से बढ़कर एक बिग स्टारर मूवीज का ऑफर मिलना शुरू हो गया। उन्होंने अपने किरदारों को लेकर खुलकर बात की है। तृप्ति डिमरी इन दिनों 'धड़क 2' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे। 'एनिमल' के बाद भी तृप्ति ने कई आइटम सॉन्ग में किसिंग सीन दिए हैं। इसके बाद लोगों के बीच उनकी बोल्ड छवि बन गई है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपने बोल्ड सीन्स को लेकर खुलकर बात की है। इंटरव्यू में तृप्ति से 'एनिमल' और 'बैड न्यूज' जैसी फिल्मों के बाद उनकी ओवर-सेक्सुअलाइज्ड छवि से जुड़ा सवाल किया गया। इसका जवाब में एक्ट्रेस का कहना है कि अगर उन्हें कोई कोई रोल या कहानी पसंद आती है तो वह उसमें अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हैं। फिर चाहे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल हो पाए या नहीं। उनका मानना है कि हर काम में अपनी पूरी ताकत लगानी चाहिए। तृप्ति ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा, 'मैंने अपने करियर में यही सीखा है कि कुछ फिल्में काम करती है और कुछ नहीं। हम हमेशा सभी को पसंद नहीं आ सकते हैं। कुछ लोगों को आप पसंद आते हैं और कुछ को नहीं। मुझे इन सभी चीजों से फर्क नहीं पड़ता है। मैं दिमाग से नहीं, हमेशा दिल से सोचकर फैसले लेती हूं।'

## क्या 'पंचायत 4' में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन?



किसी भी सुपरस्टार का फैन-फेवरेट शो में आना हमेशा देखने लायक होता है। ऐसे में सोचिए जरा, जब अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में शामिल होंगे तो कैसा दिलचस्प माहौल होगा। लोकप्रिय वेब सीरीज 'द वायरल फीवर' के निर्माता ने शो के कलाकारों के साथ बिग बी की कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिससे तुरंत यूजर्स के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने निर्माताओं से छिपी हुई कहानी के बारे में पूछा कि वे बहुप्रतीक्षित सहयोग को कब देखने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, बच्चन ने कुछ ही समय में अपने सोशल मीडिया पेजों पर साझा किए गए एक वीडियो के साथ सभी सवालों का जवाब दे दिया। अगर आप सोच रहे हैं कि 'पंचायत 4' में अमिताभ बच्चन नजर आएंगे तो नहीं, यह पंचायत एपिसोड नहीं है, बल्कि दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने का एक संयुक्त प्रयास है। दिग्गज स्टार ने चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जो प्राइम वीडियो सीरीज में विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में वह किसी जॉब ऑफर के बारे में एक धोखाधड़ी कॉल लेते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन सही समय पर बिग बी फ्रेम में आते हैं और उन्हें साइबर अपराध का शिकार होने से बचाते हैं। इस बीच टीवीएफ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर अभियान की बीटीएस तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में। छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात।



# पर्यटन हब के रूप में विकसित होगा भरतपुर

बजट घोषणाओं को लागू कर रही सरकार : शर्मा

▶▶ पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी व भरतपुर शहर के विकास की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण

▶▶ भरतपुर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिए सुझाव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भरतपुर में ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सौन्दर्यकरण एवं सुव्यवस्थित विकास कार्य करवाये जा रहे हैं ताकि भरतपुर को पर्यटन स्थल के हब के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में हमारी सरकार ने पहले बजट में भरतपुर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर की बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग सभी बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन के कार्य किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के बाद आगे की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि इन विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए धरातल पर शीघ्र मूर्तरूप देने के निर्देश दिए।

### अधिकतम बजट घोषणाओं में भूमि

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में भरतपुर से शुरुआत करते हुए प्रदेश में पहली बार सभी कार्यालयों को एक स्थान पर लाने के लिये कर्मशिला भवन का नवाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है तथा शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाए।

### आमजन को सुलभ सुविधाएं

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में आमजन को सुलभ सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए घोषणाएं की हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं में शामिल हीरादास-कुम्हेर गेट फ्लाई ओवर, काली बगीची-आरबीएम अस्पताल फ्लाई ओवर निर्माण जल्द किया जाए।

### इनकी रही उपस्थिति

■ इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक बहादुर सिंह कोली एवं डॉ. शैलेष सिंह, डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, भरतपुर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

### गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित हो विरासत का रखरखाव व संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी विरासत का रखरखाव व संरक्षण गुणवत्ता के साथ हो, इसके लिए पर्यटन महत्व के कार्यों को समय पर पूरा करायें। उन्होंने निर्देश दिए कि गिर्राज कैनाल, भरतपुर का पुनरोद्धार एवं सौन्दर्यकरण तथा सुजानगंगा के रिवाईवल हेतु डीपीआर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही, उन्होंने गोविन्द स्वामी पेनोरमा, श्री गोकुला जाट पेनोरमा, राजा खेमकरण पेनोरमा के निर्माण से संबंधित निविदा कार्य को पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि वैर के सफेद महल, प्रताप फुलवारी एवं प्रताप नहर सहित किले की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण, भरतपुर किले के आस-पास क्षेत्र में सौन्दर्यकरण एवं उन्नयन कार्य शुरू किए गए हैं।

विपक्ष के आरोपों पर डिप्टी सीएम का जवाब

# वापस नहीं लेंगे लाड़की बहिन योजना की धनराशि : पवार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बृहस्पतिवार को लाड़की बहिन योजना को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लाड़की बहिन योजना के तहत वितरित धनराशि की वसूली नहीं की जाएगी। पिछले दिनों विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार लाड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की सूची में कटौती करेगी। इसके बाद अपात्रों से धनराशि की कटौती की जाएगी और योजना को बंद कर देगी। इस पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि पिछली बार हमारे पास संभावित लाभार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सीमित समय था। हम हर लाभार्थी के आधार कार्ड को योजना से जोड़ना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस बार लाभार्थियों के आधार कार्ड को योजना से लिंक किया जाएगा। मगर लाभार्थियों से पैसे की कोई वसूली नहीं की जाएगी।

### शरद पवार के साथ साझा किया मंच

पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अजित पवार ने एनसीपी (शरद) के प्रमुख शरद पवार के साथ मंच साझा किया। शरद पवार से हुई चर्चा को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि हमने चीनी से जुड़े मामलों पर बात की। सहकारिता, आबकारी, कृषि और बिजली विभाग चीनी कारोबार से जुड़े हैं। हमने वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कृषि विभाग के कामकाज की समीक्षा की और सरकारी योजनाओं के संभावित दुरुपयोग को उजागर किया। अजित पवार ने कहा कि जब सरकार लोगों के लाभ के लिए योजनाएं शुरू करती है, तो हमेशा कुछ बेईमान तत्व इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। ऐसा ही मामला एक रुपये की फसल बीमा योजना के साथ भी हुआ है। इससे पहले महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा था कि किसानों के लिए एक रुपए की फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताएं हैं। लाभ प्राप्त करने के लिए पूजा स्थलों तक को कृषि भूमि के रूप में दिखाया गया है। प्रभारी मंत्रियों को लेकर शिवसेना और एनसीपी के बीच टकराव पर पवार ने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी अपने कैबिनेट सहयोगियों को सौंपना मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) का विशेषाधिकार है। दावोस से लौटने के बाद वह इस पर फैसला लेंगे।

### महिलाओं को मिलता योजना का लाभ

■ 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई लाड़की बहिन योजना आर्थिक रूप से वंचित वर्गों की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए का मासिक भत्ता प्रदान करती है। महाराष्ट्र में योजना के 2.43 करोड़ से अधिक लाभार्थी हैं। इससे राज्य के खजाने पर हर महीने लगभग 3,700 करोड़ रुपए का बोझ पड़ता है। पिछले साल महाराष्ट्र चुनाव में महायुति की जीत का श्रेय लाड़की बहिन योजना को दिया गया था।

## डीईओ के पास दो करोड़ कैश मिले

**पटना।** बिहार के बेतिया में गुरुवार को विजिलेंस टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के घर पर छापेमारी की। इस दौरान तलाशी में 2 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद किया गया। शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए रजनीकांत प्रवीण को सस्पेंड कर दिया है। छापेमारी में मिले पैसों को गिनने के लिए विजिलेंस टीम को मशीनें मंगवानी पड़ी। तीन घंटे से ज्यादा समय से उनके घर पर छापेमारी चली। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने चहेते ठेकेदारों को ही काम दिया। इसके अलावा, उन पर कई शिक्षकों ने भी भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं।



■ बेतिया : शिक्षा विभाग ने किया सस्पेंड

उद्धव को उपमुख्यमंत्री शिंदे ने चेताया

# हमें कोसना बंद करो, वरना दो पर सिमट जाओगे



आत्मचिंतन और आत्म मंथन की दी सलाह



**ठाणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को चेतावनी दी कि अगर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (उबाठा) ने उनकी पार्टी शिवसेना और सत्ताधारी महायुति की आलोचना बंद नहीं की तो उद्धव टीम मौजूदा 20 में से केवल दो विधायक ही शेष बचेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में शिवसेना (उबाठा) को करारा जवाब दिया और अब समय आ गया है कि वह आत्ममंथन करें। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर उन्हें और अपने गुरू आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देने के लिए 'आनंद आश्रम' के दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा उप मुख्यमंत्री ने इतर पत्रकारों से बातचीत में यह भी कहा कि अन्य राज्यों में भी शिवसेना की मांग बढ़ रही है।
उन्होंने कहा, 'पहले दिन से ही विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए), खासकर शिवसेना (उबाठा) मेरी और महायुति की आलोचना कर रही है, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया और राज्य के नागरिकों ने उन्हें करारा जवाब दिया तथा उन्हें उनकी जगह दिखा दी। अगर ऐसा ही रहा तो वे 20 में से 0 (शून्य) खो देंगे और दो शेष रह जाएगा।' शिंदे ने कहा, "अब समय आ गया है कि वे आत्मचिंतन और आत्ममंथन करें।"

### दूसरे राज्यों में भी शाखाएं खोलेगी शिवसेना

एकनाथ शिंदे ने कहा, "हाल के दिनों में विपक्षी दलों, खासकर शिवसेना (यूबीटी) के कई कार्यकर्ता और नेता हमारी शिवसेना में शामिल हुए हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।" उन्होंने कहा, "दूसरे राज्यों से भी कुछ कार्यकर्ता और नेता शिवसेना में शामिल हुए हैं और कुछ अन्य राज्यों में भी शिवसेना की मांग बढ़ रही है। शिवसेना बढ़ रही है...आने वाले दिनों में यह अन्य राज्यों में भी अपनी शाखाएं खोलेगी।"

### बालासाहेब के सिद्धांतों से समझौता नहीं

शिंदे ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी बाल ठाकरे की जयंती बड़े पैमाने पर मनाई जा रही है। उन्होंने कहा, "हम अगले साल उनकी जन्म शताब्दी मनाएंगे।" उन्होंने कहा, "शिवसेना ने बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों और आनंद दिघे की शिक्षाओं से कभी समझौता नहीं किया है और न ही कभी करेगी। यही कारण है कि कार्यकर्ता शिवसेना को प्राथमिकता देते हैं।" उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए कार्यक्रमों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि शिवसेना की युवा शाखा ने आने वाले दिनों में कॉलेजों में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है और यह राज्य के हर घर तक पहुंचकर लोगों को महायुति सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएगी।

# राजस्थान : पीकेसी लिंक परियोजना का बदला नाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा ऐलान किया है। सीएम ने राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना का बदल दिया है। अब इस परियोजना को 'रामजल सेतु लिंक परियोजना' के नाम से जाना जाएगा। रामजल सेतु लिंक परियोजना के नामकरण के बाद इसके पोस्टर का विमोचन भी किया गया है। रामसेतु जल परियोजना के पूर्ण होने पर प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि बीते साल आज के ही दिन 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे। भगवान श्रीराम ने सत्य की विजय के लिए समुद्र पर सेतु बनाकर एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ने का काम किया था। भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनसे प्रेरणा लेते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान और मध्य प्रदेश को सुजलाम सुफलाम बनाने के लिए नदियों को जोड़ने की यह महत्वाकांक्षी परियोजना लाई गई है।

■ अब 'रामजल सेतु' के नाम से पहचानी जाएगी



### राजस्थान और मध्य प्रदेश के लिए अहम परियोजना

सीएमआर में आयोजित संक्षिप्त समारोह में सीएम ने कहा कि बीते साल 17 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संशोधित पीकेसी परियोजना के एमओए के अवसर पर पार्वती, काली सिंध और चंबल नदियों का जल रामसेतु जल संकल्प कलश में प्रवाहित किया गया था। यह परियोजना राजस्थान और मध्य प्रदेश के लिए बेहद अहम है। इससे दोनों प्रदेशों की बड़ी आबादी को फायदा मिलेगा।

### 3.25 करोड़ आबादी को पीने का पानी मिलेगा

इस परियोजना के राजस्थान के 17 जिलों की 3.25 करोड़ आबादी को पीने का पानी मुहैया करवाया जाएगा। वहीं प्रदेश के 25 लाख किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनको लगभग 4 लाख हैक्टेयर जमीन की सिंचाई करने के लिए भी पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना के जरिए बनास, मोरेल, बांणगंगा, रूपारेल, पार्वती, गंभीर और साबी नदियों को पुनर्जीवित कर भूजल का पुनर्भरण किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

समारोह में जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत, गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकारसिंह लखावत, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विधायक बहादुरसिंह कोली, डॉ. शैलेष सिंह, डॉ. सुभाष गर्ग सहित वरिष्ठ अधिकारी जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जलगांव रेल हादसा : मृतकों में चार नेपाली

**मुंबई।** जलगांव रेल हादसे में मारे गए 13 लोगों में से चार लोग नेपाल के रहने वाले थे। वहीं एक नेपाली व्यक्ति को क्षत-विक्षत शरीर के अंगों से अपने परिवार के लोगों की पहचान भी करनी पड़ रही है, जिससे वे सदमे में हैं। बता दें कि, लच्छीराम खतरू पासी नेपाल के रहने वाले चार लोगों में से एक थे, जिनकी मौत 13 अन्य लोगों के साथ उस समय हुई, जब मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री, जो चेन-पुलिंग की घटना के बाद ट्रेन से उतर गए थे।

■ साथी और रिश्तेदारों ने सुनाई भयावह घटना की आपबीती

# सेना से रिटायर गार्ड बना शैतान

## पत्नी के टुकड़े कर कुकर में उबाला

**हैदराबाद।** यहां मानवता को झकझोर देने वाली घटना हुआ है। जहां एक शख्स का पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने का कहना है कि उसने पत्नी के शरीर के टुकड़े कर उन्हें कुकर में उबाला और फिर उन्हें झील में फेंक दिया। महिला के लापता होने की सूचना 16 जनवरी को थी और उसके माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस व्यक्ति पर हत्या के आरोप लगे हैं वह सेना से रिटायर है। वर्तमान में डीआरडीओ में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। गुरुमूर्ति ने करीब 13 साल पहले माधवी से शादी की थी और परिवार हैदराबाद के जिल्लेलागुडा में रहता है। जिस दिन हत्या हुई उस दिन दोनों के दो बच्चे अपनी बुआ से मिलने गए थे। बाद में उसने लापता होने का नाटक रचा और उसके माता-पिता को सूचित किया।

### सबूत मिटाने बाथरूम में किए टुकड़े

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए उसने अपने बाथरूम में उसके शरीर के टुकड़े किए। इसके बाद चूल्हे पर कुकर में टुकड़ों को उबाला। इसके बाद हड्डियों को अलग किया। इसके बाद मूसल से उन्हें पीसकर फिर से उबाला। तीन दिनों तक मांस और हड्डियों को पकाने के बाद उसने उन्हें एक बैग में पैक किया और उसे पास की एक झील में फेंक दिया।

# मूलचंद शाह के सामाजिक कार्यों को मिला सम्मान

**मुंबई।** भारतीय डाक विभाग ने अपने 150 वर्षों से अधिक की यात्रा में मानवीय संवेदनाओं के साथ एक भावनात्मक रिश्ता कायम किया है। यह विश्वास और सेवा की परंपरा डाक विभाग की सबसे बड़ी ताकत है, जो भारत के विकसित भविष्य में अहम योगदान देगा। यह विचार महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने महापेक्स 2025 के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर राज्यपाल के हाथों समाजसेवी मूलबंद शाह के जीवन और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित डाक टिकट का अनावरण किया गया। मूलचंद शाह ने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके जीवन पर आधारित डाक टिकट भारतीय समाज के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देने का एक प्रयास है। राज्यपाल ने कहा कि कृत्रिम प्रौद्योगिकी के कारण लेखन और गणना जैसे कौशल कम हो रहे हैं, ऐसे में ये पहल प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने नासिक की प्रसिद्ध पांडव लेणी पर आधारित सचित्र विरूपण का भी विमोचन किया।

▶▶ राज्यपाल राधाकृष्णन ने किया डाक टिकट का अनावरण



### '200 करोड़ लोग जल संकट से त्रस्त'

विश्व में 200 करोड़ लोग पीने के पानी के गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। जल योद्धा और पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडेय ने दावा किया है कि शुद्ध पानी नहीं मिलने के कारण रोजाना एक हजार बच्चों की जान चली जाती है। उन्होंने यह बातें मुंबई प्रेस क्लब में आयोजित भारतीय संस्कृति उत्सव-की प्रेस कॉन्फेस में कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य को रोजाना 3 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। पानी की कमी से कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो रही है। पृथ्वी पर मौजूद 71% पानी में से केवल 2.5% ही पीने योग्य है। जल स्तर में गिरावट चिंता की बात है।

हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला में बोले भैयाजी

# 'अहिंसा के विचार की रक्षा करने कभी-कभी हिंसा जरूरी'

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक भैयाजी जोशी गुजरात यूनिवर्सिटी में आयोजित हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा आवश्यक होती है। उन्होंने जोर दिया कि भारत को शांति के रास्ते पर सभी को साथ लेकर चलना होगा। समारोह को संबोधित करते हुए भैयाजी जोशी ने कहा, "हिंदू अपने धर्म की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम करने होंगे जिसे दूसरे लोग अधर्म करार देते हैं। ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे।" उन्होंने कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों को ताक पर रख दिया था।



### शांति के रास्ते पर साथ लेकर चलना होगा

भारत के लोगों को शांति के रास्ते पर सभी को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि जो सभी को साथ लेकर चलने में सक्षम है, वही शांति स्थापित कर सकता है। अगर कोई धर्म दूसरों को उनके संबंधित धर्मों का पालन करने की अनुमति नहीं देता तो कहीं भी शांति नहीं होगी। भारत के अलावा कोई ऐसा देश नहीं है, जो दूसरों को साथ लेकर चलने में सक्षम हो।

खाद्य सुरक्षा योजना

# गेहूं लेने वाले अपात्र लोगों को चेतावनी

**जैसलमेर।** जिले में खाद्य सुरक्षा के तहत गेहूं लेने वाले अपात्र लोगों की जल्द ही पोल खुलने वाली है। इसके लिए रसद विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग का गिवअप अभियान अभी जारी है। अपात्र लोग अभी स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं, इसके बाद विभाग की ओर से उनसे वसूली की जाएगी। यह अभियान विभाग की ओर से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। जिला रसद अधिकारी रामसिंह मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में इसके बाद विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा से जुड़े उपभोक्ताओं की जांच की जाएगी। यह जांच ऑनलाइन माध्यम से होगी। इसमें उपभोक्ताओं के बैंक खाते और परिवहन विभाग आदि से जानकारी जुटाई जाएगी।



# राज्यपाल ने सीकर में ली जिला समीक्षा बैठक

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को सीकर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी अधिकारियों की है ताकि सभी पात्र व्यक्ति इसका लाभ उठा सकें। राज्यपाल ने जल जीवन मिशन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र गरीब परिवार आवास से वंचित न रहे। साथ ही स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण के कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एक पेड़ मां के नाम अभियान, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फॉर्म रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए।



■ विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले : बागडे




■ मुंबई। लीलावती अस्पताल ने मेयो क्लिनिक, यूएसए के साथ मिलकर मुंबई में 300 बिस्तरों वाले एक नए कैंसर देखभाल संस्थान की स्थापना की घोषणा की है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर, सूचना और प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक, लीलावती अस्पताल की संस्थापक और स्थायी ट्रस्टी चारू मेहता, लीलावती अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी राजेश मेहता, लीलावती अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी प्रशांत मेहता, लीलावती अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी राजीव मेहता उपस्थित थे।

# यूपी एसटीएफ के निशाने पर 40 गैंग

**256 बदमाशों की सूची तैयार**

**लखनऊ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा में सक्रिय 40 गिरोहों के 256 सदस्य अब एसटीएफ और पुलिस के रडार पर हैं। मुकीम काला और मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग के चार सदस्यों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यह कार्रवाई तेज की गई है। ये गिरोह शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मेरठ, और हरियाणा के पानीपत, सोनीपत, रोहतक, हिसार, करनाल, यमुनानगर, झज्जर आदि जिलों में लूट, हत्या, और चोरी जैसी वारदातों में संलिप्त हैं। स्थानीय पुलिस के सहयोग से इन अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष योजना तैयार की गई है, जिसमें उनके ठिकानों पर छापेमारी शामिल है। प्रमुख सक्रिय गिरोहों में सुशील, संजीव जीवा, मुकीम काला, अनिल दुजाना, सुंदर भाटी, लॉरेंस बिश्नोई, संपत नेहरा, काला जठेडी, और सुनील राठी के नाम शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि कई अपराधी देहरादून और शिमला में किराए पर कमरा लेकर शरण ले रहे हैं, जबकि कुछ हरियाणा के करनाल और पानीपत में भी छिपते हैं। पुलिस ने ऐसे 32 शरणदाताओं की पहचान की है।